Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश

बड़े मंच का बड़ा खिलाड़ी ! दबाव बढ़ते ही और खतरनाक हो जाते हैं 'बेबी बॉस'

पंजाब में अगली सरकार भाजपा की बनेगी, लुधियाना से नितिन नवीन का आह्वान

शुक्ल पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • मंगलवार • 23 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 201 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 1,34,300	₹ 2,50,000



आज का इतिहास

2012 : एस्टन ईटन ने अमेरिकी ओलंपिक परीक्षण में डेक्थलान में विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

1996 : शेख हसीना वाजेद ने बंगलादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

न्यूज बाइट्स

बिहार से बाहर भी भेजी जा सकेगी बालू

पटना (नि.सं.) ।, सरकार ने दी बिक्री और परिवहन की अनुमति

पटनाः बिहार सरकार ने बालू कारोबार से जुड़े लाइसेंसधारियों को बड़ी राहत देते हुए राज्य से बाहर अन्य राज्यों में बालू की बिक्री और परिवहन की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही बालू भंडारण लाइसेंसधारियों को दूसरे राज्यों के लिए भी ई-चालान जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खान एवं भूतत्व विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। नई व्यवस्था 26 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि में बालू स्टॉक लाइसेंसधारी बिहार से बाहर बालू भेज सकेंगे और दूसरे राज्यों के लिए ई-चालान भी जारी किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस निर्णय से बालू कारोबार को गति मिलेगी और कारोबारियों को लंबे समय से चली आ रही मांग पर राहत मिलेगी। खान एवं भूतत्व विभाग के अनुसार, बालू भंडारण लाइसेंसधारी लगातार राज्य से बाहर बिक्री पर लगी रोक हटाने की मांग कर रहे थे। इस मामले की समीक्षा के लिए गठित विभागीय समिति ने दूसरे राज्यों के लिए भी ई-चालान जारी करने की अनुशंसा की थी, जिसके आधार पर यह निर्णय लिया गया।

बिहार में 6800 खेल मैदानों को मिली स्वीकृति

पटना (नि.सं.) । ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां एक ही दिन में 6800 खेल मैदानों की स्वीकृति दी गई। इनमें से करीब 6 हजार खेल मैदानों का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है। विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम के तहत आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग ने गांवों में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जो आज पूरे देश के लिए मॉडल बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को विभिन्न योजनाओं के लिए कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं और अन्य राज्यों ने भी यहां के विकास मॉडल को अपनाया है।

लखनऊ अग्निकांड कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी परिसर में आग लगने से हुआ बड़ा हादसा

15 की मौत, कई लोग घायल

पढ़ाई के सपनों पर आग का कहर, लखनऊ हादसे ने छीन ली 15 परिवारों की खुशियां

निज संवाददाता | लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और 12 पुरुष शामिल बताए जा रहे हैं। अधिकांश मृतक छात्र हैं, जो इमारत की दूसरी मंजिल पर संचालित लाइब्रेरी एवं कोचिंग सेंटर में मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, आग दोपहर करीब 2:15 से 3 बजे के बीच लगी और देखते ही देखते पूरी इमारत में फैल गई।

इमारत के बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल पर पेट शॉप एवं क्लीनिक संचालित थे, जबकि दूसरी मंजिल पर 'लर्निंग स्पेस' नामक लाइब्रेरी और एक स्टूडियो संचालित हो रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग और धुएं से घिरने के बाद कई छात्रों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों और बालकनी से छलांग लगा दी। कुछ छात्रों ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया था ताकि धुएं से बच सकें। एक छात्र पहली मंजिल से कूदकर नीचे लगी लोहे की ग्रिल पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को भी लगाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने इमारत के पीछे की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया। कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिस इमारत में आग लगी, वहां पर्याप्त आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट) की व्यवस्था नहीं थी। हादसे के बाद कोचिंग संस्थानों और व्यावसायिक भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

आग की चपेट में आकर 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भेजा गया है। इनके साथ ही बड़ी संख्या में कुत्ते और बिल्लियों की मौत हुई है।

शॉर्ट सर्किट बना आग लगने की वजह

चश्मदीद के मुकाबिक बिजली के खंभे में हुए शॉर्ट सर्किट के बाद आग तेजी से ऊपर की ओर फैल गई और पूरे भवन में धुआं भर गया। पेट शॉप में काम करने वाले एक कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने कुछ जानवरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन कई पालतू जीव अभी भी अंदर फंसे हैं। वहीं इस मामले में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों और एंबुलेंस की व्यवस्था कर दी गई है तथा धुएं के कारण बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

पीएम ने जताया दुख, दो-दो लाख की मदद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से बहुत दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, बसपा अध्यक्ष मायावती, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दुख जताया है।

दौरा छोड़कर लौटे योगी

योगी आदित्यनाथ ने कहा- लखनऊ में आग लगने की घटना में कुछ बच्चे फंस गए थे, जिससे उनकी दुखद मौत हो गई। प्रशासन राहत कार्यों में लगा हुआ है, लेकिन इस दुखद घटना के कारण मुझे तुरंत लखनऊ लौटना पड़ रहा है। जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया है, उनके प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) को खुद घटनास्थल का दौरा करने के कड़े निर्देश दिए।

अनन्या सिंह समेत 14 आईएएस अधिकारियों का तबादला

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने प्रशासनिक महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए 14 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों का तबादला एवं नई पदस्थापना की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारियां संभालने का निर्देश दिया गया है। इस प्रशासनिक फेरबदल में कई पूर्व जिलाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जबकि विभिन्न विभागों में अतिरिक्त प्रभार देकर प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया है। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर को नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं सिविल विमानन विभाग के विशेष सचिव निलेश रामचंद्र देवरे को नगर विकास एवं आवास विभाग में विशेष सचिव का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक को स्थानांतरित कर बिहार राज्य दुग्ध सहकारी संघ (कम्फेड/सुधा डेयरी) का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। वे अपने अन्य अतिरिक्त प्रभारों का भी निर्वहन करते रहेंगे। दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल को बिहार राज्य पथ विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

औरंगाबाद की उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह को जीविका में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें मनरेगा आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। राजस्व परिषद के सचिव को पूर्णिया नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि पूर्णिया नगर निगम के नगर आयुक्त कुमार मंगलम को स्थानांतरित कर राजस्व परिषद का सचिव नियुक्त किया गया है। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत पूर्णिया, गया और बिहारशरीफ के नगर आयुक्तों का तबादला कर उन्हें विभिन्न विभागों एवं सचिवालय में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। वहीं मुजफ्फरपुर, भागलपुर और औरंगाबाद के उप विकास आयुक्तों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश लाल को कृषि विभाग में निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार के इस प्रशासनिक फेरबदल को शासन-प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा विभिन्न विभागों में बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

भागलपुर के पूर्व जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी को बिहार राज्य विद्युत संचरण कंपनी लिमिटेड (बीएसपीटीसीएल) का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही उन्हें नगर विकास एवं आवास विभाग में विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

चीनी उद्योग के विस्तार पर सरकार का फोकस, बंद मिलों के पुनर्जीवन का निर्देश

नौ बंद मिलें होंगी पुनर्जीवित, 25 नई मिलें लगेंगी

- रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने की तैयारी
- मुख्यमंत्री ने दिए तेजी से काम करने के निर्देश

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में गन्ना उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने राज्य के चीनी उद्योग को पुनर्जीवित करने, निवेश बढ़ाने और गन्ना किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग की योजनाओं, राज्य में चीनी मिलों की वर्तमान स्थिति, गन्ना उत्पादन और बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति-2026 की जानकारी दी। साथ ही 9 बंद चीनी मिलों के पुनर्जीवन तथा 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रैयाम, सकरी, सासामुसा, मधौरा, मोतीपुर, समस्तीपुर, चकिया, चनपटिया और मोतिहारी स्थित बंद चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और गन्ना किसानों को भी सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने चंपारण को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में विकसित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि गन्ना उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के साथ किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने, निवेशकों को प्रोत्साहित करने तथा चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार किसानों की समृद्धि, औद्योगिक विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समीक्षा बैठक में गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ओलावृष्टि से प्रभावित 3.96 लाख किसानों को खातों में भेजे गए 200 करोड़ रुपये

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को रबी सीजन 2025-26 के दौरान आंधी-तूफान, असामयिक बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत देते हुए कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत 3.96 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से 200 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि हस्तांतरित की। यह राशि लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' से ऑनलाइन जारी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण असामयिक वर्षा, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे समय में सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कृषि इनपुट अनुदान योजना केवल आर्थिक सहायता देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों में आत्मविश्वास पैदा करने और उन्हें दोबारा खेती के लिए सक्षम बनाने का भी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मार्च 2026 के तीसरे और चौथे सप्ताह में आई प्राकृतिक आपदा से सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, अररिया, बेगूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, किशनगंज, खगड़िया, मधुबनी, सुपौल और भागलपुर सहित 13 जिलों में फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ था। इसके बाद प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग ने 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए, जबकि कृषि विभाग के अनुरोध पर 60.71 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई। इस प्रकार किसानों की सहायता के लिए कुल 260.71 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

अनुदान से दोबारा खेती शुरू करने में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को सुरक्षित एवं टिकाऊ बनाने तथा प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अनुदान राशि प्रभावित किसानों को दोबारा खेती शुरू करने में मदद करेगी और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सरकारी जमीन पर फर्जी जमाबंदी पर लगेगी रोक

दाखिल-खारिज से पहले होगा ऑनलाइन वेरिफिकेशन

- राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश किए जारी

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने सरकारी जमीनों पर फर्जी जमाबंदी और अवैध दाखिल-खारिज पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य में हर दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) आवेदन का ऑनलाइन सत्यापन और सरकारी भूमि अभिलेखों से मिलान अनिवार्य होगा। इसके बाद ही आवेदन का निष्पादन किया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सोमवार को सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर गलत तरीके से जमाबंदी कायम होने की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता है।

इसके लिए प्रत्येक आवेदन का सरकारी भूमि सूची से मिलान सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने बताया कि बिहार भूमि पोर्टल के ई-जमाबंदी मॉड्यूल में सरकारी भूमि के डिजिटलीकरण, प्रविष्टि और सत्यापन की तकनीकी व्यवस्था पहले से उपलब्ध है। खतियान और सरकारी भूमि पंजी के आधार पर चिह्नित सरकारी जमीनों की सूची अंचल अधिकारियों के लॉगिन में उपलब्ध करा दी गई है, जिससे आवेदन के निष्पादन से पहले संबंधित भूमि का ऑनलाइन सत्यापन आसानी से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विभागीय समीक्षा में यह पाया गया है कि कुछ स्थानों पर दाखिल-खारिज के मामलों में सरकारी भूमि के अभिलेखों का नियमित मिलान नहीं किया जा रहा था। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अंचल अधिकारियों को स्पष्ट रूप से सुनिश्चित कराएं कि सरकारी भूमि की उपलब्ध सूची से जांच और मिलान के बाद ही किसी भी दाखिल-खारिज आवेदन को स्वीकृत किया जाए। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे, फर्जी जमाबंदी और भूमि माफियाओं की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। साथ ही राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ेगी और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4 ½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

री-नीट में सॉल्वर गैंग का बड़ा खुलासा

40 लाख में तय हुई थी डील, पांच मेडिकल छात्र समेत 24 गिरफ्तार

निज संवाददाता | लखीसराय

3 मई को पेपर लीक होने के बाद रविवार को आयोजित नीट-यूजी 2026 री-एग्जाम के दौरान बिहार के लखीसराय में एक बड़े सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने गैंग के सरगना समेत पीएमसीएच, गया मेडिकल कॉलेज, एम्स रायबरेली और बीएचयू के पांच मेडिकल छात्रों सहित कुल 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बायोमेट्रिक सत्यापन करने वाली कंपनी के 14 कर्मचारी भी शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि असली परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा देने के लिए मेडिकल छात्रों से 30 से 40 लाख रुपये में सौदा तय किया गया था। पुलिस ने राजकीय उच्च विद्यालय हसनपुर, केआरके हायर सेकेंडरी स्कूल और केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। लखीसराय की एसपी प्रेरणा ने बताया कि आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार गैंग का सरगना अर्पित राज पहले भी चर्चा में रह चुका है। वर्ष 2024 के नीट पेपर लीक मामले की जांच के दौरान सीबीआई उससे कई बार पूछताछ कर चुकी थी। पुलिस अब उसके पुराने नेटवर्क और वर्तमान कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

री-नीट परीक्षा के दौरान सॉल्वर गैंग की सक्रियता की आशंका पर पुलिस और प्रशासन ने 9 संदिग्ध 'मुन्ना भाई' को भी गिरफ्तार किया। इनमें केआरके विद्यालय से एक, केंद्रीय विद्यालय से सात तथा हसनपुर विद्यालय से एक संदिग्ध पकड़ा गया। सभी आरोपी लखीसराय जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। परीक्षा के दौरान मेडिकल छात्रों को सॉल्वर बनने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विभागवार सेमिनार और क्विज का आयोजन कर उपस्थिति अनिवार्य की थी। इसके बावजूद पीएमसीएच के तृतीय वर्ष के छात्र मयंक कश्यप की लखीसराय में गिरफ्तारी ने विभाग की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस पूरे नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की गहन जांच कर रही है।

बायोमेट्रिक कंपनी में घुसकर बना कर्मचारी

जांच में खुलासा हुआ कि हाजीपुर निवासी मयंक, जो पीएमसीएच का एमबीबीएस छात्र है, बायोमेट्रिक सत्यापन करने वाली कंपनी के कर्मचारियों से मिलीभगत कर स्वयं कर्मचारी बनकर हसनपुर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर गया था। हालांकि पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। मयंक से पूछताछ के बाद बायोमेट्रिक कंपनी के अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद पूरे सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश हो गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

जिले के पंचायत सरकार भवनों में ही खुलेंगी बैंक शाखा

कटिहार। डीएम आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। बैठक में 11 प्रमुख योजनाओं 15वें वित्त आयोग, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, आरटीपीएस,पंचायत सरकार भवन आदि की प्रगति रिपोर्ट जांची गई। बैठक में पंचायत सरकार भवनों में खुलेंगी बैंक शाखाएं खोलने का निर्णय लिया गया है। डीएम आशुतोष द्विवेदी ने जिन पंचायतों में भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पा रही है, उसकी रिपोर्ट तुरंत विभाग को सौंपने का निर्देश दिया गया है।खराब सोलर लाइटों पर एजेंसियों को लगेगा जुर्माना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में लापरवाही अब भारी पड़ेगी। निर्देश दिया गया है कि यदि कोई सोलर लाइट खराब होती है और एजेंसियां उसे 72 घंटे के भीतर ठीक नहीं करती हैं, तो विभागीय नियमानुसार संबंधित एजेंसी पर 10/- रुपये प्रतिदिन/प्रति लाइट की दर से अर्थदंड लगाया जाएगा। 15वें वित्त आयोग और छठे राज्य वित्त आयोग के तहत चल रही योजनाओं में जिन पंचायतों या प्रखंडों में काम की प्रगति शून्य है, वहां के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को कार्य में तत्काल तेजी लाने की सख्त हिदायत दी गई है।

कटिहार की बेटी ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर कटिहार वासियों को किया गौरवान्वित

कटिहार। बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा प्रकाशित परीक्षा परिणाम में कटिहार की बेटी ने सफलता हासिल कर कटिहार वासियों को गौरवान्वित किया है। कटिहार शहर के सिमर बागान, हृदय गंज, निवासी संजय कुमार झा उर्फ सुभाष झा की पुत्री रश्मि प्रिया ने आई.टी.आई. कॉलेज की उप प्राचार्य बनी है। परिणाम घोषित होने के बाद रश्मि प्रिया के पिता संजय कुमार झा उर्फ सुभाष झा, माता कुमारी रीना झा,भाई सत्यराज कश्यप,ओएसीस कंपेटीटीव स्कूल, हृदयगंज, कटिहार के डायरेक्टर ध्रुव कुमार झा सहित पारिवारिक सदस्यों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। रश्मि प्रिया की माता कुमारी रीना झा गृहिणी है। पिता संजय कुमार झा उर्फ सुभाष झा व्यवसायी है। भाई सत्य राज कश्यप कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। माता कुमारी रीना झा,पिता संजय कुमार झा उर्फ सुभाष झा ने बताया कि रश्मि प्रिया का जन्म 19 फरवरी 2002 को हुई है।नर्सरी से वर्ग पांच तक की पढ़ाई ओएसीस कंपेटीटीव स्कूल,हृदयगंज कटिहार से की है।वर्ग 6 से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय कोलासी कटिहार से की है। इन्होंने 2016 में जवाहर नवोदय विद्यालय से मैट्रिक उत्तीर्ण की है। मैट्रिक में 95% अंक लाई है। नवोदय विद्यालय से इंटरमीडिएट साइंस 2018 में की है। इंटरमीडिएट में 89% अंक से उत्तीर्ण की है। 2018 से 2022 तक इन्होंने कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। 2023 से 2025 तक आई.आई.टी (IIT) पटना से एम.टेक. की डिग्री प्राप्त की है। 2025 में रश्मि प्रिया का चयन एल एण्ड टी (L&T) कंपनी चेन्नई में सिविल ट्रेनी इंजीनियर के रूप में हुआ था लेकिन इन्होंने योगदान नहीं की। 2025 में रेलवे जूनियर इंजीनियर के लिए भी चयन हुआ था। 2025 में ही बीपीएससी की परीक्षा दी। इन्होंने बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग में बिहार राज्य में प्रथम स्थान पर रही है और प्रत्येक सत्र के वर्ग में प्रथम रही है। m.tech में भी अपने शैक्षणिक सत्र में प्रथम स्थान पर रही है। रश्मि प्रिया कहती है कि मैं घर पर रहकर ही बीपीएससी की तैयारी की हूँ। घर पर रहकर ही यूट्यूब एवं टेलीग्राम से भी अध्ययन की हूं। रश्मि प्रिया बचपन से ही पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य विधाओं में मेधावी रही है। रश्मि प्रिया को कई क्षेत्र में ट्रॉफी, मेडल, कप एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। रश्मि प्रिया जब वर्ग 8 में पठन-पाठन कर रही थी, तब नवोदय विद्यालय की ओर से इन्हें नेशनल स्तर पर एथलेटिक्स में भाग ली थी जिसमें 100 मीटर तथा 200 मीटर दौड़ में नेशनल के लिए प्रथम स्थान लाई थी। 2016 में युवा पार्लियामेंट में भाग ली, इसमें भी स्पेशल प्राइज ग्रहण किया।2015-16 में संसदीय कार्य मंत्रालय के द्वारा भी युवा संसद में उत्कृष्ट अभिनय के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2015-16 में नवोदय विद्यालय में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रथम रही।साथ ही गणित प्रारूप बनाने में भी प्रथम रही।बैडमिंटन जब वर्ग 10 में पठान-पठान कर रही थी, तो बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी प्रथम रही। 2015 में जिला युवा उत्सव में भाषण प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान प्राप्त की। आर्ट एवं क्राफ्ट में भी प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त की। 2012 में जिला स्थापना दिवस पर खो-खो प्रतियोगिता में तथा 200 किलोमीटर दौड़ में अव्वल स्थान प्राप्त की। 2015 में शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की। 2013 में ताइक्वांडो प्रतियोगिता बोकारो में भाग लिया। रश्मि प्रिया ने श्रेय माता-पिता भाई एवं ओएसीस कंपेटीटीव स्कूल,हृदयगंज कटिहार के निदेशक ध्रुव चंद्र झा को देती है। इनके मेहनत और त्याग के कारण आज हम बीपीएससी परीक्षा में सफल हुई हूं। बीपीएससी का परिणाम आते ही रश्मि प्रिया की सफलता पर माता-पिता भाई एवं ओएसीस कंपेटीटीव स्कूल,हृदयगंज कटिहार के निदेशक ध्रुव चंद्र झा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये बचपन से ही पठन-पाठन में काफी मेधावी रही है और हम लोग को भरोसा था कि यह बीएससी में सफलता हासिल करेगी। गया हम सभी को पूर्णतः विश्वास था कि बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करेगी।

भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी ने खनन एवं भूतत्व और कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री को किया सम्मानित

कटिहार। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी सह कोसी स्नातक विधान परिषद् प्रतिनिधि हितेश कुं० शर्मा ने बिहार सरकार के खनन एवं भूतत्व और कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री सह कटिहार जिला प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी का पटना स्थित उनके सरकारी आवास पर अंग-वस्त्र दे कर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस अवसर पर कटिहार जिले के कई ऐसे क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराया गया जो अभी भी मूलभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों से वंचित हैं। साथ ही सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने एवं धरातल पर उनके बेहतर क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त कटिहार जिला एवं शहर की लचर बिजली व्यवस्था, अनियमित आपूर्ति तथा आमजन को हो रही कठिनाइयों के विषय में भी माननीय प्रभारी मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया गया। मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके समाधान हेतु सार्थक प्रयास की बात कही। इस अवसर पर साथ में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार सिंह,भाजपा दक्षिण मंडल के उपाध्यक्ष गंगा राम चंद्रवंशी, बैजनाथ सिंह, मंगल कुमार सिंह आदि कार्यकर्ता ने भी माननीय कटिहार जिला प्रभारी मंत्री जी का अंगवस्त्र से अभिनंदन किया।

कटिहार : डीएम ने लंबित मामलों के निपटारे का दिया सख्त आदेश

कटिहार। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय स्थित सभागार में डीएम आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित लोक-कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारना और आमजनों तक उनका लाभ पहुंचाना है। बैठक में डीएम आशुतोष द्विवेदी ने बैंकिंग, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, कल्याण, आईसीडीएस,स्वास्थ्य,नगर निगम और पंचायती राज सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के कार्यों की क्रमवार विस्तृत समीक्षा किया गया। बैठक में निलाम पत्र वाद की समीक्षा करते हुए डीएम आशुतोष द्विवेदी ने सभी निलाम पत्र पदाधिकारियों को वर्ष 2005 से पूर्व के सभी लंबित मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन करने का सख्त आदेश दिया है। जिले के जिन बैंकों द्वारा फॉर्म 09 एवं 10 का मिलान नहीं किया जा रहा है।उनके खिलाफ कड़ी नाराजगी जताते हुए अविलंब रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीएम आशुतोष द्विवेदी ने बाढ़ और आपदा की तैयारियों के मद्देनजर सभी अंचलाधिकारियों को सम्पूर्ति पोर्टल पर डेटा एंट्री का कार्य तेजी से पूरा करने का टास्क दिया गया। बैठक में धान अधिप्राप्ति, सीएमआर आपूर्ति,कोर्ट केस मामलों के निष्पादन और अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना की प्रगति को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर अलर्ट मूड में प्रशासन, डीएम-एसपी ने दिया आवश्यक निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के तहत बिहार पुलिस की विशेष शाखा, बिहार में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 24 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिला में एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज डीआरडीए सभागार, नवादा में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान द्वारा केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि लिखित परीक्षा दो प्रश्न-पत्रों में आयोजित होगी। प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र अपराह्न 12:00 बजे से 01:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। दोनों प्रश्न-पत्रों के बीच 30 मिनट का अंतराल रहेगा तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षा समाप्त होने से पूर्व किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए अभ्यर्थियों की उपस्थिति एवं बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया अलग-अलग दो बार सम्पन्न की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने केन्द्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के उपरांत ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। परीक्षा कक्ष में प्रवेश सुबह 08:00 बजे से प्रारम्भ होगा तथा सभी अभ्यर्थियों को सुबह 09:00 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लेना होगा। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार पूर्वाह्न 09:00 बजे बंद कर दिया जाएगा तथा इसके बाद किसी भी परिस्थिति में किसी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) की स्वच्छ प्रति एवं एक वैध फोटो पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड अथवा विद्यार्थी पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस, वाई-फाई उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, आभूषण, धातु सामग्री, इरेजर, व्हाइटनर एवं ब्लेड सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केन्द्र में ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विद्यालय भवनों की छतों से भी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी बाहरी तत्व की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। साथ ही सभी केन्द्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घंटे पूर्व तक पूरे परीक्षा परिसर की सघन जांच-पड़ताल सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र में केवल वही व्यक्ति प्रवेश करेंगे, जिनकी प्रतिनियुक्ति संबंधित परीक्षा केन्द्र पर की गई है। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही परीक्षा के अंतिम 30 मिनट में किसी भी परीक्षार्थी को शौचालय जाने की अनुमति नहीं होगी। विशेष परिस्थिति में शौचालय जाने वाले अभ्यर्थियों की तलाशी एवं निगरानी अनिवार्य रूप से की जाएगी।

उन्होंने सभी केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रों के अंदर एवं बाहर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, कदाचार अथवा अफवाह फैलाने के प्रयास पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा कदाचार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा, अपर समाहर्ता, नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (नवादा सदर), भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रभारी जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित सभी केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

रजौली में गिट्टी लदा ट्रैक्टर पलटा दो लोग गंभीर रूप से घायल

चालक फरार, घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद नवादा रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

रजौली। रजौली थाना क्षेत्र के एसएच-70 पर रजौली-सिरदला रोड स्थित केन्दुआ गांव के समीप सोमवार दोपहर गिट्टी से लदा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल रजौली लाया गया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायलों की पहचान कर्मा गांव निवासी आफताब आलम एवं मुमताज आलम के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। अस्पताल परिसर में मौजूद कर्मा गांव निवासी इम्तियाज आलम ने बताया कि गांव में मदरसा का निर्माण कार्य

अस्पताल परिसर में घायल के साथ परिजनों की भीड़

चल रहा था। उसी निर्माण कार्य के लिए बैरिया मोड़ के समीप बने गिट्टी डंप से गिट्टी खरीद कर ट्रैक्टर से लाई जा रही थी। इसी दौरान केन्दुआ गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इम्तियाज आलम ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने नवादा रेफर किया है, लेकिन परिजन उनका इलाज किसी निजी अस्पताल में कराने की तैयारी कर रहे थे। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। साथ ही बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

नाबार्ड वित्त पोषित 'जीवा परियोजना' का हुआ भव्य शुभारंभ

सोखोदेवरा आश्रम में किसानों के बीच केसीसी व कृषि उपादान का हुआ वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

कौआकोल। क्षेत्र में कृषि विकास,पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित 'जीवा परियोजना' का सोमवार को भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नाबार्ड बिहार के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह,ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार,प्रधानमंत्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने परिसर में आयोजित सब्जी एवं फल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई उन्नत कृषि उपज को देखकर अधिकारियों ने सराहना की तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण

पहल करते हुए बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा पांच प्रगतिशील किसानों के बीच किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा जीवा परियोजना के प्रथम चरण में कौआकोल प्रखंड के चयनित चार गांवों के किसानों को कृषि उपादान (कृषि सामग्रियां) भी अतिथियों के हाथों वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि गौतम कुमार सिंह ने कहा कि जीवा परियोजना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ कृषि पद्धतियों को मजबूत करना है। यह पहल जलग्रहण क्षेत्रों में कृषि-पारिस्थितिकी को विकसित कर किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी। वहीं ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार एवं प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने नाबार्ड के सहयोग की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में नाबार्ड के सहायक प्रबंधक प्रमेश कुमार,डीडीएम सुशांत रौशन,बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, एलडीएम,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,आत्मा के उप परियोजना निदेशक,कृषि विज्ञानी अंगद कुमार सहित बड़ी संख्या में कृषि विशेषज्ञ और स्थानीय किसान उपस्थित रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार में विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार कार्यालय सहायक, लिपिक, रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा कार्यालय परिचारी के पदों पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। कार्यालय सहायक एवं लिपिक के कुल 03 पदों के लिए 54 अभ्यर्थियों, रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के 01 पद के लिए 25 अभ्यर्थियों तथा कार्यालय परिचारी के 03 पदों के लिए 52 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया है।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे अपने मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्रमाण-पत्र सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत साक्षात्कार प्रत्येक दिन अपराह्न 04:35 बजे से आयोजित किया जाएगा।

साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

कार्यालय सहायक/लिपिक पद हेतु

क्रमांक 01 से 18 – 20 जुलाई 2026

क्रमांक 19 से 36 – 21 जुलाई 2026

क्रमांक 37 से 54 – 22 जुलाई 2026

रिसेप्शनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर पद हेतु

क्रमांक 01 से 13 – 23 जुलाई 2026

क्रमांक 14 से 25 – 24 जुलाई 2026

कार्यालय परिचारी (प्यून/चपरासी) पद हेतु

क्रमांक 01 से 18 – 25 जुलाई 2026

क्रमांक 19 से 36 – 27 जुलाई 2026

क्रमांक 37 से 52 – 28 जुलाई 2026

मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, ड्रोन और वीडियोग्राफी से होगी जुलूस की निगरानी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

पकरीबरावां। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को धमौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवादा एवं जमुई जिले के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के अलावा विभिन्न ताजिया समितियों के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। अधिकारियों ने मुहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया एवं अखाड़ों के निर्धारित रूट, उनके पहुंचने के समय तथा संभावित समस्याओं की जानकारी ली तथा लाइसेंस की शर्तों से सभी को अवगत कराया।

बैठक में बताया गया कि धमौल थाना क्षेत्र के धमौल, तुर्कबन, जम्हड़िया, जसत, धरहरा और रेवार समेत जमुई जिले के आढ़ा एवं कैथा गांवों के अखाड़े धमौल इमामबाड़ा पर एकत्रित होंगे। इसके बाद सभी ताजियों का पहलाम पड़रिया स्थित कर्बला में किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए सदर एसडीओ अमित अनुराग ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस के किसी भी स्थिति में ताजिया अथवा अखाड़ा नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लाइसेंसधारी समिति अपने साथ 20 स्वयंसेवक रखे, ताकि जुलूस के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी तथा जुलूस की निगरानी वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुहर्रम जुलूस में डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने की अनुमति नहीं होगी। उपद्रव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जुलूस मार्ग में बिजली के तार, पेड़ों की डालियां अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की गई। एसडीओ ने समाज के बुजुर्गों और प्रबुद्ध लोगों से युवाओं का मार्गदर्शन करने तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से निपटेगा। बैठक में पकरीबरावां बीडीओ मृत्युंजय कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार, सिकंदरा सर्किल इंस्पेक्टर स्वयंप्रभा, धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार, अलीगंज सीओ, चंद्रदीप थानाध्यक्ष के अलावा धमौल सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव सलमान खुर्शीद, ढोढ़ा मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, आढ़ा मुखिया मो.शमशाद, मो. अनवर इकबाल, मो.आदिल, शिक्षाविद मो. जैनुल आब्दीन, बेलखुण्डा सरपंच यहिया अंसारी, मो. चांद आलम सहित दोनों जिलों के प्रबुद्धजन एवं ताजिया कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

स्कूल खुलने पर बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नरहट (नवादा)। ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय गारोविगहा बेलदारी में बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में छात्रों का अभिनंदन कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक दीपक कुमार ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में वरीय शिक्षिका सुजाता कुमारी, विशिष्ट शिक्षिका प्रीति कुमारी एवं प्रिया परिमल उपस्थित रहीं। वहीं रसोइया अंजली देवी, रेखा देवी और रीना देवी ने भी बच्चों के स्वागत में सहयोग किया।

विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव प्रीति देवी ने बच्चों को नियमित उपस्थिति बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं में प्रियांशु कुमारी, खुशी कुमारी, रूपेश कुमार, रौशनी कुमारी, सृष्टि कुमारी, प्रिया, बाल्मीकि सहित अन्य बच्चे विद्यालय में समय पर उपस्थित रहे। विद्यालय खुलने के पहले दिन बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

विद्यालय में बच्चों का स्वागत करते प्रधानशिक्षक एवं अन्य

संक्षिप्त समाचार

नालंदा में बोलेरो ने बुजुर्ग को रौंदा, खेत से काम करके घर लौट रहे थे, रोड क्रॉस करने के दौरान हुआ हादसा

नालन्दा। नालंदा में तेज रफ्तार बोलेरो ने बुजुर्ग की टक्कर मार दी। गंभीर हालत में परिजन पावापुरी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। मृतक की पहचान पहाड़ी मोहल्ला निवासी केदार महतो(76) के तौर पर हुई है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के एनएच-20 की है। मृतक के पुत्र कुलदीप कुमार ने बताया कि उनके पिता रोज की तरह सोमवार की सुबह भी अपने खेत से काम कर लौट रहे थे। इसी दौरान रविशंकर कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क पार करते समय बोलेरो ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी।

घर में मचा कोहरामः सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

खंगाला जा रहा सीसीटीवी फुटेजः वहीं, इस संबंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

नवादा-पावापुरी नई रेललाइन के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू, 30 दिनों में दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

नालन्दा। नवादा-पावापुरी नई रेललाइन परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। रेलवे की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी किए जाने के बाद गिरियक अंचल के कई गांवों की जमीन अधिग्रहण के दायरे में आ गई है। इस परियोजना के तहत नवादा से पावापुरी रोड स्टेशन तक लगभग 25.10 किलोमीटर लंबी नई रेललाइन का निर्माण किया जाएगा। रेलवे के सहायक अभियंता शशिकांत पांडेय ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के बाद अब प्रभावित भूखंडों की विस्तृत सूची जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजी जा रही है, जिसके बाद भूमि का मूल्यांकन कर मुआवजा निर्धारण एवं भुगतान की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। इस परियोजना के लिए गिरियक अंचल के कुल नौ मौजों की भूमि को चिह्नित किया गया है, जिसके तहत सैकड़ों भूखंड प्रभावित हो रहे हैं। सरकारी अधिसूचना के मुताबिक, पुरी मौजा के सबसे अधिक 309 प्लॉट और सतौआ के 189 प्लॉट इस परियोजना की जद में आए हैं। इसके अलावा दशरथपुर के 141, मरकट्टा के 94, इसुआ के 82, प्यारेपुर के 47, जलालपुर के 28, नसीरपुर के 26 और पावा मौजा के 14 प्लॉटों का अधिग्रहण किया जाएगा। इस भूमि अधिग्रहण को लेकर यदि किसी भी भूमि से संबंधित हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वे राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां लिखित रूप में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नालंदा के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रभावित व्यक्ति आपत्ति दर्ज करा सकते हैंः आपत्ति दर्ज कराने वाले सभी भू-स्वामियों को सक्षम प्राधिकारी की ओर से व्यक्तिगत रूप से अथवा उनके विधि व्यवसायी के माध्यम से अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा। सभी आपत्तियों की गहन सुनवाई और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद सक्षम प्राधिकारी उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करने संबंधी अंतिम आदेश जारी करेंगे, जिसे अधिनियम की धारा 20 (घ) की उपधारा (2) के तहत अंतिम माना जाएगा। प्रभावित व्यक्ति भूमि के रेखांकन और अन्य संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण सक्षम प्राधिकारी के कार्यालय में जाकर कर सकते हैं।

पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगेः इस नई रेललाइन के निर्माण से नवादा जिला सीधे पावापुरी रोड स्टेशन तथा राजगीर-बख्तियारपुर रेलखंड से जुड़ जाएगा। रेलवे की योजना के अनुसार इस नए मार्ग पर नवादा के बाद समाय, आदमपुर और पावापुरी नाम से तीन नए स्टेशन विकसित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों में इस परियोजना को लेकर काफी उत्साह है और उनका मानना है कि रेल सेवा शुरू होने से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन, व्यापार, शिक्षा तथा रोजगार के अवसरों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा, जिससे नवादा और नालंदा क्षेत्र के बीच का आवागमन बेहद सुगम और तीव्र हो जाएगा।

बिहार में शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ेंगे 24 हजार बच्चे, नालंदा में 311 बच्चों के लिए विशेष सेंटर

नालन्दा। बिहार सरकार ने 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सूबे के चिह्नित 24 हजार 471 बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार प्रशिक्षण देने के लिए विशेष केंद्र खोले जाएंगे, जिनमें अकेले नालंदा जिले के 311 और शेखपुरा के 640 बच्चे शामिल हैं। शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक नवीन कुमार के अनुसार, इन सभी बच्चों को उम्र सापेक्ष प्रशिक्षण देने के बाद नजदीकी स्कूलों से जोड़ दिया जाएगा। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आगामी 10 जुलाई तक हर हाल में विशेष केंद्र चालू करने का कड़ा निर्देश जारी किया गया है, जहां छह से नौ महीने के भीतर बच्चों को नई और रोचक विधियों से उनकी उम्र के अनुसार कक्षा के स्तर तक लाया जाएगा।

मैपिंग का काम 30 जून को पूरा करना होगाः नालंदा के डीईओ आनंद विजय ने बताया कि इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए विद्यालय से बाहर के बच्चों के उपलब्ध आंकड़ों का सत्यापन कर उसे प्रबंध पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। बच्चों की संख्या के आधार पर केंद्रों की मैपिंग का कार्य 30 जून तक हर हाल में पूरा कर लिया जाना है। इसके बाद प्रत्येक केंद्र के लिए एक नोडल शिक्षक का चयन होगा, जिन्हें कम समय में बच्चों को उम्र के अनुसार दक्ष बनाने के लिए एक से छह जुलाई तक विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिन स्थानों पर ये केंद्र खुलेंगे, वहां केंद्र का नाम, नामांकित शिक्षक का नाम, संचालन की अवधि और बच्चों की सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। केंद्र शुरू होने से तीन दिन पहले बच्चों की दक्षता का बेसलाइन सर्वे होगा और उनके शैक्षणिक स्तर की प्रोफाइल केंद्र खुलने के सात दिनों के भीतर तैयार कर ली जाएगी। इसके साथ ही, यदि संबंधित क्षेत्र में इस श्रेणी का कोई अन्य बच्चा मिलता है, तो उसे भी इस केंद्र में शामिल कर लाभ दिया जाएगा।

समस्तीपुर में सबसे अधिक बच्चेः बिहार के विभिन्न जिलों में स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में काफी अंतर है। सूबे में सबसे अधिक समस्तीपुर में 1560, कटिहार में 1454, जहानाबाद में 1296, सारण में 1279, पटना में 1275, वैशाली में 1083, सुपौल में 1082 और सीतामढ़ी में 1281 बच्चे स्कूल से बाहर हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर में सबसे कम 68, पूर्णिया में 70 और पूर्वी चंपारण में केवल 74 बच्चे इस श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर बात की जाए तो पूरे देश में ऐसे बच्चों की संख्या 11 लाख 70 हजार 182 है, जिसमें सबसे बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश की है, जहां सर्वाधिक 7 लाख 73 हजार 835 बच्चे स्कूल से बाहर हैं। इसके विपरीत, देश में केरल, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप जैसे राज्य व केंद्र शासित प्रदेश भी हैं, जहां का एक भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं है।

मांझी बोले, अपराधी हथियार उठाएगा तो कार्रवाई होगी भरत तिवारी एनकाउंटर पर पुलिस के समर्थन में मंत्री

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार को हुई। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक के दौरान टिकारी विधायक ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर नाराजगी जताई। बैठक गया शहर के जिला परिषद सभागार में हुई। वहीं, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में पुलिस का पूर्ण समर्थन किया। कहा कि पुलिस ने परिस्थितियों के अनुसार उचित कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को कई बार कठिन और त्वरित निर्णय लेने पड़ते हैं। ऐसे में किसी घटना के एक पहलू को देखकर पुलिस को कटघरे में खड़ा करना उचित नहीं है। किसी भी अपराधी को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि कोई व्यक्ति पुलिस या किसी नागरिक पर हथियार तानता है, तो पुलिस को कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। मांझी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "अगर कोई हम पर रिवॉल्वर तानेगा तो हम उसे कैसे छोड़ देंगे? क्या पुलिस मर जाए, तभी उसे अच्छा माना जाएगा?" उन्होंने ऐसी कार्रवाई को बर्बरता कहना पूरी तरह गलत बताया। सरकार की ओर से न्यायिक जांच का आदेश दिया जा चुका है। जांच पूरी होने से पहले किसी भी प्रकार का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

निशांत पूरी तरह से परिपक्व हो चुका हैं- मांझीः मांझी ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के पहली बार पार्टी की बैठक में शामिल होने को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजनीति का संस्कार परिवार से ही मिलता है और निशांत कुमार लंबे समय से राजनीतिक माहौल को करीब से देखते रहे हैं। मांझी ने कहा कि अब तक नीतीश कुमार नहीं चाहते थे कि उनका बेटा सक्रिय राजनीति में आए, लेकिन अब निशांत पूरी तरह परिपक्व हो चुके हैं। उन्होंने विश्वास

जताया कि आने वाले समय में निशांत कुमार अपनी राजनीतिक समझ और क्षमता का परिचय देंगे और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। टिकारी विधायक बोले- सिर्फ खानापूर्ति होती है दूसरी ओर दिशा बैठक के बाद टिकारी विधायक अजय दांगी ने बैठक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक केवल खानापूर्ति बनकर रह गई है और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता। विधायक ने कहा कि 6 महीने पहले जिन समस्याओं को उठाया गया था, वही मुद्दे इस बार भी दोहराने पड़े। इसके बावजूद अधिकारियों की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश अधिकारी गोलमोल जवाब देकर सवालों को टालने का प्रयास करते हैं। विधायक अजय दांगी ने कहा कि नल-जल योजना, शिक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। इससे जनप्रतिनिधियों में निराशा बढ़ रही है।

जब मंत्री के गांव में नहीं पहुंची सुविधा, तो जिले का क्या होगा? विधायक अजय दांगी ने कहा कि स्वयं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बैठक में स्वीकार किया कि उनके गांव महकार में भी पीएचईडी विभाग की ओर से नल-जल योजना का समुचित लाभ नहीं पहुंच पाया है। भारत सरकार के एक केंद्रीय मंत्री के गांव में ही योजनाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है, तो जिले के दूरदराज इलाकों में व्यवस्था कैसी होगी, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं और कार्यों की सूची सार्वजनिक करने की मांग भी उठाई, लेकिन इस पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अफसरशाही पर साधा निशाना, कार्रवाई की उठाई मांग टिकारी विधायक ने जिलाधिकारी से अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि जब तक प्रशासनिक अधिकारियों में जवाबदेही और कार्रवाई का डर नहीं होगा, तब तक व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में अफसरशाही हावी है और जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा। दांगी ने यह भी कहा कि दिशा बैठक में कई अन्य विधायकों ने भी समस्याएं उठाईं, लेकिन अधिकांश मुद्दों पर अधिकारियों की ओर से ठोस जवाब नहीं मिला।

बैठक में ये रहे शामिलः बैठक में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जिले के सभी विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नल-जल योजना, बिजली व्यवस्था, शिक्षा और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों सहित जिले में चल रही विकास योजनाओं पर चर्चा की गई।

गयाजी रेलवे स्टेशन पर तीन चोर गिरफ्तार, चोरी के 4 मोबाइल, पायल और ब्लेड का टुकड़ा बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। 4 मोबाइल, एक जोड़ी चांदी की पायल और चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल होने वाले ब्लेड के टुकड़े बरामद किए गए हैं। बरामद सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 54 हजार रुपए है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को आरपीएफ पोस्ट गयाजी के उपनिरीक्षक रणधीर कुमार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक संतोष कुमार सिंह, आरक्षक विकास कुमार, निरंजन कुमार, आलोक कुमार सक्सेना और रोशन कुमार संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे।

इस दौरान जीआरपी की टीम भी उनके साथ मौजूद थी। स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्मों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के दौरान टीम की नजर प्लेटफॉर्म संख्या-1

स्थित फुट ओवर ब्रिज के नीचे बैठे दो महिलाओं और एक पुरुष पर पड़ी। जिनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही थी।

ब्लेड का टुकड़ा और मोबाइल बरामदः सुरक्षा बल के जवानों ने तीनों को रोककर पूछताछ की। शुरुआती पूछताछ में उनके जवाब संतोषजनक नहीं मिले। इसके बाद जब सख्ती से पूछताछ की गई तो तीनों ने रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन, जेवरात और अन्य सामान चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने यह भी बताया कि वे चोरी किए गए सामान को बेचने और आगे की वारदातों की योजना बनाने के लिए वहां एकत्र हुए थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वारिसनग के मो. सरफराज (28), कोतवाली इलाके की रहने वाली रूबी देवी (26) और झारखंड के बेरमो निवासी तितली कुमारी(22) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान मो. सरफराज के पास से 2 मोबाइल, रूबी देवी के पास से कीपैड मोबाइल और कागज में लिपटा ब्लेड का टुकड़ा मिला।

पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया : वहीं, तितली कुमारी के झोले से एक कीपैड मोबाइल, एक जोड़ी चांदी की पायल और कागज में लिपटा ब्लेड का टुकड़ा बरामद किया गया। बरामद सामान के संबंध में जब आरोपियों से वैध दस्तावेज या खरीद संबंधी प्रमाण मांगे गए तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि मोबाइल और पायल यात्रियों से चोरी किए गए थे। इसके बाद सुरक्षा बल की टीम ने सभी बरामद सामान को विधिवत जब्त कर लिया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में गयाजी रेलवे थानाध्यक्ष आरपीएफ बनारसी यादव ने कहा कि तीन शातिर चोर को 54 हजार रुपए के चोरी के मोबाइल और चांदी की पायल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कांड संख्या 163/2026 दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक इतिहास और इनके गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की भी जांच कर रही है।

गयाजी में महंगाई, कानून-व्यवस्था पर प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी में कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा माले) की जिला कमेटी ने सोमवार को बढ़ती महंगाई, डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस की कीमतों और बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांधी मैदान से जिला समाहरणालय तक विशाल मार्च निकाला और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक मांग-पत्र प्रशासन को सौंपा। रैली की शुरुआत गांधी मैदान से हुई, जहां बड़ी संख्या में भाकपा माले के महिला-पुरुष कार्यकर्ता और समर्थक जुटे। हाथों में बैनर और झंडे लिए प्रदर्शनकारी महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रैली गांधी मैदान से निकलकर काशीनाथ मोड़, सिविल कोर्ट सहित शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गया समाहरणालय पहुंची।

समाहरणालय पहुंचने के बाद पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में महंगाई पर तत्काल रोक लगाने, डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस की कीमतों में कमी करने, कानून-व्यवस्था में सुधार लाने और आम जनता की सुरक्षा करने की मांग की।

सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही हैः भाकपा माले नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर हमला बोला। नेताओं ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई ने आम लोगों का जीवन मुश्किल बना दिया है। डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि

सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

पार्टी नेताओं ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप था कि राज्य में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और पुलिस अपराध नियंत्रण में असफल साबित हो रही है। नेताओं ने कहा कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय आम लोगों को परेशान कर रही है।

भरत तिवारी एनकाउंटर की जांच होः कहा कि आरा में भारत तिवारी के एनकाउंटर मामले की उच्चस्तरीय जांच हो। नेताओं का कहना था कि इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भाकपा माले नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज कमजोर होता जा रहा है, जबकि सरकार व्यवस्था सुधारने के दावों में व्यस्त है। नेताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों का जीवन दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।

पीएनजी पाइपलाइन फटा, दुकानें बंद, होटल में कनेक्शन के दौरान होने लगा था रिसाव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नालन्दा। नालंदा में सोमवार शाम बड़ा हादसा होते-होते बच गया। एक होटल में ने कनेक्शन के दौरान पीएनजी सप्लाई पाइपलाइन में लीकेज हो गया। जिसके कारण गैस का रिसाव होने लगा। गैस के भारी दबाव से पाइप फटने से पूरे फोरलेन और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अनहोनी की आशंका से भयभीत होकर आसपास के दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानें बंद कर दी और भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना शाम करीब 7:00 बजे की है। गैस एजेंसी के कुछ कर्मी फोरलेन किनारे स्थित एक होटल में नया गैस कनेक्शन जोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पाइपलाइन में गैस के अधिक प्रेशर के कारण अचानक एक छोटा छेद बड़ा हो गया। इसके बाद एक जोरदार आवाज भी हुई। घटना बिहारशरीफ-राजगीर फोरलेन पर सिलाव बाइपास की है।

दोनों तरफ से ट्रैफिक को रोकाः घटना की



संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत सिलाव थाना को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही सिलाव थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आगजनी को रोकने के लिए पुलिस ने एहतियात के तौर पर फोरलेन पर दोनों तरफ से ट्रैफिक (वाहनों का परिचालन) को पूरी तरह रोक दिया। घटनास्थल पर तुरंत फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और दमकल कर्मियों को तैनात किया गया।

एक घंटे बाद भी नहीं पहुंची टेक्निकल टीमः स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी देखी गई कि घटना की तत्काल सूचना गोरमा स्थित मुख्य गैस जंक्शन को दे दी गई थी। इसके बावजूद, करीब एक घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गैस कंपनी का कोई अधिकारी या तकनीकी मिस्त्री (टेक्निकल टीम) मौके पर नहीं पहुंच सका था। गैस का लगातार हो रहा रिसाव आसपास के घने रिहाइशी और व्यावसायिक क्षेत्र के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।

टेक्निकल टीम को जल्द पहुंचने के लिए कहा हैः सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि गैस रिसाव की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की है। सुरक्षा के मद्देनजर फिलहाल फोरलेन पर ट्रैफिक को पूरी तरह रोक दिया गया है और आम लोगों को रिसाव वाले क्षेत्र से दूर रखा जा रहा है। दमकल की गाड़ियां बुलाई गई। मामले की गंभीरता से वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और गैस कंपनी की टेक्निकल टीम को जल्द से जल्द पहुंचने को कहा गया है।

प्रभावती अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़, लखनऊ की लायन सिक्योरिटी एजेंसी का टेंडर कैंसिल, महिला अधीक्षक को मिली थी धमकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी के प्रभावती अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर अनियमितताओं, नियमों के उल्लंघन और धोखाधड़ीपूर्ण आचरण के आरोप में लखनऊ की लायन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। अस्पताल की अधीक्षक डॉ. सुषमा वर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए एजेंसी को लिखित आदेश जारी कर परिसर को तुरंत खाली करने का निर्देश दिया है। इस बड़ी कार्रवाई से स्वास्थ्य महकमे और निजी सुरक्षा एजेंसियों के सिंडिकेट में हड़कंप मच गया है। इस सुरक्षा एजेंसी को 18 नवंबर 2025 को जिम्मा सौंपा गया था। इसके बाद 1 दिसंबर 2025 से एजेंसी ने अस्पताल परिसर में कुल 56 कर्मियों की तैनाती की थी। जिनमें 50 सुरक्षा गार्ड, 5 सुपरवाइजर और 1 इलेक्ट्रिशियन शामिल थे। एजेंसी को दिसंबर 2025 तक 15.41 लाख रुपए के पहले बिल का भुगतान भी कर दिया गया था। इसके बाद की अवधि के लिए आवश्यक और वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत न करने के कारण अस्पताल प्रशासन ने आगामी भुगतानों पर रोक लगा दी, जिसके चलते सुरक्षाकर्मियों का वेतन पिछले जनवरी महीने से रुका हुआ है।

23 कर्मियों का वैध पुलिस वेरिफिकेशन नहींः मामले की आंतरिक जांच में जो सबसे चौंकाने वाला खुलासा हुआ, वह मरीजों और महिला डॉक्टरों की सुरक्षा से जुड़ा है। जांच में पाया गया कि तैनात 56 कर्मियों में से केवल 33 के पास ही

पुलिस चरित्र प्रमाणपत्र उपलब्ध थे। शेष 23 कर्मियों का कोई वैध पुलिस वेरिफिकेशन नहीं था। सबसे गंभीर बात यह है कि तैनाती के वक्त सिर्फ दो कर्मियों के पास वैध चरित्र प्रमाणपत्र थे। शेष अधिकांश प्रमाणपत्र तब आननफानन में बनवाए गए जब अस्पताल प्रशासन द्वारा एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

श्रम लाइसेंस और बैंक गारंटी भी गायब, शर्तों की उड़ाई धज्जियांः एजेंसी अनुबंध के तहत आवश्यक पांच प्रतिशत परफॉर्मेंस सिक्योरिटी और बैंक गारंटी भी जमा नहीं करा सकी। इसके अलावा, श्रम विभाग का वैध लाइसेंस, कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी, नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, पहचान पत्र और ईपीएफ से संबंधित कोई भी वैधानिक दस्तावेज अस्पताल प्रशासन को उपलब्ध नहीं कराए गए। हद तो तब हो गई जब एजेंसी ने 18 मई को पत्र भेजकर अस्पताल में किसी भी अप्रिय घटना के लिए जिम्मेदारी लेने से ही साफ इनकार कर दिया।

अधीक्षक से बदसलूकी और धमकी, छावनी में बदला अस्पतालः मामले में नया मोड़ 4 जून को आया जब एजेंसी के संचालक ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुषमा वर्मा के कार्यालय में घुसकर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मौखिक रूप से गंभीर धमकियां दीं। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि मामले को नियंत्रित करने और खुद की सुरक्षा के लिए अधीक्षक को तत्काल पुलिस बल बुलाना पड़ा। डॉ. सुषमा वर्मा ने बताया कि एजेंसी के इस रवैए के कारण मेरे लिए अस्पताल परिसर में मानसिक रूप से भय और असुरक्षा की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

बीएमएसआईसीएल को भेजा गया नई व्यवस्था का प्रस्तावः अस्पताल अधीक्षक ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट डीएम, एसएसपी श्रम अधीक्षक और बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड को लिखित रूप में भेज दी है। नए पीएसएआरए मानकों के अनुरूप एक विश्वसनीय सुरक्षा एजेंसी की तत्काल बहाली के लिए बीएमएसआईसीएल को प्रस्ताव भेजा गया है। दो बार सिविल लाइन थाने को भी सूचित किया गया है। क्योंकि टेंडर रद्द होने के बाद भी दबंगई दिखाते हुए एजेंसी के लोग अब भी अस्पताल परिसर में अवैध रूप से जमे हुए हैं।

संक्षिप्त समाचार

प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार , गया जेल

कोचस (रोहतास)। परसथुआ थाने की पुलिस ने दुष्कर्म व मारपीट तथा गहना छीनैती के आरोप में प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया । इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि कई महीनो पूर्व थाना क्षेत्र के छितनडीहरा गांव मे एक युवक द्वारा घर में प्रवेश कर एक युवति के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर मारपीट करते हुए गहना छीनैती कर भाग निकला था, तभी पीड़ित पिता के द्वारा लिखित आवेदन दे थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जहां पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी,पुलिस ने कार्रवाई के दौरान सोमवार को प्राथमिकी अभियुक्त शुभम चौबे उम्र 23 वर्ष पिता अशोक कुमार चौबे ग्राम छितनडिहरा थाना परसथुआ जिला रोहतास को विधिवत गिरफ्तार किया गया है, वहीं गिरफ्तारी बाद विशेष पूछताछ कर कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

शोभीपुर मे 17 वर्षीय युवती का पंखे से लटका मिला शव, जांच मे जुटी पुलिस

कोचस (रोहतास)। परसथुआ थाना क्षेत्र के शोभीपुर गांव मे सोमवार की सुबह एक घर से पंखे से लटका 17 वर्षीय युवती के शव को पुलिस ने बरामद किया है।मृतक युवती की पहचान शोभीपुर गांव थाना परसथुआ जिला रोहतास निवासी जितेंद्र राम की 17 वर्षीय पुत्री रीमा कुमारी के रूप मे हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार रीमा कुमारी रात्रि में खाना खाकर एक रूम में सोई थी जबकि परिवार के अन्य सदस्य घर के अन्य जगह पर रात्रि में विश्राम कर रहे थे तभी सुबह में परिजनों ने रीमा के रूम में प्रवेश कर देखा कि रीमा का शव पंखे से लटका हुआ है, तभी पीड़ित पिता ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से उतार शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि मृतक युति के पिता के द्वारा दिए गए सूचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है, उन्होंने बताया मौत के कारणो का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणो का स्पष्ट पता चल पाएगा। फिलहाल मृतका के पिता के द्वारा थाने को लिखित आवेदन देने की बात की गई है, आवेदन लेने के बाद पुलिस मामले को संज्ञान मे ले अग्रतर कार्रवाई करेगी।

कराकाट पुलिस ने दो आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

कराकाट/रोहतास। जिले के कराकाट थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पहले मामले में भरत कस्बा निवासी स्वर्गीय बुधन यादव के पुत्र जगरूप यादव पर न्यायालय से वारंट जारी था। वह काफी समय से फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे सोमवार को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी कर अदालत के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। दूसरे मामले में पिछले माह दर्ज मुकदमा संख्या 239/26 के अभियुक्त को पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तार शख्स जगदीशपुर निवासी स्वर्गीय सीताराम कहार के पुत्र हरे राम उर्फ हरे राम कहार हैं। पुलिस को उसकी वैधानिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी गुप्त सूचनाओं के चलते जगदीशपुर से ही उसे हिरासत में लिया गया। दोनों मामलों में थाना ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

शख्स का मिला शव, एंबुलेंस की जगह जुगाड़ गाड़ी से अस्पताल ले गई पुलिस, व्यक्ति की पहचान की हो रही कोशिश

नालन्दा। नालंदा में 50 साल के शख्स की लाश NH-20 किनारे मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही दीपनगर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। दीपनगर थाना अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों से की गई शुरुआती पूछताछ में यह बात सामने आई है कि मृतक आसपास के इलाकों में भीख मांगकर कर अपना जीविकोपार्जन करता था। शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है और आसपास के थानों को भी सूचित कर दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शव को घटनास्थल से अस्पताल लाने के लिए किसी एंबुलेंस या शव वाहन का इंतजाम नहीं किया गया। पुलिस ने जुगाड़ गाड़ी से लाश को अस्पताल पहुंचाया। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवधा गांव के पास की है।

शव को किसी कपड़े या चादर से ढका भी नहीं गया: हैरानी की बात यह रही कि शव को किसी कपड़े या चादर से ढका भी नहीं गया था। खुलेआम इस तरह जुगाड़ गाड़ी से शव को ले जाने के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस संवेदनहीनता की कड़ी निंदा की है। फिलहाल, मृतक के शव को पहचान और पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल के मोर्चरी रूम में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पुलिस मामले की जांच और मृतक के परिजनों का पता लगाने में जुटी है।

विद्युत जेई के मनमानी से उपभोक्ता त्रस्त, विद्युत मिस्त्री भी नदारद

विद्युत विभाग के रवैए से मुर्गे के मर जाने से लाखों रुपए का हुआ है नुकसान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

करगहर (रोहतास)। प्रखंड के सेन्दुआर फीडर के अंकोढी गांव के निकट लगे टेस्फॉर्मर के जम्फर मार देने से सुबह के छः बजे से लेकर दोपहर के दो बजे तक विद्युत संचालन पूरी तरह बाधित रहा, इसको लेकर स्थानीय लोगों में जेई पंकज 3और विद्युत मिस्त्री के प्रति लोगों में काफी नाराजगी देखने को मिली।

स्थानीय लोगो ने कहा : सेन्दुआर गांव निवासी पॉल्ट्री इसी फार्म संचालक भोला सिंह, अमित कुमार, बरुन सिंह, अवधेश बैठा, संतोष कुमार यादव, सोनू कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि सुबह के छह बजे से ही सेन्दुआर फीडर का लाईन गायब है, इस समस्या से कई बार करगहर जेई पंकज कुमार से अवगत कराया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया, यहां तक की ऐसी में बैठे जेई के द्वारा कई मर्तबा फोन भी नहीं उठाया गया, इसको लेकर जेई के प्रति स्थानीय ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है।

उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ी थी नुकसान : पोल्ट्री इसी फार्म संचालक भोला सिंह ने बताया कि 50 दिन पूर्व गेहूं कटनी के समय दिन में विद्युत बाधित रहने पर लगभग 20 लाख की मुर्गे मर चुके थे जिसका नुकसान हमें भरना पड़ा था। भारी हुई नुकसान को लेकर विद्युत विभाग के स्क्यूटिव इंजीनियर को फोन कर तथा वीडियो भेज समस्या से अवगत कराया गया था, फिर भी कोई निराकरण नही हो सका। ठीक वही स्थिति आज भी बनी हुई है। सेन्दुआर गांव के सौ केबी टेस्फॉर्मर का अर्थिंग तार टूट चुका है जिसके कारण वोल्टेज धीमी रह रही है, इसी टेस्फॉर्मर के दो पोल के तार जर्जर हो जाने के कारण आग लग जाती है जोकि बड़ी अनहोनी होने की आशंकाएं बनी रहती है। इस समस्या को भी जेई पंकज कुमार से अवगत कराया जा चुका है।

विद्युत मिस्त्री का फोन रहता है ऑफ : क्षेत्रीय लोगों का कहना है जब भी विद्युत समस्या को लेकर संबंधित क्षेत्र में कार्य पर लगाए गए विद्युत कर्मियों (मिस्त्री) को कॉल किया जाता है तो ज्यादातर मोबाइल ऑफ पाया जाता है, मिस्त्री की मनमानी से उमस भरी गर्मी झेलने को मजबूर है, उपभोक्ताओं ने कहा कि हम किस दिन के लिए मीटर कनेक्शन करा सरकार को बिजली बिल देते हैं जबकि हम विद्युत का लाभ ही नहीं उठा पाते। उपभोक्ताओं ने कहा कि हमारे क्षेत्र के विद्युत मिस्त्री हरे राम कुमार अपना मोबाइल बराबर ऑफ रखता है जब लाइन बिगड़ती है तो बुलाने पर मोबाइल ऑफ कर सो जाता है।

समस्या का समाधान नही तो होगा प्रदर्शन : उपभोक्ता और स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि हमारी समस्या का समाधान नही हुआ तो जेई और मिस्त्री को घेर प्रदर्शन करने को को तैयार है और इसका जिम्मेवार सिर्फ और सिर्फ विद्युत विभाग के वरीय पदाधिकारी होंगे।

काराकाट के तीन पदाधिकारियों की BPSC में सफलता, प्रखंड में खुशी की लहर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

काराकाट। काराकाट प्रखंड कार्यालय में सोमवार को खुशी का माहौल रहा जब प्रखंड के तीन सरकारी अधिकारियों को बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की परीक्षाओं में सफलता मिलने पर सम्मानित किया गया। प्रखंड के राजस्व अधिकारी ध्रुव कुमार का चयन डीएसपी (DSP) पद पर हुआ है, वहीं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष कुमार और कल्याण पदाधिकारी शिवानी कुमारी दोनों का चयन प्रखंड पंचायती राज अधिकारी (BPRO) पद पर हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में अंचल अधिकारी डॉक्टर रितेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार पटेल और समाजसेवी अर्जुन गुप्ता ने तीनों अधिकारीयों को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। पदाधिकारियों के कार्यालय खुलने पर भी उनकी फूल माला, अंग वस्त्र और मिठाइयों से भव्य स्वागत हुआ, जिसमें स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और नागरिकों की अच्छी-खासी भीड़ मौजूद रही। स्थानीय लोग और सहकर्मी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त कर रहे हैं और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दे रहे हैं।

प्रखंड कार्यालय में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा मिलेगी और सरकारी सेवाओं में बढ़ती भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। तीनों अधिकारियों की सफलता से प्रखंड में उत्सव सा माहौल बन गया है।

पुलिस नहीं लगा पा रही पता पन्द्रह दिनों से किशोर लापाता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

राजपुर। राजपुर निवासी एक किशोर को गुम हुए पन्द्रह दिन हो गये ,बावजूद भी पुलिस अब तक खाली हाथ है.लडके के अभिभावक प्रतिदिन थाना पहुंचकर बरामदगी की अद्यतन जानकारी पुलिस से ले रहे है. पुलिस रोज एक हीं बात दुहराती है कि अभी पता नहीं चला है.

घटना की जानकारी देते हुए लडके के पिता मुरलीधर पाण्डेय ने बताया कि उनका सत्रह वर्षीय बेटा इन्द्रजीत कुमार पाण्डेय सात जून को शाम पांच बजे घर से बजार करने के लिए निकला था,जो अब तक वापस नहीं आया है.घटना की लिखित जानकारी उनके द्वारा उक्त तारीख की रात में हीं पुलिस को प्रदान कर दिया गया है.मामले में वे तभी से परेशान हैं.लडके की बरामदगी के लिए वे पुलिस अधीक्षक रोहतास, एसडीपीओ एवं एडीएम बिक्रमगंज से मिलकर प्रयास कर रहे हैं.बावजूद भी सफलता शुन्य है.

मामले में थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि लडका जिस लड़की के साथ प्रेम सम्बन्ध में था ,उस लड़की एवं उसके परिजनों से पूछताछ कर ली गई है. वह खुद के द्वारा यूज किया जा रहा मोबाइल फोन साथ नहीं ले गया है.उसने अपने मोबाइल से सभी तरह का डेटा को डिलिट करके मोबाइल घर पर हीं रख छोड़ा है.जिससे वैज्ञानिक अनुसंधान में परेशानी हो रही है.उसके बारमदगी का प्रयास समेत उसके वाटसॉप को बैक अप प्राप्त करने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है.

पासवा के राष्ट्रीय परिषद् सम्मेलन 2026 में कुमार सविनय को दो राष्ट्रीय सम्मान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

डेहरी (रोहतास)। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पीएसएसीडब्ल्यूए) के राष्ट्रीय परिषद् सम्मेलन 2026 में गुरुकुल स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं पासवा के डेहरी अनुमंडल महासचिव कुमार सविनय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए "शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नेतृत्व सम्मान" तथा "राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय परिषद् सम्मेलन दिनांक 19 जून 2026 से 21 जून 2026 तक कटरिया होटल एंड टावर्स, हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित किया गया। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों, विद्यालय संचालकों एवं शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमाइल अहमद, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ एस पी वर्मा एवं तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से कुमार सविनय को उक्त दोनों राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किए गए।

तीन दिवसीय सम्मेलन में शिक्षा से जुड़े अनेक समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें बच्चों के व्यवहार एवं व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक एवं प्रभावी कक्षा वातावरण का निर्माण, तथा विद्यालयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग, उसके लाभ, चुनौतियाँ, सावधानियाँ एवं क्या करें और क्या न करें जैसे विषय प्रमुख रहे।

सम्मान प्राप्त करने पर कुमार सविनय ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि गुरुकुल स्कूल परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा पीएसएसीडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण, नवाचारी एवं छात्र-केंद्रित शिक्षा के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर गुरुकुल स्कूल के निदेशक आर. पी. सिंह, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा शुभचिंतकों ने कुमार सविनय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा इसे विद्यालय, संगठन एवं पूरे रोहतास जिले के लिए गर्व का विषय बताया।

कथा -- वाणी, संस्कार व मन में आये दोषो को दुर करता है -जीयर स्वामी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

राजपुर। जिन वाक्यों को सुनने के बाद हमारे संसकार की दोष दूर हो जाए, बुराई की मार्ग को छोड़ अच्छाई की मार्ग पर चलने की अनुभूति अथवा प्रेरणा प्राप्त हो जाए वही कथा है.उक्त बातें प्रखण्ड के कुझी गांव में आयोजित मां काली प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के प्रथम दिन शनिवार को महान संत तपोमूर्ति जीयर स्वामी ने अपने प्रवचन के दौरान कही.

उन्होंने कहा कि लोग सुखी जीवन व्यतीत करने के लिए कई यत्न करते हैं.कोई दुखी होना नही चाहता.लेकिन सुख है तो दुख भी आगे पिछे लगा है.जो व्यक्ति ब्रम्हा नन्द सुख को प्राप्त कर लिया उसका सब कुछ मंगल ही मंगल है.गौतम बुद्ध को ब्रम्हा नन्द सुख की आनन्द की ऐसी अनुभूति हुई की उसने)अपना राज पाट माता पिता को छोड़ परम आनन्द की राह पकड़ जीव मात्र के कल्याण के लिए निकल पड़े. जीयर स्वामी ने गजेन्द्र व ग्राह कथा का वर्णन करते हुए कहा कि गजेन्द्र का बहुत बड़ा परिवार था.अपने व परिवार के उपर बड़ा अभिमान था.एक दिन ग्राह ने गजेन्द्र का पैर सरोवर में स्नान करते पकड लिया, सभी परिवार को पुकारा निकालो.लेकिन किसी ने मदद नही कर पाया. तब हार थाक नारायण को पुकारा तो श्रीमन नारायण ने ग्राह का उद्धार कर गजेन्द्र की रक्षा की.

यह दुनिया चलती गाड़ी है.इस पर टिकट ले सब बैठें हैं. कब किसका टिकट कटेगा कोई नही जनता.धन पद प्रतिष्ठा प्राप्त हो जाए तो अभिमान नहीं करना चाहिए.क्योंकि धन पैरों की धुरी के समान है, झर जाएगा. प्रभू आपको सम्पन्न बना दिया तो अपने से निचे वालो को कुचलने की कोशिश नहीं वल्कि मदद करने का भरपूर प्रयास करना चाहिए.यही सनातन संस्कृति है.सूर्य, चंद्र, वरुण, अग्नि ये प्रकृति के साक्षात देवता हैं. ईश्वर आस्तिक के साथ नासतिकों का भी कल्याण करते हैं.कभी कभी हार मे भी जीत व जीत में भी हार हो जाती है. इससे घबराना नही चाहिए. चाहे कितनी भी बिषम परिस्थितियां आ जाए लेकिन धर्म का साथ नही छोड़ना चाहिए.यज्ञ में श्रद्धालु भक्तों का सैलाब मण्डप परिक्रमा व कथा सुनने के लिए उमड़ रहा है.महायज्ञ की पुर्णहुती 24 को होगी.

पहरामा लख के पास नहर से मिले शव की पहचान 12 वर्षीय विशाल के रूप में

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

काराकाट /रोहतास। जिला के अकोढ़ीगोला क्षेत्र में नहर में डूबकर लापता हुए 12 वर्षीय बालक विशाल कुमार का शव सोमवार को काराकाट के कंछवां थाना क्षेत्र के पहरामा लख के पास बरामद कर लिया गया। परिजनों ने शव की पहचान विशाल (पिताः चंदन शर्मा) निवासी ग्राम आयर कोठा, थाना अकोढ़ीगोला, जिला रोहतास के रूप में की। जानकारी के अनुसार बालक रविवार को नहर में स्नान के दौरान तेज बहाव में बह गया था और उसके बाद से उसे खोजा जा रहा था। स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह पहरामा लख के पास पानी में शव तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन व पुलिस को दी। सूचना मिलने पर SDRF की टीम तथा अकोढ़ीगोला व कच्छवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकालकर कब्जे में ले लिया। घटना स्थल सीमा रेखा पर आने के कारण नासरीगंज और कच्छवां दोनों थानों की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि रविवार से चल रही खोजबीन के बाद सोमवार को शव मिलने पर उसकी पहचान कराई गई। शव को हत्या की आशंका न देखते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और ग्रामवासी शोक में डूब गए। पूरा गांव अंधेरे में है और परिजन बार-बार रो-रोकर बुरी हालत में दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने परिवार को सांत्वना दी और आवश्यक सहायताएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

चोर गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार, पुलिस ने 4 बाइक की बरामद, चोरी के बाद सस्ते दाम पर बेचा करते थे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी पुलिस ने डेल्हा थाना क्षेत्र में वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की 4 बाइक और 2 मोबाइल बरामद किए हैं, साथ ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुरुवार को आरपीएफ बैरक खरखुरा के पास से एक काले रंग की अपाचे बाइक चोरी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद डेल्हा थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपाधीक्षक (सदर-2) धर्मेंद्र भारती के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने 24 घंटे में बाइका का पता लगा लिया। जांच के दौरान, पुलिस ने बोधगया थाना क्षेत्र के दोमुहान के पास से चोरी की गई बाइक के साथ रविराज कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया। रविराज से पूछताछ के दौरान गिरोह से जुड़े कई अहम खुलासे हुए। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बोधगया क्षेत्र में छापेमारी कर एक अन्य चोरी की बाइक बरामद की। डेल्हा थाना क्षेत्र के खरखुरा तरवना इलाके से गौरव मांझी के पास से एक सफेद अपाचे बाइक मिली।

अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी: आगे की छापेमारी में, पुलिस ने लड्डू उर्फ लक्की के घर से एक और सफेद अपाचे बाइक बरामद की। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही लड्डू मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह डेल्हा, कोतवाली, सिविल लाइंस, रामपुर और बोधगया थाना क्षेत्रों में सक्रिय था। इस पूरे मामले का खुलासा डेल्हा थाना अध्यक्ष ने रविवार शाम पीसी में की। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरोह के सदस्य भीड़भाड़ और सुनसान स्थानों पर खड़ी बाइक चोरी करते थे। चोरी के बाद वाहनों को कम कीमत पर शराब कारोबारियों और अन्य लोगों को बेच दिया जाता था। गिरोह की गतिविधियों के कई महत्वपूर्ण सुराग पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से भी मिले हैं, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

योग दिवस पर क्रिकेट का रोमांच, बीपीएल नाइट टूर्नामेंट का आगाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

करगहर (रोहतास)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पीएम श्री उच्च विद्यालय बभनी के खेल मैदान में बभनी प्रीमियर लीग (बीपीएल) सीजन-2026 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। उद्घाटन मैच शुकुलपुर और परवलिया की टीमों के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन के साथ ही पूरे क्षेत्र में खेल का उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में जुटे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानु, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि श्याम जी साह, पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, बीडीसी कुजन कुमार, महेंद्र सिंह, रविकांत सिंह, प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, शिक्षक शशि भूषण, आकाश कुमार, परिचारी दारुल आलम एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष भोला शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों से जुड़ने का संदेश देती है।

टूर्नामेंट के आयोजन को सफल बनाने में सोनू लाल, पुनीत कुमार, परवेज अली, विंध्याचल ठाकुर, रंजीत आर्य, धीरज पासवान, अरुण कुमार, सोनू पासवान, विकास कुमार, शाहनवाज आलम, तौकीर आलम, प्रवीण कुमार एवं धीरज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रात्रि में फ्लडलाइट की रोशनी में खेले गए मुकाबले का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। पंचायत के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उद्घाटन मैच के साथ ही बीपीएल सीजन-2026 की शुरुआत शानदार अंदाज में हुई, जिससे आने वाले मुकाबलों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

अंशुल अग्रवाल ने बांका जिलाधिकारी का पदभार संभाला

बांका । बांका जिले के नए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने सोमवार को विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने समाहरणालय परिसर में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला से कार्यभार संभाला। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों ने नए डीएम का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अंशुल अग्रवाल ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया : नए जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान, विकास कार्यों में तेजी लाना और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना प्रशासन का मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद : इस अवसर पर स्थानांतरित जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बांका में कार्य करने का अनुभव उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। नए डीएम के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले में प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

में बोरी में बंद मिली युवती की लाश

भागलपुर । भागलपुर में बोरी में बंद युवती की लाश सड़क किनारे मिली है। एक पैर बाहर निकला था। हत्या के बाद बॉडी फेंकने की आशंका है। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के अबजुगंज हॉल्ट से मिरहट्टी पंचायत जाने वाले मार्ग की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार को दी। इसके बाद थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

छानबीन में जुटी पुलिस : पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने और मौत के कारणों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या से जोड़कर भी देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय सोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने जल्द मामले के खुलासे का भरोसा दिलाया है।

सभी प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज की मांग

बेगूसराय । बेगूसराय के डेवलपमेंट और स्थानीय समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीएम सम्राट चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान बेगूसराय जिले के विकास से जुड़े विषयों पर संवाद किया। बैठक का उद्देश्य बेगूसराय के बुनियादी ढांचे, शिक्षा व्यवस्था और धार्मिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना है। मुख्यमंत्री ने सभी मुद्दों को सुना और इस दिशा में शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। मुलाकात के दौरान बेगूसराय की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर सबसे अधिक जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के सामने प्रमुख मांगें रखी है। जिले के सभी प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का आग्रह किया गया। इसके अलावा मंत्री ने मांग रखी कि जिन क्षेत्रों में कॉलेजों के भवन निर्मित हो चुके हैं, वहां बिना किसी देरी के शैक्षणिक गतिविधियां और सत्र शुरू करवाने का अनुरोध।

विभागों की निगरानी होगी, कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना होगा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भागलपुर । भागलपुर की नवनियुक्त जिला अधिकारी अलंकृता पांडेय ने सोमवार को पदभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिले की प्रशासनिक गतिविधियों, विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी अधिकारियों से ली। अलंकृता ने कहा कि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता होगी। प्रशासन को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में कोशिश होगी। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी विभागों के कार्यों की निगरानी होगी। जनहित से जुड़े कार्यों को बढ़ाया जाएगा। आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई होगी, ताकि लोगों को कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

श्रावणी मेला और कांवर यात्रा को लेकर तैयारियों की समीक्षा : पदभार संभालने के बाद नवनियुक्त डीएम ने श्रावणी मेला और कांवर यात्रा को जिले का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन बताते हुए इसकी तैयारियों पर विशेष फोकस किया। उन्होंने कहा कि सुल्तानगंज से देवघर तक जाने वाली कांवर यात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता होगी। डीएम ने कहा कि पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन काम करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि श्रावणी मेले के दौरान विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी और नियमित समीक्षा बैठक कर तैयारियों का आकलन किया जाएगा।

विक्रमशिला पुल की स्थिति की जानकारी ली जाएगी : जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने विक्रमशिला पुल पर यातायात व्यवस्था को चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि पुल पर लगातार लगने वाले जाम से आम लोगों को काफी परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों के सुचारू परिचालन और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर रणनीति तैयार की जाएगी। पुल पर आवागमन को सुगम बनाने और लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य करेगा।

जरूरतमंदों के लिए एसएसबी के जवानों ने किया रक्तदान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

अररिया । सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान न केवल सरहद की सुरक्षा ही करते हैं,बल्कि जरूरत पड़ने पर रक्त देने से भी नहीं हिचकते।रक्त की कमी के बीच जरूरतमंदों के लिए एसएसबी 56 वीं बटालियन के जवानों ने सोमवार को शिविर लगाकर रक्तदान किया। एसएसबी 56वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी नितिन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में बथनाहा मुख्यालय स्थित चिकित्सालय में सदर अस्पताल द्वारा लगाए गए एकदिवसीय रक्तदान शिविर में दर्जनों एसएसबी के अधिकारी और कार्मिकों ने रक्तदान किया। इस आयोजन पर कमांडिंग अधिकारी नितिन कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान है। इससे बड़ा कोई दान नहीं, क्योंकि यह किसी का जीवन बचाने का सबसे बड़ा परोपकारी काम है। रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं, उसे नया जीवन दे सकते हैं। यह एक पुण्य का काम है, जिससे दूसरों को खुशी व नया जीवन मिलता है और हमें भी संतोष मिलता है। द्वितीय कमान अधिकारी ने स्वयं से रक्तदान करने वाले एसएसबी के रक्तवीरों को फल एवं जूस का वितरण किया। रक्तदान शिविर में वाहिनी के कमांडिंग अधिकारी नितिन कुमार गुप्ता सहित दर्जनों कार्मिकों ने रक्तदान किया।

राष्ट्रगीत पर कुर्सी से नहीं उठे ऑफिसर्स

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

मुंगेर । मुंगेर में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत के अपमान का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना रविवार की बताई जा रही है। आरोप है कि जिला कृषि पदाधिकारी सुष्मिता सहित अन्य कर्मी और हॉल में मौजूद लोग राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' बजने के बावजूद अपनी कुर्सी पर बैठे रहे। यह कार्यक्रम किसान सम्मान निधि योजना के तहत आयोजित किया गया था। इसमें डीबीटी के माध्यम से मुंगेर के किसानों के खातों में राशि हस्तांतरित की जा रही थी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किसानों के खाते में सम्मान निधि की किस्त भेज रहे थे।

अन्य कर्मचारी अपनी-अपनी कुर्सियों पर बैठे रहे : वीडियो में देखा जा सकता है कि जब 'वंदे मातरम्' की धुन बजी, तो प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम बड़े मंत्री, नेता और अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सम्मानपूर्वक खड़े दिखाई दे रहे थे। इसके विपरीत, मुंगेर के संयुक्त कृषि भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी सुष्मिता और अन्य कर्मचारी अपनी-अपनी कुर्सियों पर बैठे रहे। वायरल वीडियो में जिला कृषि पदाधिकारी सुष्मिता को कुर्सी पर बैठे-बैठे ही राष्ट्रगीत गाते हुए देखा जा रहा है। इस दौरान वह अन्य कर्मचारियों से बातचीत करती भी नजर आईं, जिससे राष्ट्रगीत के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल उठ रहे हैं।

कर्मचारी आराम से बैठकर बात करते दिखे : कार्यक्रम में मौजूद कुछ किसानों और अन्य लोगों ने दबी जुबान में राष्ट्रीय प्रतीकों के इस अपमान पर नाराजगी व्यक्त की। आप भी वीडियो में साफ साफ देख सकते हैं कि किस तरह पूरे राष्ट्रगीत के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी सुष्मिता सहित अन्य कर्मचारी ठाठ से बैठकर गप्पे मारते दिखाई दे रहे हैं। जबकि सभा कक्ष में लगाए गए एलईडी में पूरे राष्ट्रगीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े दिखाई दे रहे हैं। वहीं वीडियो सामने आने के बाद लोग ऐसे पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

भागलपुर-कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन अब और अट्ठारह ट्रिप चलेगी

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03407/03408 भागलपुर-कटिहार-भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** की यात्रा दोनों दिशाओं में अपने वर्तमान मार्ग, समय-सारिणी, ठहराव एवं गठन के अनुसार **दिनांक 23.06.2026 से 10.07.2026 तक** रोज़ाना जारी रहेगी। अन्य सभी अनुदेश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

दोषियों को बचाने वालों को भी जेल भेजा जाए : पप्पू यादव

बेगूसराय । सामूहिक दुष्कर्म और क्रूर हिंसा की शिकार पीड़िता से मिलने रविवार को जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों से भी मामले में हुई चिकित्सकीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। पीड़िता से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पप्पू यादव ने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना से जुड़े सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने पीड़िता को 20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) पूरे मामले की गंभीरता से जांच करे। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या संलिप्तता सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सांसद ने कहा कि यह घटना समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़िता द्वारा पहले भी शिकायत किए जाने के बावजूद समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर राज्य सरकार पर भी सवाल उठाए। पप्पू यादव ने कहा कि दुष्कर्म और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में केवल निलंबन जैसी कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में दोषियों को कानून के तहत कठोर सजा दिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल के जरिए जल्द न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी या अन्य अधिकारी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 18.06.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा (दो बोली प्रणाली) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-105-26-27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता (मुख्यालय) /सियालदह के कार्यक्षेत्र में विभिन्न स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.10,11,32,189.13, **बयाना राशि :** रु. 20,22,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** 15 (पंद्रह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.07.2026 को 15.00 बजे। 1. निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। 2. भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। 3. **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक **17.07.2026** को 15.30 बजे है।

SDAH-91/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान

प्राकृतिक आपदा एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित स्थानीय आपदाओं में पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु की स्थिति में सरकार द्वारा सहाय्य अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। सहाय्य अनुदान के दावा एवं भुगतान की प्रक्रिया तथा दर निम्नवत है :

आवेदन एवं भुगतान की प्रक्रिया

1 **पशु मृत्यु के पश्चात् अगर शव प्राप्त हो:**
(क) पशुपालक निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दें तथा विहित प्रपत्र (प्रपत्र-क) में आवेदन दें।
(ख) आवेदन मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य/सरपंच/पंच/वार्ड सदस्य द्वारा अग्रसारित होना चाहिये (प्रपत्र-क)। पशुचिकित्सा पदाधिकारी आवेदन अंचलाधिकारी को प्रेषित करेंगे।
(ग) अंचलाधिकारी प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

2. **पशु शव प्राप्ति नहीं होने की स्थिति में:**
(क) पशुपालक स्थानीय थाना में पशु क्षति के संबंध में सनहा/प्राथमिकी दर्ज कराऐं।
(ख) पशुपालक सनहा/प्राथमिकी की प्रति संलग्न कर आवेदन अंचलाधिकारी को देंगे। अंचलाधिकारी राजस्व कर्मचारी/अन्य कर्मी से वास्तविक रूप से पशु क्षति संबंधी जाँचोंपरान्त स्वीकृति हेतु अग्रेतर कार्रवाई करेंगे (प्रपत्र-ग)।
(ग) अंचलाधिकारी पशु क्षति संबंधी सूचना को ससमय जिला पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे (प्रपत्र-ख/प्रपत्र-ग)। जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक जाँचोपरान्त अभिलेख स्वीकृत कराकर घटना के एक सप्ताह के अन्दर सहाय्य अनुदान का भुगतान किया जायेगा।

3. **अन्य आपदाओं यथा सुखाड़/वज्रपात/अग्निकाण्ड आदि की स्थिति में यथासंभव अन्त्य परीक्षण कराना आवश्यक होगा। बड़ी संख्या में एक ही स्थान में एक ही तरह की परिस्थिति में पशुओं की मृत्यु होने पर रैण्डम रूप से यथासंभव पाँच से दस प्रतिशत पशुओं/मुर्गियों का अन्त्य परीक्षण करते हुए मृत्यु का कारण निर्धारित किया जाएगा।**

टिप्पणी :
1. विहित प्रपत्र-क, ख एवं ग तथा विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया विभागीय वेबसाईट (https://state.bihar.gov.in/ahd), जिला पशुपालन कार्यालय एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध है।
2. आवेदन में वांछित विवरण यथा नाम, पता, मोबाईल नं., आधार नं., मृत पशु से संबंधित विवरण, मृत्यु का कारण तथा बैंक खाता का ब्योरा इत्यादि अंकित रहना आवश्यक है।

बाढ़/आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर सहाय्य अनुदान की दर

क्रं.	पशु का प्रकार	राशि प्रति इकाई	अधिकतम अनुमान्य (प्रति परिवार)	अभ्युक्ति
1	दुग्धकारी पशु क) गाय/भैंस/ऊँट/याक/मिथुन आदि	37,500/-	3 पशु तक सीमित	1. आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं की वास्तविक क्षति के अनुसार सीमित होगी। 2. किसी अन्य सरकारी योजना से प्राप्त होने वाली सहायता (यथा एवियन इन्फ्लूएन्जा से पक्षियों की मृत्यु या अन्य बीमारियों से मृत्यु) की स्थिति में यह सहाय्य अनुदान देय नहीं होगा।
	ख) बकरी/भेंड़/सुकर	4,000/-	30 पशु तक सीमित	
2	भारवाही पशु क) बैल/ऊँट/घोड़ा आदि	32,000/-	3 पशु तक सीमित	
	ख) बछड़ा/खच्चड़/गदहा/टट्टु	20,000/-	6 पशु तक सीमित	
3	पॉल्ट्री	100/-	अधिकतम सीमा 5000/- रूपये	
4	घर के साथ संलग्न पशु शेड अग्निकांड हेतु	3,000/-	प्रति पशु शेड	

PR No.- 005247 (Animal)D. 2026-27

विशेष जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (दूरभाष संख्या 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (दूरभाष संख्या 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है।
@BiharDFARD

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/621, दिनांक 19.06.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, सियालदह, पूर्व रेलवे, आरएमएस बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'-निविदा सं. एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/02/26-27/सीएपी । कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** "सियालदह मंडल के तहत 06 स्टेशनों पर सभी सुविधाओं सहित हट के साथ रोलिंग इन/आउट एग्जामिनेशन" के संबंध में टेलीकम कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,16,57,113.91, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,33,200/- **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 02.07.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 16.07.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 16.07.2026 को 14.30 बजे। **विवरण यहां उपलब्ध है: www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित किया जाना है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "फिक्स्ड/बुलेट/डोम/पीटीजेड टाइप कैमरा का इस्तेमाल करते हुए सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ से सम्मिलित कोई भी कार्य"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-93/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

ई-नीलामी सूचना सं. एडीवीटी/एएसएन/02/07 **दिनांक :** 17.06.2026 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग संख्या :** एडीवीटी-एएसएन-02-07, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 02.07.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. एवं विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एडीवीटी-ईएफएफ-130876-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), तीन वर्ष की अवधि के लिए विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) का इस्तेमाल करते हुए कोचों की बाहरी सतह के ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध (क्षेत्रफल-1588 वर्ग फुट)/(147.53 वर्ग मीटर)। (12383-84 आसनसोल-सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस)। **एए/2, एडीवीटी-ईएफएफ-131107-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), कोचों की बाहरी सतह के ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन के लिए अनुबंध। विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल-1462 वर्ग फुट (135.8242 वर्ग मीटर)। (13505-06 आसनसोल-दीघा एक्सप्रेस और 22329-30 (हल्दिया-आसनसोल-हल्दिया एक्सप्रेस)। **एए/3, एडीवीटी-ईएफएफ-131111-1-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 13507-13508 (आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस)/13509-13510 (आसनसोल -गोंडा एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/4, एडीवीटी-ईएफएफ-131112-2-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 12375/76 (जसीडीह-तांबरम एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/5, एडीवीटी-ईएफएफ-237528-1-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 12361/62 (आसनसोल-मुंबई सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) के कोचों की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। **एए/6, एडीवीटी-ईएफएफ-239709-1-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 वर्ष की अवधि के लिए ट्रेन नं. 22306-05 (जसीडीह-बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस) के कोच की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से ऊपरी और निचले पैनल (खिड़की के ऊपर और नीचे) पर वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों के लिए अनुबंध प्रदान करना। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-147/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने युवाओं के साथ किया योग

गड़हनी । राष्ट्रीय रोग दिवस पर गड़हनी भाजपा के मंडल अध्यक्ष कुमार अरविंद सिंह ने दर्जनों युवाओं के साथ योग किया और योग करने का फायदा बताया। कहा कि अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, स्वशासन प्रणाम, वज्रासन योग मन, शरीर को स्वस्थ व सुंदर बनाता है। योग एक प्राकृतिक उपचार और दवा से मुक्त करने का एक विधि है। योग दिवस पर गड़हनी पुरानी बाजार, बलिगांव बाबा बालेश्वर मंदिर, ब्लॉक रोड सहित कई जगहों पर युवाओं ,महिलाएं व बुजुर्गों में योग करते देखे गए। इस मौके पर मुकेश कुमार सिंह, करिया सिंह, अंकित सिंह, छोटू सिंह, टिंकू सिंह, अभय सिंह, मुन्ना पाण्डेय, मंटू सिंह सहित कई युवा शामिल थे।

विद्यालयों में लगाया गया सामूहिक योग शिविर

आरा । कलेक्ट्रिएट सूर्य मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व में मंत्री सह आरा विधायक संजय सिंह टाईगर, सीडी शर्मा समेत नेताओं व कार्यकर्ताओं ने योगाभ्यास किया। दुर्गा राज ने योग को भारतीय संस्कृति की पहचान बताया, जबकि संजय सिंह टाईगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। डॉ. केएन. सिन्हा ने योग को रोगमुक्त जीवन का माध्यम बताया। डॉ. संजीव सिन्हा, इंजीनियर धीरेंद्र सिंह और अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बाद में लोगों के बीच शरबत और शीतल जल वितरित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रामलीला मैदान में प्रयास एक कोशिश बदलाव फाउंडेशन और माय युवा भारत के तत्वावधान में योग शिविर आयोजित हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर ने योग के महत्व को बताया। जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने इस वर्ष की थीम बताई। कुमार मंगलम, राजा कुमार, कौशल विद्यार्थी, विभु जैन और प्रतीक सहित कई युवाओं ने भाग लिया। शुभ नारायण नगर, शांति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में सामूहिक योग अभ्यास शिविर आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। योग शिक्षक शशीभूषण सिंह ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। अरविंद ओझा, ऋषिकेश ओझा, संजीव सिन्हा, विष्णु शंकर, ब्रजेश कुमार तिवारी और राजेश रमण मौजूद रहे। आरा के मदन जी का हाता स्थित नई आशा कार्यालय में योग शिविर आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक स्वामी विक्रमादित्य और प्रेम पांडे ने प्रतिभागियों को योग के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के इंटर्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इशिका मल्होत्रा ने योग को भारत की वैश्विक पहचान बताया। कंचन कामिनी, दीपक कुमार, मनीष वत्स, कुंदन कुमार सिंह, सौम्या राज, अभिनव कुमार और शांभवी सिंह उपस्थित रहीं।

चोरी के गहने के साथ दो महिला सहित चार गिरफ्तार

आरा । टाउन थाना की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, घटना में इस्तमाल किया गया स्कॉर्पियो गाड़ी के नंबर और तकनीकी अनुसन्धान के आधार पर छापामारी कर एक महिला से चोरी किया गया ज्वेलरी कांड का सफल उद्भेदन करते हुए चोरी के 120 ग्राम सोना के गहने , 1.7 किलोग्राम चांदी के गहने, 5 मोबाईल फोन, 1 स्कार्पियो एवं नगद 1,66,000 रुपया के साथ 4 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पटना जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के पत्थर की मस्जिद गली के निवासी मोहम्मद जमशेद के पुत्र मोहम्मद सद्दाम और पटना जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड के निवासी स्वर्गीय जागेश्वर मलिक के पुत्र लल्लू कुमार, गुलजारबाग मेहंदी नगर पटना के निवासी गैंग का मास्टर माइंड ध्रुवपातो देवी और कांति देवी शामिल है। कांति देवी गिरफ्तार लल्लू कुमार की पत्नी है। कांति देवी अपने पति को छोड़कर लल्लू कुमार के साथ रहती थी और घटना को अंजाम देती थी। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी उनके घर पटना से किया गया। गिरफ्तार सभी को जेल भेज दिया गया। टाउन थाना के दारोगा तथा केस के अनुसंधान कर्ता रमेश कुमार ने बताया कि इस घटना को उद्भेदन करने के लिए शहर से लेकर फोरलेन तक करीब 50 सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। जिसके बाद कामयाबी मिली। यह गिरोह पेशेवर और शातिर अपराधी है। स्कॉर्पियो गाड़ी के नंबर का भी अनुसन्धान में महत्वपूर्ण भूमिका रहा। टिम में शामिल गिरफ्तार महिला अपराधी पटना से आरा अपनी निजी स्कॉर्पियो से आती थी। गाड़ी को धरहरा के पास खाड़ा कर देती थी। वहां से ऑटो और अन्य सवारी साधन से शहर में आती थी और चोरी की घटना को अंजाम देती थी। घटना को अंजाम देने के बाद ऑटो से धरहरा के तरफ निकल जाती थी। फोनकर अपने स्कॉर्पियो गाड़ी के ड्राइवर को बुलाती थी और फिर स्कॉर्पियो से पटना चली जाती थी। चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए पटना से आरा ट्रेन या बस का कभी भी उपयोग नहीं किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। ध्रुवपातो देवी थी गैंग का मास्टर छापामारी टिम को लीड कर रहे दारोगा रमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार महिला ध्रुवपातो देवी गैंग का मास्टर माइंड थी। इसी के इशारे पर गैंग चोरी की घटना को अंजाम देता था। ध्रुवपातो देवी अखिलेश नगर गुलजारबाग पटना की निवासी थी। इसके बताए अनुसार वह अपने गैंग के साथ 4 बार घटना को अंजाम दे चुकी है। ध्रुवपातो देवी पेशेवर अपराधी है। इसका मुख्य काम भीड़भाड़ वाले इलाके में जाकर महिलाओं में सट कर बैग और बैग में रखे गहने की चोरी करना है। 24 अप्रैल 2026 को टाउन थाना क्षेत्र के गोपाली चौक के पास से गौसगंज विजय नगर के निवासी रूबी सिंह से उक्त महिलाओं ने बैग में रखे करीब 15 लाख रुपया के गहने की चोरी कर लिया था। रूबी देवी जैसे ही गोपाली चौक के पास स्थित राज श्री ज्वेलर्स से निकली ध्रुवपातो देवी और कांति देवी ने उसके शरीर में सट कर उसके बैग से गहना निकाल कर चल दिया था।

सामूहिक योगाभ्यास में स्वस्थ जीवन का लिया गया संकल्प

बक्सर । पतंजलि परिवार बक्सर के तत्वावधान में शहर के प्रमुख स्थानों गोलंबर स्थित काली बाबू पार्क और रेलवे मैदान में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह के समय आयोजित इस सामूहिक योगाभ्यास में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता दिखाई। काली बाबू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में योग साधकों ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी मजबूत होता है। योग आज के तनावपूर्ण जीवन में एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरकर सामने आया है। वहीं रेलवे मैदान में आयोजित कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अरविंद सिंह और भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी राजेश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति बक्सर के प्रभारी संजय ओझा तथा भारत स्वाभिमान के कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर उपस्थित लोगों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है।

शहीद अग्निवीर दानिश के परिजनों से मिले जनप्रतिनिधि, दी सांत्वना

कोईलवर । असम के जोरहाट में देश सेवा के दौरान शहीद हुए वायु अग्निवीर दानिश आलम के परिजनों से रविवार को राजद के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। शिष्टमंडल के सदस्यों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व विधायक डॉ. अनवर आलम, राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, पटना महानगर अध्यक्ष मो. महताब आलम, विधायक प्रत्याशी रामबाबू सिंह, राजद जिला अध्यक्ष बीरबल यादव, जिला परिषद सदस्य रविंद्र रजक, कोईलवर प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस ठाकुर, कायमनगर पंचायत अध्यक्ष पिंटू यादव, मुखिया रंजीत साव तथा युवा राजद के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र राम सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

गोली लगने के बाद भरत तिवारी को मुर्दों के बीच रखा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

भोजपुर । 'भाई भरत तिवारी को पुलिस ने 5 गोलियां मारी थीं। प्राइवेट पार्ट में भी उन्हें गोली लगी है। बॉडी में गन सटाकर पुलिस ने फायर किया। एक बुलेट तो बॉडी के आरपार हो गई। पुलिस ने भाई के साथ धोखा किया है। पुलिस ने कहा था, हम तुम्हारी हर मांग पूरी कर देंगे, जिसके बाद भाई ने पिस्टल फेंकी थी। पटना में मुझे डॉक्टर ने बताया कि पुलिस भरत को लेकर आई और एक मुर्दे के पास लेटाकर चली गई थी। भरत की किसी तरह की कोई जांच नहीं की गई।' ये बातें भरत तिवारी की बहन ने कही हैं। वहीं पिता काशीनाथ कहते हैं कि मेरे बेटे का एनकाउंटर हो गया था। इसके बाद भी पुलिस वालों ने मुझे थाने में 12 घंटे तक बैठाकर रखा था। इस कारण मैं बेटे को देख भी न सका।

बहन बोली- पीएमसीएच में भाई की डेड बॉडी मिली : बहन कहती हैं कि जब एनकाउंटर हुआ था तब मैं बक्सर में थी। मुझे सूचना मिली की भाई को इलाज के लिए ले पटना के पीएमसीएच ले जाया गया है। मैं पीएमसीएच पहुंची। वहां मैंने

अपने भाई को सभी जगह खोजा, पर उसका कहीं कुछ पता नहीं चल रहा था। मैंने सोचा कि किसी वार्ड या इमरजेंसी में उसका इलाज चल रहा होगा। एक डॉक्टर से पूछा तो उन्होंने बताया कि एक लाश आई है, एनकाउंटर हुआ है। देख लीजिए वो आपका भाई तो नहीं है। जब मैं लाश के पास पहुंची तो मैंने देखा कि वो मेरे भाई ही था। मेरा छोटा भाई भरत जवनिया गांव के लिए लड़ता था। जब 18 साल का था, तब से ही उसके मन में समाज के लिए कुछ करेंगे या मरेंगे की जिद थी।

पिता बोले- पुलिसवालों ने मुझे एनकाउंटर की जानकारी तक नहीं दी थी : वहीं पिता काशीनाथ कहते हैं कि एनकाउंटर वाले दिन मैं थाने पर गया था। पुलिस से ये कहने गया था कि बेटा मानसिक रूप से अभी परेशान है। जिसके बाद मुझे पुलिस वालों ने थाने पर ही बैठा लिया। पुलिस वालों ने मुझे शाम सात बजे तक थाने में कैदी की तरह रखा था। दोपहर में कुछ पुलिस वाले आए, उन्होंने कहा कि आपके बेटे को छर्रा लगा है। मामूली चोट है, ठीक हो जाएगा। मुझे नहीं बताया गया कि उसका एनकाउंटर हुआ है। मैं जब घर जाने की बात करता था तो कहते थे बैठिए न थोड़ी देर। शाम में मेरी बहू दौड़ती हुई थाने पहुंची और कहा कि पापा आप यहां बैठे हैं, भरत को इनलोगों ने मार दिया है। जिसके बाद मैं सेंसलेस हो गया था। इसके बाद भी मुझे पुलिस वालों ने घर नहीं जाने दिया। देर शाम मुझसे भरत के बारे में पूछताछ की, वो कैसा लड़का था, क्या करता था। इसके बाद मुझे पुलिस गाड़ी मैं बैठाया और घर छोड़ने की बात कही। हाईवे पर गाड़ी पहुंची थी। जिसके बाद फिर से थाने पर ले जाया गया। फिर से पूछताछ की गई। उसके बाद मुझे घर छोड़ा गया।

अंतरजिला चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

आरा । भोजपुर के टाउन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अंतरजिला चोर गिरोह के 4 सदस्यों पटना के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया है। तलाश के दौरान 120 ग्राम सोना, 1.7 किलोग्राम चांदी, 1 लाख 66 हजार रुपए कैश, पांच मोबाइल और एक स्कॉर्पियो बरामद हुआ है। गिरफ्तार चोरों में पटना जिला के गोपालपुर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड निवासी लल्लू कुमार, उसकी पत्नी कांति देवी, मेहंदीगंज के अखिलेश नगर गुलजारबाग निवासी विनोद साह की पत्नी ध्रुपातो देवी और सुलतानगंज थाना क्षेत्र के पत्थर की मस्जिद निवासी मो. जमशेद के पुत्र मो. सद्दाम शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी है। ध्रुपातो देवी के पास से 41 हजार और कांति देवी के पास से 1 लाख 25 हजार रुपए नगद बरामद हुए। साथ ही लल्लू के पास से स्कॉर्पियो बरामद हुआ है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई गिरफ्तारी : 24 अप्रैल को टाउन थाना क्षेत्र के विजयनगर गौसगंज निवासी अखिलेश सिंह की पत्नी रुचि सिंह अपनी बेटी के साथ ज्वेलरी शॉप गई थी। सोने के गहने ज्वेलर्स के लॉकर से लेकर अपने हैंड बैग में रखकर गोपाली चौक की ओर जा रही थी। तभी रास्ते में दो अज्ञात महिला उनसे टकराई।

भरत के घर पहुंचे भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

आरा । भोजपुर के शाहपुर प्रखंड स्थित बिलौटी गांव में पुलिस एनकाउंटर में भरत तिवारी की मौत हुई थी। रविवार को भोजपुरी सुपरस्टार और राजद नेता खेसारी लाल यादव पीड़ित परिवार से मिलने बिलौटी गांव पहुंचे। खेसारी ने कहा कि भरत तिवारी के बारे में लोग अच्छी-अच्छी बातें कर रहे हैं, लेकिन उनके सपनों और विचारों को आगे बढ़ाने की बात कोई नहीं कर रहा है। उन्होंने परिजन से कहा कि जो भी नेता या जनप्रतिनिधि मिलने आए, उनसे यह जरूर पूछा जाए कि भरत का सपना कैसे पूरा होगा और गरीबों-वंचित लोगों के लिए उनके अधूरे कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाएगा। परिवार को न्याय दिलाने के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा और सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाऊंगा। खेसारी ने कहा कि भरत तिवारी की मौत

को केवल राजनीतिक लाभ या प्रचार का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि न्याय की लड़ाई को लगातार आगे बढ़ाना होगा। इस मामले में जो भी सच है, वह सामने आना चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

सिर्फ फोटो खिंचवाने से न्याय नहीं मिलेगा : खेसारी ने कहा कि आज बड़ी संख्या में नेता और जनप्रतिनिधि बिलौटी गांव पहुंच रहे हैं, लेकिन केवल संवेदना व्यक्त करने या फोटो खिंचवाने से न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कई लोग यहां आएंगे, कुछ बातें कहेंगे और फिर चले जाएंगे, लेकिन वास्तविक लड़ाई लड़ने के लिए बहुत कम लोग आगे आएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जहां भी मेरी जरूरत होगी, मैं परिवार और आंदोलन के साथ खड़ा रहूंगा। लोगों से अपील है कि जो भी नेता या सामाजिक कार्यकर्ता इस मामले में आवाज उठा रहे हैं, उन्हें केवल गांव पहुंचकर बयान देने के बजाय अपने-अपने मंचों और सोशल मीडिया के जरिए भी न्याय की मांग को मजबूती से उठाना चाहिए।

कानून का काम हथियार छुड़वाना है : खेसारी ने आरोप लगाया कि व्यवस्था में अपराध को समाप्त करने के बजाय कई बार ऐसे कदम उठाए जाते हैं, जिन पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि कानून का काम अपराधियों से हथियार छुड़वाना और उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत सजा दिलाना है, लेकिन यदि किसी कार्रवाई पर लगातार सवाल उठ रहे हैं तो उसकी जांच आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि न्याय की इस लड़ाई में वे परिवार के साथ खड़े रहेंगे और जरूरत पड़ने पर अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

बिजली समस्या पर लोगों का प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर । बक्सर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 और 23 स्थित सोनीपट्टी मोहल्ले में लगातार बिजली समस्या से परेशान स्थानीय लोगों ने सोमवार को चरित्रवन स्थित पावर हाउस पर प्रदर्शन किया। दर्जनों मोहल्लेवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा करते हुए अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। प्रदर्शन में शामिल वार्ड पार्षद गुड्डू कुमार, विकास कुमार और दीपक कुमार सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मोहल्ले में बार-बार बिजली के तार जल जाते हैं, जिससे घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इसके अतिरिक्त, इलाके का एक ट्रांसफार्मर भी लंबे समय से खराब पड़ा है।

बिजली विभाग ने नहीं बदला ट्रांसफार्मर : स्थानीय लोगों के अनुसार, बिजली विभाग ने अब तक ट्रांसफार्मर बदलने या उसकी मरम्मत

कराने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इस समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग के कॉल सेंटर पर शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मोहल्लेवासियों ने फोन और संदेश के माध्यम से भी विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, मगर उन्हें कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। विभाग की इस निष्क्रियता से लोगों में भारी नाराजगी है।

बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ाई : प्रदर्शनकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में बिजली कटौती ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। बिजली न होने के कारण पानी की समस्या भी गंभीर हो गई है, क्योंकि मोटर न चल पाने से घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर पड़ रहा है। गुस्साए लोग जब दोपहर 12 बजे पावर हाउस पहुंचे, तो वहां कोई अधिकारी मौजूद नहीं मिला। अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने लोगों का आक्रोश और बढ़ा दिया। प्रदर्शनकारियों ने जले हुए तारों को तुरंत बदलने, खराब ट्रांसफार्मर को ठीक कराने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

नीट यूजी 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर । बक्सर जिले में रविवार को नीट यूजी 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। इस दौरान जिला पदाधिकारी साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समाहरणालय बक्सर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। जिला पदाधिकारी ने स्वयं चरित्रवन स्थित एमवी कॉलेज परीक्षा केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी,

केंद्राधीक्षक और वीक्षकों को सक्रिय रहते हुए परीक्षा को कदाचारमुक्त संचालित करने का निर्देश दिया।

115 परीक्षार्थी एग्जाम में हुए अनुपस्थित : प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की संभावना को रोका जा सके। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी निगरानी बढ़ाई गई और अभ्यर्थियों की गहन जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 1353 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। इनमें से 1238 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 115 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राहत की बात यह रही कि परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। निर्धारित समय के अनुसार, सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर परीक्षार्थियों का प्रवेश शुरू हुआ। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच प्रक्रिया अपनाई गई। दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए और किसी भी अभ्यर्थी को देर से प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। प्रशासन के अनुसार, बक्सर जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जिला प्रशासन ने सफल आयोजन के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मियों को सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने पर सराहना दी।

मुठभेड़ मामले में जन सुराज ने निकाला कैंडल मार्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर । बक्सर में भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। रविवार को जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की। मार्च में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए।जन सुराज पार्टी ने बताया कि कैंडल मार्च का उद्देश्य भरत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने की मांग को सशक्त करना और समाज में शांति व एकजुटता का संदेश देना था। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता की कथित मुठभेड़ में मौत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भरत तिवारी लंबे समय से जनता के मुद्दों को उठाते रहे थे, और जनहित से जुड़े सवालों पर सक्रिय रहते थे। मिश्रा ने सरकार से मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने तक इस कार्रवाई में शामिल सभी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए। इसके अतिरिक्त, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की गई।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने की थी सुनवाई : वरिष्ठ नेता और सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अभिषेक कुमार पांडेय ने इस मामले में पटना उच्च न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने हाथरस मामले का उदाहरण दिया, जहां इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की थी। पार्टी प्रभारी आनंद सिंह ने पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष जांच में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच होती, तो भरत भूषण तिवारी शायद जीवित होते। पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक ने भी न्यायिक जांच की मांग दोहराई और कहा कि पुलिस अधीक्षक (SP) तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (DSP) को निलंबित कर उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। कैंडल मार्च में धनजी पांडे, अरविंद पांडे, अजीत सम्राट, नीरज सिंह, प्रभात कुमार, विनोद मिश्रा, अजय सिंह, करुणानिधि दुबे समेत बड़ी संख्या में जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस प्रदर्शन के बाद मामले को लेकर सियासी हलचल और तेज हो गई है।

- एसपी-डीएसपी के निलंबन और न्यायिक जांच की मांग की

नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत व जीवन संतुलित रहता है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

बक्सर । रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बक्सर जिला योगमय हो गया। शहर से लेकर गांव तक आम से लेकर खास तक लोगों ने योग किया। इस दौरान योग को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तालाब के समीप पतंजलि योगपीठ हरिद्वार एवं भारत स्वाभिमान के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योग शिविर का आयोजन किया गया। यहां 7 दिवसीय योग शिविर का आयोजन पहले से ही किया गया था। 7 वें दिन अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का बड़े स्तर पर आयोजन कर समापन किया गया। जहां एक साथ सैकड़ो लोगों ने योग किया। कार्यक्रम की जानकारी भारत

स्वाभिमान के जिला सोशल मीडिया प्रभारी बजरंगी लाल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत योग एवं प्रार्थना के साथ हुई। इस दौरान पतंजलि योग समिति के सह प्रभारी सह योग शिक्षक अजय कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा जीवन संतुलित रहता है। इस दौरान प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित कई योग क्रियाओं का अभ्यास किया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम भी कराया गया। योग ने परंपरा और संस्कृति को दिलाई पहचान इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार सिंह ने ने प्रधानमंत्री द्वारा योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। योग ने भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में दीपक दूबे,रंजन प्रसाद शिक्षक, अरूण कुमार ओझा, प्रधानाध्यापक रामाकांत राम, कमलेश्वर कुमार, लखन कुमार, हेमंत कुमार, गौतम कुमार रमेश प्रसाद विद्यार्थी, किशोर राय, राजु यादव, दिलिप यादव, सच्चिदानंद पाठक, नितिश कुमार, राजा पटेल, अजय सिंह, हरेन्द्र तिवारी, पुष्पा देवी, विभू मिश्रा, डाक्टर साहब, अनिल कुशवाहा, का सराहनीय योगदान रहा।

संक्षिप्त समाचार

वैशाली में रोड एक्सीडेंट में महिला की मौत, परिजनों ने शव रखकर किया प्रोटेस्ट, पुलिस एक्शन पर उठाए सवाल

हाजीपुर। वैशाली के लालगंज में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुआवजे के साथ-साथ मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की और पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। जानकारी के अनुसार, यह घटना बीते शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे हुई थी। सररिया पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी 40 वर्षीय हिरा देवी, जो रामजन्म राम की पत्नी थीं, अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल से तिनपुलवा होते हुए अपने मायके मधुसूदन पकड़ी जा रही थीं। लालगंज न्यू बाइपास स्थित यादव चौक के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में हिरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पहले अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने के कारण उन्हें पटना रेफर कर दिया गया था। रविवार शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने शव को तीनपुलवा चौक पर रखकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त किया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। परिजन मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौजूद है। वे लोगों को समझाकर यातायात सामान्य कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार है।

पंचायत में जमीन विवाद पर तलवार-पिस्टल से हमला, दो लोग गंभीर घायल, एक पटना रेफर, 2 आरोपी अरेस्ट

हाजीपुर। जिले के काजीपुर थाना क्षेत्र के सेलमपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर बुलाई गई एक पंचायत के दौरान हमलावरों ने तलवार और पिस्टल से हमला कर दिया। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। पुलिस को दिए बयान में नीलम देवी ने बताया कि उनके पति मुकेश पासवान और देवर देवनाथ पासवान गांव के स्कूल में आयोजित एक पुरानी जमीन विवाद सुलझाने वाली पंचायत में मौजूद थे। इसी दौरान, राजेश्वर पासवान (स्वर्गीय तुलसी पासवान के पुत्र), उनके बेटे मनीष कुमार और अभिनाश कुमार, तथा राजेश्वर पासवान की पत्नी लालमुनी देवी वहां पहुंचे। उन्होंने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब मुकेश पासवान और देवनाथ पासवान ने इसका विरोध किया, तो मनीष और अभिनाश ने तलवारें निकाल लीं, जबकि राजेश्वर पासवान ने पिस्टल ले ली। मनीष और अभिनाश ने देवनाथ पासवान पर जान से मारने की नीयत से तलवार से हमला किया, जिससे उनके दोनों हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। राजेश्वर पासवान ने पिस्टल की बट से मुकेश पासवान के सिर पर वार किया, जिससे वे भी बुरी तरह घायल होकर गिर पड़े। वहां मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को बचाया। घायलों को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया। देवनाथ पासवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। नीलम देवी ने अपनी शिकायत में दिनेश पासवान पर भी इस घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि राजेश्वर पासवान के दोनों बेटे घटना से पहले दिनेश के घर पर थे। परिजनों का आरोप है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं, जिसके डर से वे लोग घर छोड़कर भागे हुए हैं। हालांकि, पुलिस ने घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज कर मनीष कुमार और अभिनाश कुमार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

बिहार विधानसभा उप-भवन में नवनिर्मित 'विशेषाधिकार न्यायालय कक्ष' का उद्घाटन

संसदीय लोकतंत्र और विधायी स्वायत्तता को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम : डॉ. प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को बिहार विधानसभा उप-भवन के प्रथम तल पर नवनिर्मित 'विशेषाधिकार न्यायालय कक्ष' का विधिवत उद्घाटन किया। पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित इस गरिमामय समारोह में विधानसभा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 194 के अंतर्गत राज्य विधानमंडलों, उनके सदस्यों एवं समितियों को विशेष अधिकार, शक्तियां और उन्मुक्तियां प्रदान की गई हैं। इन संवैधानिक प्रावधानों का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार के दबाव से मुक्त रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा उप-भवन में नवनिर्मित 'विशेषाधिकार न्यायालय कक्ष' का उद्घाटन संसदीय लोकतंत्र की गरिमा एवं विधायी स्वायत्तता को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। यह कक्ष माननीय सदस्यों के विशेषाधिकार हनन से जुड़े मामलों की निष्पक्ष सुनवाई तथा त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि जनप्रतिनिधियों के अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा हेतु प्रभावी व्यवस्थाएं उपलब्ध हों। नया विशेषाधिकार न्यायालय कक्ष इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, विधायक तारकिशोर प्रसाद, अरुण मांझी, विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा सहित विधानसभा के वरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस नई व्यवस्था को विधानसभा की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

6 जिलों में आंधी-बारिश, कोसी बराज से 91 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



पटना। भीषण गर्मी के बीच बिहार के कुछ जिलों में मौसम बदला है। नालंदा, शेखपुरा, गोपालगंज, लखीसराय और बेतिया में बारिश हुई है। सुबह सुबह कैमूर में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। नेपाल में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। कोसी बराज से 91 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इससे सुपौल के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विभाग ने आज यानी सोमवार को राज्य के 19 जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60Kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है।

बिहार में सामान्य से 42 फीसदी कम बारिशः बिहार में मानसून की एंट्री हो चुकी है, लेकिन अब तक राज्य में सामान्य से 42% कम बारिश दर्ज की गई है। 21 जून तक बिहार में 87.8 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, जबकि अब तक सिर्फ 50.8 मिमी बारिश हुई है। स्थिति यह है कि उत्तर-पूर्व बिहार के कुछ जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, जबकि दक्षिण और पश्चिम बिहार के कई जिले अब भी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। इसका सीधा असर कृषि गतिविधियों पर पड़ने लगा है। बारिश कुछ चुनिंदा जिलों तक ही सीमित रहने के कारण राज्य के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी है।

लोक सेवा समर्पण, निष्ठा और जनकल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण : डॉ. प्रेम कुमार

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोक सेवा समर्पण, निष्ठा और सामूहिक कल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है। लोक सेवकों का समर्पित योगदान ही सतत विकास, शांति और समावेशी समाज की मजबूत नींव तैयार करता है।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रभावी, पारदर्शी और उत्तरदायी सार्वजनिक प्रशासन किसी भी देश की प्रगति, सुशासन और जनकल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। लोक सेवक समाज और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं तथा जनहित की योजनाओं और नीतियों को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस दुनिया भर के लोक सेवकों के अथक प्रयासों, सेवाभाव और रचनात्मक योगदान को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस उन लाखों कर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम है, जो समाज और राष्ट्र के विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहते हैं।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना भी है। लोक सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम "संस्थानों का रूपांतरण : नवाचार, सहभागिता और समावेशन को बढ़ावा देना" का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते समय में प्रशासनिक संस्थानों को अधिक प्रभावी, नवाचारी और जनोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है। सहभागिता और समावेशन के माध्यम से ही सुशासन की अवधारणा को और अधिक मजबूत किया जा सकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि लोक सेवकों की प्रतिबद्धता, नवाचार और सेवा भावना देश को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा एक समृद्ध, सशक्त और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान देगी।

खेल एकता, अनुशासन और वैश्विक मित्रता का सशक्त माध्यम : डॉ. प्रेम कुमार

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष का संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस खेलों के माध्यम से हर आयु वर्ग, लिंग और बिना किसी भेदभाव के शारीरिक रूप से सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के संकल्प का प्रतीक है।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस ओलंपिक आंदोलन की एकता, खेल भावना, अनुशासन और वैश्विक मित्रता के मूल्यों को उजागर करता है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की स्थापना वर्ष 1894 में पियरे डी कूबर्टिन द्वारा की गई थी। यही संस्था विश्व के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन ओलंपिक खेलों का संचालन और आयोजन करती है। ओलंपिक आंदोलन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से विश्व में शांति, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, ओलंपिक मूल्यों का प्रसार करना तथा "स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन" की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है। आज के दौर में खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम "खेल : सेतु निर्माण, बाधाएं तोड़ना" का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल समाज में मौजूद विभिन्न प्रकार की दूरियों और भेदभाव को समाप्त कर लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करते हैं। खेल शांति, सौहार्द और समावेशिता को बढ़ावा देते हैं तथा एक बेहतर और अधिक समावेशी दुनिया के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं से खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत प्रतिभा का विकास होता है, बल्कि राष्ट्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने का अवसर भी प्राप्त होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि खेल संस्कृति को बढ़ावा देकर स्वस्थ, ऊर्जावान और आत्मविश्वासी समाज का निर्माण किया जा सकता है।

योगजनक महर्षि पतंजलि संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के साथ विश्व योग दिवस समारोह संपन्न

- **योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का आधार, महर्षि पतंजलि के योगदर्शन का अध्ययन आवश्यक : डॉ. मुकेश कुमार ओझा**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना द्वारा "आधुनिको भव संस्कृतं वद" अभियान के अंतर्गत आयोजित योगजनक महर्षि पतंजलि स्मृति अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के साथ विश्व योग दिवस समारोह रविवार को संस्कृतमय वातावरण में संपन्न हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित 45वां लगातार संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर था, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से जुड़े प्राचार्यों, आचार्यों, सह-आचार्यों तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि योग स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक और मानसिक तनाव दूर होता है तथा व्यक्ति का समग्र विकास संभव होता है। उन्होंने महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योगसूत्रों के अध्ययन को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि योग के मूल सिद्धांतों को समझकर ही उसके वास्तविक लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए "आधुनिको भव संस्कृतं वद" अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्व गृह सचिव डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि योग को दैनिक जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने अष्टांग योग के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और अनुशासित बनाने की संपूर्ण पद्धति है।

मुख्य वक्ता प्रो. रागिनी वर्मा ने नियमित योगाभ्यास की आवश्यकता पर बल देते हुए महर्षि पतंजलि के योगदर्शन की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और असंतुलित जीवनशैली के बीच योग मानव जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। विशिष्ट अतिथि बी.डी. महाविद्यालय के पालि विभागाध्यक्ष प्रो. एच.के. सिंह ने कहा कि योग जीवनशैली में सुधार लाने का प्रभावी





माध्यम है। उन्होंने कहा कि मानव विकास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए योग एक महत्वपूर्ण कुंजी के रूप में कार्य करता है।

इस अवसर पर अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा, डॉ. लीना चौहान, डॉ. नीरा कुमारी, डॉ. विश्वजीत रुद्रपाल, डॉ. डिम्पल, दयानी शारदेय, वंदना पटेरिया एवं उमा हेनोते ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने महर्षि पतंजलि के योगदानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार और संस्कृत में संवाद की परंपरा को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में उग्र नारायण झा ने वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। प्रो. रागिनी वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि डॉ. लीना चौहान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. नीरा कुमारी द्वारा ऐक्य मंत्र के पाठ के साथ हुआ। संस्था की ओर से बताया गया कि अगला अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर 11 जुलाई से महागुरु गोरक्षनाथ की स्मृति में आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 81वें दौर के सर्वेक्षण हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

ऋण, निवेश, कृषि परिवारों की आर्थिक स्थिति और प्रवासन संबंधी आंकड़े जुटाने पर रहेगा विशेष फोकस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्रीय संचालन प्रभाग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के 81वें दौर के लिए चार दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार से एवीआर, बेली रोड, पटना में शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 22 जून से 25 जून तक आयोजित होगा। इस सर्वेक्षण के प्रमुख विषय *"अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण (AIDIS), स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण (SAS) तथा प्रवासन संबंधी विवरण (Migration)"* हैं। सर्वेक्षण का कार्य जुलाई 2026 से जून 2027 तक संचालित किया जाएगा। इससे पूर्व इसी प्रकार का सर्वेक्षण एनएसएस के 77वें दौर के अंतर्गत वर्ष 2019 में किया गया था।

आर्थिक और सामाजिक नीतियों के लिए महत्वपूर्ण होगा सर्वेक्षणः प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने कहा कि यह सर्वेक्षण देश के सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से परिवारों की आर्थिक स्थिति, ऋण, निवेश, कृषि आय तथा प्रवासन से संबंधित व्यापक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध होंगे, जो नीति निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

परिवारों की संपत्ति, ऋण और निवेश का होगा आकलनः उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण के अंतर्गत परिवारों की वित्तीय एवं भौतिक संपत्तियों, पूंजी निर्माण तथा ऋण की स्थिति का विस्तृत आकलन किया जाएगा। इसमें भूमि, भवन, पशुधन, बैंक जमा, बीमा और अन्य परिसंपत्तियों के साथ-साथ ऋण के प्रकार, उद्देश्य और ब्याज दर संबंधी जानकारी भी एकत्र की जाएगी।

कृषि परिवारों की आय और आर्थिक स्थिति का अध्ययनः स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण (एसएएस) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के कृषि परिवारों की भूमि, पशुधन, कृषि पद्धतियों, तकनीकी जागरूकता, आय एवं व्यय का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा। इसके आधार पर कृषि एवं गैर-कृषि गतिविधियों से प्राप्त औसत मासिक आय का आकलन किया जाएगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य कृषि परिवारों की वास्तविक आर्थिक स्थिति को सामने लाना है।

प्रवासन के स्वरूप और कारणों की भी होगी पड़तालः सर्वेक्षण के तीसरे प्रमुख विषय प्रवासन के अंतर्गत लोगों के स्थानांतरण के स्वरूप, कारण और प्रभावों का अध्ययन किया जाएगा। इसमें मौसमी, अस्थायी और स्थायी प्रवासन, रोजगार, शिक्षा और विवाह जैसे कारणों से होने वाले प्रवास की जानकारी जुटाई जाएगी। साथ ही प्रवासियों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि (रेमिटेंस) तथा उसके उपयोग से संबंधित आंकड़े भी संकलित किए जाएंगे।

प्रशिक्षुओं को सटीक आंकड़े जुटाने के लिए किया प्रेरितः कार्यक्रम में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के अधिकारियों ने भी भाग लिया। उप निदेशक परिमल ने पिछले दौर के सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर प्रकाश डालते हुए इस सर्वेक्षण की उपयोगिता बताई तथा प्रशिक्षुओं को सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े एकत्र करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक राजीव कुमार झा एवं वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी प्रियंका कुमारी ने किया। प्रशिक्षण शिविर के तकनीकी सत्रों में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी धीरेन्द्र नाथ प्रसाद, कुमार इन्द्रजीत और सुबोध कुमार ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर उप क्षेत्रीय कार्यालय, गया के सहायक निदेशक गौरव कुमार, उप क्षेत्रीय कार्यालय, भागलपुर के प्रभारी रंजीत कुमार, चंदा कुमारी, मंजूषा कुमारी सहित अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में उमेश प्रसाद, सोमेन्द्र कुमार, आलोक कुमार पाण्डेय, अमित कुमार और रवि कुमार ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सुधीर कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

पूरे बिहार में 30 जुलाई से सफाईकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। पूरे बिहार के नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के कर्मचारी 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। उससे पहले 30 जून को सभी नगर निकायों में प्रदर्शन किया जाएगा। पटना नगर निगम मुख्यालय मौर्य लोक पर भी 30 जून को प्रदर्शन होगा। उसके बाद सभी अंचल पर प्रदर्शन और आमसभा कर कर्मियों को हड़ताल के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बसे पहले बांकीपुर अंचल पर प्रदर्शन किया जाएगा। उसके बाद कंकड़बाग, पाटलीपुत्र, नूतन राजधानी अजिमाबाद और पटना सिटी अंचल पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 29 जुलाई को हड़ताल के पूर्व संध्या पर मौर्य लोक से मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

हम लोगों ने सरकार को दो वर्षों का मौका दिया- चन्द्र प्रकाश सिंहः पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा, 'हम लोगों ने सरकार को दो वर्षों का मौका दिया था। नगर विकास अधिकारी और यूनियन के

पदाधिकारी की एक कमिटी बनी थी, जिसमें समान काम का समान वेतन को लेकर बात हुई थी। लेकिन एक साल से ऊपर हो गया, आज तक एक भी बैठक नहीं हुई, जिससे सरकार की मजदूर विरोधी मंशा स्पष्ट है। इसलिए इस बार सरकार को कोई मौका नहीं देना चाहते, जब तक मांग पूरा नहीं हो जाता।'

दैनिक कर्मियों के नियमति करने सहित अन्य मांगः पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा, 'ये प्रदर्शन दैनिक कर्मियों के नियमित करने, आउटसोर्स व्यवस्था की समाप्ति कर आउटसोर्स कर्मियों का निगम कर्मी के रूप में एडजस्टमेंट, आउटसोर्स के द्वारा मानव बल की चोरी पर रोक, एसीपी और एमएसीपी पर नगर विकास विभाग द्वारा लगाए रोक को वापस लेने की मांग को लेकर किया जाएगा। बिहार के लोकल बॉडीज कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र में आमसभा करेंगे। 5 जुलाई को मगध प्रमंडल का गया में, 6 जुलाई को पटना प्रमण्डल का पटना में, 10 जुलाई को तिरहुत प्रमण्डल का मुजफ्फरपुर में, 12 जुलाई को दरभंगा प्रमण्डल का दरभंगा में, 14 जुलाई को मुंगेर प्रमण्डल का बेगूसराय में और फिर कोसी, भागलपुर और पूर्णिया प्रमण्डल में आमसभा किया जाएगा। हड़ताल के पूर्व संध्या पर सभी निकाय में 29 जुलाई को मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर पटना को मिलेगा अर्बन हेल्थ-सेंटर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

पटना। पटना में दिल्ली मॉडल के मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर दो नए अर्बन हेल्थ सेंटर की सौगात मिलेगी। इसी सप्ताह स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार एक साथ दोनों सेंटरों का उद्घाटन कर सकते हैं। पटना नगर निगम के दो वार्डों में इसकी सौगात दी गई है। इसमें एक हेल्थ सेंटर वार्ड संख्या 38 के दरियापुर भट्ठी में बना है, जो कि सबसे बड़ा है और दूसरा वार्ड संख्या 48 के नंद नगर कॉलोनी में तैयार किया गया है। इस अर्बन हेल्थ सेंटर लोगों को मुफ्त इलाज, नियमित जांच और आवश्यक दवाएं मिलेगी। वार्ड पार्षद डॉ इंद्रदीप चंद्रवंशी ने कहा, 'जब मैं स्टैंडिंग कमिटी का सदस्य था, तो हम लोगों ने मिलकर यह इनिशिएटिव लिया था। हमारा यही प्रयास था कि नगर निगम के सभी 75 वार्ड में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हो। अब इसका आगाज मैं और वार्ड 38 के पार्षद डॉ आशीष सिन्हा कर रहे हैं। इसके अलावा 18 जगह पर इसे बनाने के लिए सरकार ने जगह उपलब्ध करा दी है। आज भी दिल्ली मॉडल के मोहल्ला क्लीनिक की चर्चा होती है। मैं आश्वस्त करता हूं कि वैसे ही सुविधा पटना के इन दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिलेगी।'

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

अलकतरा घोटाला: ठेकेदार को तीन साल की सजा, एक लाख रुपये का जुर्माना

रांची। झारखंड के चर्चित अलकतरा (बिटुमेन) घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए ठेकेदार झमन प्रसाद को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी ठहराए गए ठेकेदार पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में कुल सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया था। हालांकि सुनवाई के दौरान पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने के कारण तत्कालीन चार कनीय अभियंताओं और दो सहायक अभियंताओं को अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। सीबीआई की जांच के अनुसार, यह मामला वर्ष 2005-06 में भुरकुंडा-पतरातू सड़क खंड के लगभग छह किलोमीटर लंबे हिस्से के नवीकरण कार्य से संबंधित है। सड़क निर्माण में उपयोग होने वाले अलकतरे (बिटुमेन) की खरीद सरकारी एजेंसियों से की जानी थी, लेकिन निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए इसकी खरीद निजी एजेंसियों से की गई। जांच एजेंसी के अनुसार, इस प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताएं बरती गईं और सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार ने अदालत में 14 गवाहों को पेश किया। गवाहों के बयान, दस्तावेजी साक्ष्य और अन्य उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर अदालत ने ठेकेदार झमन प्रसाद को दोषी पाया और उसे सजा सुनाई। मामले में ट्रायल का सामना करने वाले अन्य छह आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। इनमें तत्कालीन कनीय और सहायक अभियंता शामिल थे। बरी किए गए अभियुक्तों में भुनेश्वर महतो वर्तमान में पथ प्रमंडल, गोड्डा में कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत हैं, जबकि अन्य अभियंता सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

फायरिंग का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम। साकची थाना क्षेत्र के बंगाल क्लब रोड स्थित अभिषेक जुबली चाय दुकान के समीप हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गोलमुरी टुइलाडुंगरी निवासी 28 वर्षीय विपिन शुक्ला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल और मैगजीन भी बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 19 जून की रात करीब 10 बजे बंगाल क्लब रोड पर एक अज्ञात युवक ने फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की थी। घटना के बाद पुलिस ने मौके से 7.65 एमएम का एक खोखा बरामद किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के नेतृत्व तथा सिटी डीएसपी सुधीर कुमार महतो की निगरानी में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद 21 जून को उसे सीतारामडेरा बस स्टैंड की ओर जाते समय हाथीघोड़ा मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। दशरथ शुक्ला पूर्व में मिराज सिनेमा के मालिक हरीश सिंह पर हुई फायरिंग की घटना में आरोपित रह चुका है। उस मामले में उसका नाम कुख्यात अपराधियों प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह के साथ जुड़ा था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दशरथ शुक्ला रंगदारी और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में जेल जा चुका है और हाल ही में जेल से बाहर आया है। वर्तमान मामले में पुलिस सभी संभावित आपराधिक कड़ियों की भी जांच कर रही है।

हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम। बागबेड़ा थाना पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए एक संभावित बड़ी आपराधिक घटना को टाल दिया। पुलिस ने नागाडीह मैदान के समीप छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक लोडेड देशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद की गई है। इस संबंध में बागबेड़ा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोमवार को ग्रामीण एसपी शुभम खंडेवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि रविवार देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नागाडीह मैदान के पास कुछ संदिग्ध लोग एकत्र होकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की और मौके से दो संदिग्धों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सरायकेला-खरसावां जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र के इच्छापुर निवासी मंगल टुडू उर्फ मंगल मांझी (46) और सुंदरनगर थाना क्षेत्र के केरवाडुंगरी निवासी समरेश रविदास उर्फ मिथुन (34) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान दोनों के पास से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने हथियार के साथ स्कूटी और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगल टुडू का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ जमशेदपुर और सरायकेला-खरसावां के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, लूटपाट, अवैध हथियार रखने और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें परसुडीह, आदित्यपुर, आरआईटी और गोविंदपुर थाना क्षेत्रों के मामले शामिल हैं।

वरिष्ठ दलील लेखक भवतोष राय का निधन, चाईबासा में शोक की लहर

पश्चिमी सिंहभूम। चाईबासा शहर के बांधपाड़ा निवासी एवं वरिष्ठ दलील लेखक भवतोष राय का सोमवार सुबह जमशेदपुर स्थित टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही चाईबासा सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। भवतोष राय लंबे समय से विधिक क्षेत्र से जुड़े हुए थे और दलील लेखक के रूप में उनकी एक अलग पहचान थी। अपने सरल स्वभाव, सौम्य व्यवहार और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे अधिवक्ताओं, मुवक्किलों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। विधिक क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, भवतोष राय अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बड़े पुत्र पार्थ सारथी राय शिक्षक हैं, जबकि छोटे पुत्र सव्यसाची राय अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। उनकी पुत्रवधू उपमा राय चाईबासा नगर परिषद की वार्ड पार्षद हैं और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। परिजनों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार आज चाईबासा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।

डालसा ने संत जेवियर्स स्कूल के बच्चों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

एजेंसी। रांची

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर नशा उन्मूलन को लेकर रांची के संत जेवियर स्कूल, डोरंडा में डालसा ने सीआईडी के सहयोग से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, लाईफ सेवर्स एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा, एनसीबी के शारिक उमर, सीआईडी के नवीन कुमार, रिजवान अंसारी, विधि की छात्राएं सहित अन्य उपस्थित थे।

पुनर्वास केंद्रों और एनजीओ नशा करने वालों की करते हैं मदद : राजेश- कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि नालसा (डॉन) योजना 2025 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण की ओर से शुरू की गई एक राष्ट्रीय विधिक पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य कानूनी सहायता, जन-जागरूकता और पुनर्वास के माध्यम से देश को नशामुक्त बनाना और नशीली दवाओं के पीड़ितों को मुख्यधारा में वापस लाना है। उन्होंने कहा कि कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं। सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता करती है। वहीं लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा ने कहा कि आज के युवा छात्र-छात्राओं को नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है, जिससे कि वे इनका सेवन करने से बचें और दूसरों को भी बचाएं। नशा से बचने के लिए अतुल गेरा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों को शपथ दिलाई। इधर, एनसीबी के शारिक उमर ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह क़ानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए ज़िम्मेदार है। गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए मानस हेल्पलाइन (टोल फ्री नं. 1933) स्थापित की है।

पूर्व सांसद बागुन सुम्बरुई की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम

झारखंड आंदोलन के पुरोधा और पूर्व सांसद स्वर्गीय बागुन सुम्बरुई की पुण्यतिथि पर सोमवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके संघर्षमय जीवन, जनसेवा और सामाजिक न्याय के प्रति योगदान को याद किया गया। कांग्रेस जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय ने कहा कि बागुन सुम्बरुई केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि झारखंडी अस्मिता, आदिवासी स्वाभिमान और जनसंघर्ष की मजबूत आवाज थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सुम्बरुई ने अपना पूरा जीवन जल, जंगल, जमीन और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि बागुन सुम्बरुई किसानों, मजदूरों, वंचितों और शोषितों की आवाज बनकर हमेशा संघर्ष करते रहे। संसद से लेकर सड़क तक उन्होंने झारखंड और विशेषकर कोल्हान क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाया। झारखंड आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने और आदिवासी समाज को राजनीतिक, सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकार दिलाने में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। त्रिशानु राय ने कहा कि बागुन सुम्बरुई का सादा जीवन, स्पष्ट विचार और जनता के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। मौके पर सोशल मीडिया जिला चेयरमैन रवि कच्छप, विक्रमादित्य सुंडी, अजय कुमार, बिक्रम बिरुली, मो. ईस्लाम, बिजय जारिका, शिव दास, सुरज नायक, सुशील दास सहित अन्य उपस्थित थे।

ठेका कर्मियों को नियमित कार्यबल में शामिल करे एचईसी प्रबंधन : लीलाधर

एजेंसी। रांची

हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (इंटक) की बैठक में यूनियन के महामंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय संगठन सचिव लीलाधर सिंह ने एचईसी प्रबंधन से 20 वर्षों से कार्यरत तकनीकी ठेका कर्मियों को नियमित कार्यबल में समाहित करने और वर्ष 2018 बैच के तकनीकी कर्मियों को नियमानुसार प्रोन्नति देने की मांग की। यूनियन की ओर से सोमवार को रांची में आयोजित बैठक में लीलाधर सिंह ने कहा कि लंबे समय से कार्यरत तकनीकी ठेका कर्मियों के अनुभव और दक्षता का लाभ एचईसी को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन कर्मियों को नियमित करने से संस्थान को कम लागत पर कुशल श्रमिक उपलब्ध होंगे और कर्मचारियों को स्थायी सेवा का लाभ मिलेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि 15 वर्षों से लगातार कार्यरत ठेका कर्मियों को पहले अस्थायी कर्मी के रूप में नियुक्त किया जाए और 240 दिन की सेवा पूरी होने पर उन्हें स्थायी किया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार सेवानिवृत्ति और इस्तीफों के कारण आने वाले वर्षों में एचईसी को कुशल तकनीकी कर्मियों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। सिंह ने वर्ष 2018 बैच के तकनीकी कर्मियों की प्रोन्नति लंबित रहने पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष बाद भी पदोन्नति नहीं होना कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित कर रहा है। बैठक में पीएफ से जुड़े रेजर इश्यू के समाधान के बाद जारी दस्तावेजों पर आधिकारिक मुहर और हस्ताक्षर नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के उपाध्यक्ष गिरीश कुमार चौहान ने की। इस अवसर पर यूनियन के कई पदाधिकारी और कामगार मौजूद थे।

सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपित दोषी करार, 27 जून को सजा पर होगी सुनवाई

एजेंसी। रांची

रांची जिले के मांडर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग मौसेरी बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बहुचर्चित मामले में पॉक्सो की विशेष अदालत ने सोमवार को आरोपित सुशील उरांव को दोषी करार दिया। अदालत ने मामले में दोष सिद्ध होने के बाद सजा के निर्धारण के लिए 27 जून की तिथि निर्धारित की है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना 17 अप्रैल 2024 की है। दोनों नाबालिग मौसेरी बहनें चान्हो थाना क्षेत्र के हूंटार गांव में लगने वाला मेला देखने गई थीं। उनके साथ दो नाबालिग लड़के भी मौजूद थे। मेला समाप्त होने के बाद चारों एक ही मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों नाबालिग आरोपित, लड़कियों को बहाने से अपने घर ले गए। पीड़िताओं ने घर छोड़ने की बात कही, लेकिन आरोपितों ने कुछ देर बाद घर पहुंचाने का आश्वासन दिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों नाबालिग आरोपितों ने जबरन दोनों पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद एक पीड़िता किसी तरह आरोपितों के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। दूसरी पीड़िता को बाद में बीजूपाड़ा-खलारी मार्ग के समीप स्थित जंगल क्षेत्र से बरामद किया गया, जहां आरोपित उसे सुबह के समय मोटरसाइकिल से छोड़कर फरार हो गए थे। पीड़िताओं के परिजनों की शिकायत पर मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपितों के खिलाफ साक्ष्य जुटाए और आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर पॉक्सो की विशेष अदालत ने सुशील उरांव को दोषी ठहराया। अब अदालत 27 जून को दोषी की सजा के बिंदु पर सुनवाई करेगी। मामले को लेकर पीड़ित परिवार न्यायालय के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहा है। वहीं अभियोजन पक्ष ने दोषी को कठोर सजा दिए जाने की मांग की है।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

गोविंदपुर थाना क्षेत्र के घोड़ाबांधा नया रोड पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर बैठे एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, सुखदेव गोराई (43) अपने साथी कालिदास राजुआड़ (62) के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान घोड़ाबांधा नया रोड पर तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे सुखदेव गोराई ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि कालिदास राजुआड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना प्रभारी पवन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटना में शामिल डंपर को जब्त कर लिया गया है। हालांकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

झारखंड में कमजोर पड़ा मानसून, 23 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश

एजेंसी। रांची

झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार इस वर्ष अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। राजधानी रांची को छोड़कर राज्य के अधिकांश जिलों में वर्षा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार 01 जून से 22 जून तक राज्य के 24 जिलों में से 23 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे कृषि गतिविधियों और जलस्रोतों को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, गढ़वा जिला सबसे अधिक वर्षा कमी वाले क्षेत्रों में शामिल है। यहां मानसून सीजन के दौरान अब तक केवल एक मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 99 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार चतरा जिले में मात्र 6.8 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 92 प्रतिशत कम है। कई अन्य जिलों में भी वर्षा का आंकड़ा सामान्य स्तर से काफी नीचे बना हुआ है। इसके विपरीत राजधानी रांची राज्य का एकमात्र प्रमुख जिला रहा, जहां मानसूनी गतिविधियां अपेक्षाकृत बेहतर रहीं। रांची में 01 जून से 22 जून के बीच 118.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य वर्षा से दो प्रतिशत अधिक है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मौसम के मिजाज में कुछ बदलाव की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार राज्य में 28 जून तक कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। संभावित मौसम गतिविधियों को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा गिरिडीह जिले के नंदाडीह क्षेत्र में दर्ज की गई, जहां 62.4 मिलीमीटर बारिश हुई। इस वर्षा से स्थानीय क्षेत्रों में तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना बना रहा। सोमवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही बादल छाए रहे तथा कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। बादलों और वर्षा के कारण दिनभर मौसम अपेक्षाकृत ठंडा और सुहावना बना रहा। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। राज्य के प्रमुख शहरों में दर्ज तापमान की बात करें, तो रांची का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री तथा न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम 41.8 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा।

माध्यमिक आचार्य नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट ने जेएसएससी से मांगा जवाब

एजेंसी। रांची

माध्यमिक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया (विज्ञापन संख्या-02/2025) से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) से जवाब तलब किया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत में हुई, जहां अभ्यर्थियों की ओर से नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं और तकनीकी समस्याओं का मुद्दा उठाया गया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने जेएसएससी को निर्देश दिया कि वह मामले से संबंधित स्पष्ट निर्देश और आवश्यक जानकारी प्राप्त कर अगली सुनवाई की तिथि पर अदालत के समक्ष उपस्थित हो। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 30 जून निर्धारित की है। यह मामला उन अभ्यर्थियों से जुड़ा है जिन्होंने माध्यमिक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में भाग लिया था, लेकिन परीक्षा के बाद आयोग की वेबसाइट पर लॉगिन करने के बावजूद अपनी उत्तर कुंजी (आंसर-की) और रिस्पॉन्स शीट नहीं देख सके। अभ्यर्थियों का कहना है कि पोर्टल पर लगातार "यूजर डज नॉट एग्जिस्ट" का संदेश प्रदर्शित हो रहा था, जिसके कारण वे अपने परीक्षा संबंधी विवरण तक पहुंच नहीं बना सके। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को उनकी उत्तर कुंजी और रिस्पॉन्स शीट उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके कारण वे निर्धारित समय सीमा के भीतर उत्तर कुंजी पर आपत्ति दर्ज कराने के अपने वैधानिक अधिकार का उपयोग नहीं कर पाए। उनका कहना है कि आयोग की इस तकनीकी विफलता का सीधा असर उनकी चयन प्रक्रिया पर पड़ा है। अभ्यर्थियों ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में उन्हें दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) के लिए भी आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे उनकी उम्मीदवारी प्रभावित हुई और वे चयन प्रक्रिया के अगले चरण से बाहर हो गए। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि उन्हें समय पर उत्तर कुंजी और रिस्पॉन्स शीट उपलब्ध कराई जाती तथा आपत्ति दर्ज कराने का अवसर मिलता, तो उनकी स्थिति भिन्न हो सकती थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा। न्यायालय यह जानना चाहता है कि आखिर किन कारणों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को उनकी उत्तर कुंजी और रिस्पॉन्स शीट उपलब्ध नहीं हो सकी तथा इससे प्रभावित अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के लिए आयोग ने क्या कदम उठाए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.:-379726 Building(26-27)#D, Tender Reference No.-.-04/E.E., BCD/BUILDING DIV. Daltonganj/2026-27, Dated: 13.05.2026** कार्य से संबंधित क्रमांक–1, में अंकित निविदा को तकनीकी एवं अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता हैं।

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Building division,daltonganj

PR 382984 (Building)26-27*D

कार्यालय : जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा

शुद्धि–पत्र (Corrigendum)

इस कार्यालय के प्रकाशित निविदा संख्या PR 381947 Agriculture (26-27)_D द्वारा Hi-Tech Government Nursery के क्रियान्वयन हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था।उक्त प्रकाशित निविदा के SECTION-II के क्रमांक–2Eligibility Criteria अंतर्गत इच्छुक संस्था का National Horticulture Board (NHB) Accreditation Certificate आनिवार्य किया गया था।

प्रकाशित निविदा में National Horticulture Board (NHB) Accreditation Certificate के अतिरिक्त Department of Biotechnology (DBT)Certificate को भी मान्य किया जाता है। प्रकाशित निविदा में जहां भी NHB अंकित हो उसके स्थान पर **NHB अथवा DBT** पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

PR 382953
Agriculture(26-27).D

प्रधान वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, गढ़वा
कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, गढ़वा
पी०पी०आई०ए० फेलो, नीतिआयोग, गढ़वा

संक्षिप्त समाचार

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर को दी 205 करोड़ की सौगात, मेगा कोचिंग टर्मिनल का लोकार्पण

जयपुर, एजेंसी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को जयपुर के खातीपुरा रेलवे

स्टेशन पर 205 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अत्याधुनिक मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई ट्रेन में आठ स्लीपर और एक सामान्य कोच लगाए गए हैं, जिससे राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेल मंत्री ने बताया कि मेगा कोचिंग टर्मिनल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निरीक्षण प्रणाली और आधुनिक रखरखाव सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे रेलों के रखरखाव की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने सीकर जिले के सुंदरपुरा में खाटूश्यामजी मंदिर के लिए नए रेलवे स्टेशन के निर्माण की घोषणा भी की, जिससे देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

मातोश्री पहुंचे डीके शिवकुमार, उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में बढ़ीं अटकलें

मुंबई, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के संकट मोचक कहे जाने वाले डीके शिवकुमार शनिवार देर रात को उद्धव ठाकरे से मिलने उनके घर मातोश्री पहुंचे। शिवसेना (यूबीटी) में जारी अंदरूनी संकट और 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चाओं के बीच इस मुलाकात ने महाराष्ट्र की राजनीति में नए सियासी समीकरणों को लेकर अटकलों का दौर तेज कर दिया है। डीके शिवकुमार की यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब उद्धव ठाकरे की पार्टी के छह लोकसभा सांसदों के बागी तेवर चर्चा में हैं। इन सांसदों के संसदीय दल की बैठक में शामिल नहीं होने के बाद पार्टी के भीतर बड़े विभाजन की आशंका जताई जा रही है। राजनीतिक गलियारों में इसे 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत की पुनरावृत्ति के रूप में देखा जा रहा है। मातोश्री में हुई इस मुलाकात के दौरान उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे, युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सांसद संजय राउत भी मौजूद रहे। इस मुलाकात के बाद डीके शिवकुमार ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे और उनके परिवार के साथ गर्मजोशी भरी मुलाकात हुई और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। डीके शिवकुमार की इस मुलाकात के बाद कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के रिश्तों को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

बदलापुर में मुंबई-वडोदरा हाईवे पर भीषण हादसा

बदलापुर, एजेंसी। महाराष्ट्र के बदलापुर के पास मुंबई-वडोदरा हाईवे पर रविवार तड़के एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। एक तेज रफ्तार लग्जरी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में बीएमडब्ल्यू के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बदलापुर पश्चिम पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा रविवार (21 जून) तड़के करीब 2:39 बजे हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि करोड़ों की कार मलबे में तब्दील हो गई। कार के पुर्जे और टायर हाईवे पर दूर-दूर तक बिखर गए थे।

पंजाब में अगली सरकार भाजपा की बनेगी', लुधियाना से नितिन नवीन का आह्वान

लुधियाना, एजेंसी। आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपना अभियान शुरू कर दिया है. इसी क्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को लुधियाना के अनाज मंडी में एक जनसभा को संबोधित किया गया. बीजेपी अध्यक्ष ने पंजाब की आप सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने दावा कि पंजाब में अगली सरकार भारतीय जनता पार्टी की बनेगी. उन्होंने कहा कि वे दो दिनों से पंजाब में हैं, जो गुरु गोबिंद सिंह जी, गुरु नानक देव जी की धरती है. उन्होंने कहा कि सेवा और त्याग इस राज्य की पहचान है, मैं पूरे संकल्प के साथ कहता हूं कि सिर्फ बीजेपी ही पंजाब का विकास करेगी क्योंकि पंजाब को कई नकली पार्टियों ने लूटा है. '

नितिन नवीन ने कहा कि 'बीजेपी हर गांव जाएगी और विकास योजनाओं के बारे में बताएगी. जहां भी हमारी सरकार बनी, वहां विकास हुआ; पीएम मोदी पंजाब के लोगों के दिलों में बसते हैं. उन्होंने हमेशा गुरुओं का सम्मान किया है, आज हमें यह संकल्प लेने की जरूरत है कि हम लोगों से जुड़ें; पंजाब बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रहा है. बिहार के लोग काम के लिए पंजाब आते थे, चाहे खेती हो या उद्योग, आज यह सब अंधेरे में चला गया है. आज पंजाब के लोगों को लगता है कि

पंजाब में मौजूदा सरकार को सत्ता से हटा देना चाहिए. '

आप सरकार पर निशाना साधते हुए बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा, 'पंजाब के लोगों ने नहीं सोचा था कि यह सरकार उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करती रहेगी. मैं पंजाब के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आपको नहीं लगता कि इस सरकार को बाहर कर देना चाहिए? क्या आपको नहीं लगता कि इस सरकार को सत्ता से बाहर कर देना चाहिए और अब वह समय आ गया है? '

इससे पहले, पंजाब बीजेपी के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि 'केंद्र सरकार सिर्फ उन फसलों के लिए पैसा भेज रही है जिन पर एमएसपी दिया जा रहा है. तभी धान और गेहूं की खरीद होती है. केंद्र द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा भेजे जा चुके हैं. मौजूदा सरकार ने इसमें से कितना खर्च किया है, यह एक बड़ा सवाल है. नरेंद्र मोदी पंजाब को लेकर चिंतित हैं.

रैली को संबोधित करते हुए बीजेपी नेता सुनील जाखड़ ने कहा कि हिंदू-सिख समुदाय को खत्म करने की कोशिश की जा रही है. 1997 में जब वाजपेयी जी ने अकाली दल के साथ गठबंधन किया था, तो वह एक सामाजिक गठबंधन था. आज 'काले अंग्रेज' पंजाब को फिर से बांटने की कोशिश कर रहे हैं. कुछ देर पहले अश्विनी जी ने कहा था कि पंजाब में कमल खिलेगा, लेकिन कमल हमेशा कीचड़ में ही खिलता है।

कर्नाटक एमएलसी चुनाव में 'गद्दारी' करने वालों की अब खैर नहीं, मंदिर में होगा भाजपा विधायकों का लाइ डिटेक्टर टेस्ट!

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में हुए विधान परिषद चुनाव में भाजपा के साथ खेला होने के बाद अब पार्टी आलाकमान सख्त हो गई है। क्रॉस-वोटिंग करने वाले विधायकों की पहचान के लिए बीजेपी ने दक्षिण कन्नड़ जिले के धर्मस्थल स्थित श्री मंजुनाथ मंदिर में विधायक दल की बैठक बुलाई है। कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र का कहना है कि भाजपा कार्यकर्ता एमएलसी चुनाव में विधायकों की क्रॉस-वोटिंग से नाराज हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान एमएलसी चुनाव में क्रॉस-वोटिंग पर कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली भाजपा के कार्यकर्ताओं का एमएलसी चुनाव में क्रॉस-वोटिंग से नाराज होना स्वाभाविक है। पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी निराशा है। मैं हमारे विपक्ष के नेता आर. अशोक से बात करने जा रहा हूं। पार्टी कार्यकर्ताओं और कैडर के संदेह और चिंताओं को दूर करने के लिए मैंने तय किया है कि हमें तुरंत धर्मस्थल में लेजिस्लेटिव पार्टी की बैठक बुलानी चाहिए। बता दें, कर्नाटक में विधान परिषद के चुनाव में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा के साथ खेला कर दिया था।

फिर एक्टिव हुआ मानसून: मुंबई में झमाझम बारिश, यूपी-बिहार समेत 8 राज्यों को जल्द मिलेगी राहत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई में लंबे समय से भीषण गर्मी और उमस का सामना कर रहे लोगों को आखिरकार राहत मिल गई है, क्योंकि रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में सीजन की पहली अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार,



इस महीने की शुरुआत में मानसून दक्षिण कोंकण तक पहुंच गया था, लेकिन वह पिछले कुछ दिनों से सोलापुर के पास रुका हुआ था।

अब पश्चिमी घाट में बनने वाले बादलों की वजह से मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में बारिश की गतिविधियां तेज हुई हैं, और उम्मीद जताई जा रही है कि अगले एक-दो दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों और आगे के राज्यों में बढ़ने के लिए पूरी तरह अनुकूल हो जाएगा।

देशभर में मानसून की रफ्तार की बात करें तो यह पिछले 15 दिनों में करीब 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन फिलहाल यह उत्तर प्रदेश और बिहार के बॉर्डर पर स्थित महराजगंज के पास पिछले नौ दिनों से थमा हुआ है।

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अनुकूल सिस्टम एक्टिव होने के कारण 23 जून के आसपास यह रुकावट दूर होगी और मानसून ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ जाएगा।

हालांकि, देश की राजधानी दिल्ली को मानसून के दीदार के लिए जुलाई के पहले हफ्ते तक का इंतजार करना पड़ सकता है, जो आमतौर पर 27 जून के आसपास यहां दस्तक दे देता है।

एक तरफ जहां देश के कई हिस्सों में मानसून और प्री-मानसून की वजह से मौसम का मिजाज बदला है, वहीं पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की गई है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्यों के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसके चलते वहां के कई जिलों में तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। इसके साथ ही दक्षिण भारत के राज्यों जैसे केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना में भी अगले दो दिनों के भीतर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

आठ राज्यों में अब भी भीषण गर्मी का प्रकोप

इसके विपरीत, देश के करीब आठ राज्यों में अभी भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जहां प्री-मानसून एक्टिविटी होने के बावजूद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है। उत्तर प्रदेश का बांदा शहर 44.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जबकि प्रयागराज, खजुराहो और ब्रह्मपुरी जैसे शहरों में भी पारा 42 से 43 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले दो दिनों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका गंभीर हीटवेव की चपेट में रहेगा, जबकि गुजरात, बिहार, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में मौसम सामान्य बना रहेगा।

कश्मीर की राजनीति में नया मोड़, इंजीनियर रशीद छोड़ेंगे सांसद पद

बोले- जनता की अदालत में होगा आखिरी फैसला

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से सांसद और जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने की इच्छा जताई है। उनका कहना है कि वह अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और जरूरतों पर प्रभावी ढंग से ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। हालांकि, उनकी पार्टी अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) ने इस मुद्दे पर अंतिम फैसला लेने से पहले जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं से राय लेने का निर्णय किया है।

एआईपी के मुख्य प्रवक्ता इनाम उन नबी द्वारा जारी बयान के अनुसार, पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति ने इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। समिति ने तय किया कि बारामूला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 18 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी पदाधिकारियों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से व्यापक परामर्श किया जाएगा। बयान में कहा गया कि इंजीनियर रशीद ने अपनी संसदीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में असमर्थता जताई है। इसी कारण उन्होंने सांसद पद छोड़ने की इच्छा व्यक्त की है। इस पर पार्टी ने दो दिवसीय परामर्श प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है, जिसमें यह राय ली जाएगी कि उन्हें सांसद बने रहना चाहिए या पद छोड़ देना चाहिए। पार्टी ने यह भी संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर कार्यकर्ताओं के बीच गुप्त मतदान (सीक्रेट बैलेट) कराया जा सकता है, ताकि सभी सदस्य बिना किसी दबाव के अपनी राय व्यक्त कर सकें।

हिमाचल में लोगों की औसत आयु में बढ़ोतरी पर शिशु मृत्यु दर चिंतनीय, एनएचएम, की रिपोर्ट ने चौंकाया

शिमला, एजेंसी। हिमाचल में लोग पहले की तुलना में अधिक लंबा जीवन जी रहे हैं। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के चलते प्रदेश में जन्म के समय औसत जीवन बढ़कर 74.1 वर्ष तक पहुंच गया है। पहले औसत जीवन 68 वर्ष था। हालांकि इसके साथ एक चिंताजनक तस्वीर भी सामने आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में हर एक हजार जन्म पर 14 शिशुओं की एक वर्ष से पहले ही मौत हो जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश की शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) एक हजार जन्म पर 14 दर्ज की गई है। वहीं नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) एक हजार पर 10 और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 17 प्रति हजार है। नवजात और शिशु मौतों के पीछे समय से पहले जन्म, कम वजन वाले बच्चों का जन्म, गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताएं तथा समय पर उपचार नहीं मिल पाना प्रमुख कारण हैं। जनजातीय और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की चुनौतियों के कारण यह समस्या अपेक्षाकृत अधिक गंभीर बनी हुई है।

अबू धाबी में सेंटर आवंटित छात्र ने नागपुर में दी परीक्षा

अहमदाबाद, एजेंसी। अहमदाबाद में रविवार को एक नीट-यूजी सेंटर के बाहर उस समय थोड़ी देर के लिए हंगामा हुआ, जब कुछ अभिभावकों ने तलाशी के दौरान 'कंठी' (पवित्र धागा) हटाए जाने पर आपत्ति जताई, जबकि हिजाब पहनी छात्राओं को अंदर जाने की अनुमति दी गई थी। यहां वस्त्रपुर इलाके में एक परीक्षा केंद्र के बाहर कथित तौर पर हंगामा करने वाले एक हिंदू संगठन के दो सदस्यों को थाने ले जाया गया और बाद में छोड़ दिया गया। इन दोनों लोगों को न तो हिरासत में लिया गया और न ही गिरफ्तार किया गया।सहायक पुलिस आयुक्त जयेश ब्रह्मभट्ट ने कहा कि नीट अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के परिधान संबंधी नियमों को लेकर हुई गलतफहमी की वजह से यह मामला हुआ। बताया जा रहा है कि परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने निर्धारित जांच प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों से

कंठी एवं कुछ अन्य चीजें हटाने को कहा। कुछ अभिभावकों ने इस बात पर आपत्ति जताई कि हिजाब पहनी छात्राओं को अंदर जाने दिया जा रहा है, जबकि हिंदू छात्रों को कंठी हटाने के लिए कहा जा रहा है। एआइएमआइएम और एक हिंदू संगठन के सदस्य परीक्षा केंद्र के बाहर जमा हो गए, जिससे कुछ देर के लिए तनाव बढ़ गया। पुलिस ने बीच-बचाव किया तथा दोनों समूहों एवं अभिभावकों को एनटीए के दिशा-निर्देशों के बारे में समझाया। राजस्थान के अजमेर में बुर्का पहनकर आई एक छात्रा कुलसुम बानो ने आरोप लगाया कि उसे परीक्षा केंद्र में घुसने नहीं दिया गया। हालांकि, एनटीए ने स्पष्ट किया कि छात्रा को सेंटर में प्रवेश करने दिया गया था। अबू धाबी में परीक्षा केंद्र आवंटित किए जाने से चर्चा में आया छात्र रविवार को नागपुर के एक सेंटर पर नीट-यूजी में शामिल हुआ। इससे एक दिन पहले खबर आई थी कि उसे संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया है। मामला सामने आने के बाद एनटीए ने शनिवार को छात्र को नागपुर का पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र के तौर पर आवंटित किया।

सपा का अगला मुख्यमंत्री चेहरा मुस्लिम हो, वरना 2027 में वोट नहीं : मौलाना रजवी

बरेली, एजेंसी। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे अपने पत्र पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुस्लिम आबादी लगभग 22 प्रतिशत है, इसलिए मुस्लिम समुदाय मुख्यमंत्री पद पर अपना दावा मजबूत मानता है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को मैंने एक पत्र लिखा है। उनके सामने 2027 विधानसभा चुनाव के सिलसिले में मैंने अपनी बात रखी हैं।' रजवी ने कहा, 'खासतौर पर मैंने उत्तर प्रदेश के मुसलमानों के जज्बाज को याद दिलाया है और बताया है कि 22 प्रतिशत मुसलमान उत्तर प्रदेश में हैं और 7 प्रतिशत यादव जाति के लोग हैं। सबसे बड़ी हिस्सेदारी या बहुमत मुसलमानों का है। उनके पिता मुलायम सिंह यादव को कई बार मुख्यमंत्री बनाया। खुद अखिलेश यादव को मुसलमानों ने मुख्यमंत्री बनाया। उनके भाई, चाचा, पत्नी और भतीजे में से किसी को विधानसभा तो किसी को लोकसभा में भेजना का काम मुसलमानों ने किया।' उन्होंने आगे कहा, 'इस तरह से पूरे यादव परिवार को मुसलमानों ने नवाजा। अखिलेश यादव के परिवार पर मुसलमानों का बहुत बड़ा एहसान है।

दिल्ली से नोएडा एयरपोर्ट जाने के लिए नया रूट... बनेगा नया 8 लेन एक्सप्रेसवे, सुगम होगा सफर

नोएडा, एजेंसी। दिल्ली बॉर्डर से यमुना नदी के किनारे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक अब सीधा, तेज और जाम-मुक्त रास्ता बनने जा रहा है। नोएडा डीएनडी फ्लाईवे

से शुरू होकर यमुना तटबंध के समांतर 8 लेन का एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनेगा, जो घरबरा (गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी) तक जाएगा और यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़कर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी पूरी करेगा।

सिंचाई विभाग की आपत्ति के बाद बदला प्लानपहले योजना यमुना तटबंध पर ही सड़क बनाने की थी, लेकिन उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने नहीं दी। विभाग की आपत्ति के बाद अब नया प्लान तैयार किया गया है। बांध पर सड़क बनाने के बजाय उसके समांतर (पैरेलल) एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। इसकी लंबाई करीब 35.1 किलोमीटर होगी।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इस परियोजना को करेगा। इसमें 8 लेन का नया एलिवेटेड स्ट्रक्चर बनेगा, जिसमें 2 लेन मौजूदा रोड से जुड़ेंगी। सोमवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण और अधिकारियों की बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया। शासन स्तर पर को पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

चिल्ला-मयूर विहार बनेगा बड़ा कनेक्टिविटी हब: महत्वपूर्ण परियोजनाएं, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेसवे अक्षरधाम क्षेत्र से गुजर रही हैं। इनकी लिंक लाइन मयूर विहार के रास्ते चिल्ला एलिवेटेड रोड से जुड़ेगी। डीएनडी फ्लाईवे अब तीन बड़े हाईवे का प्रमुख जंक्शन बनने जा रहा है।

दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेसवे: प्रस्तावित यमुना किनारे एलिवेटेड एक्सप्रेसवे (यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला) इसलिए इस परियोजना को अपने पास ले लिया है ताकि यातायात को सुगमता से यमुना एक्सप्रेसवे तक पहुंचाया जा सके। नोएडा-ग्रेटर नोएडा के निवासियों को एयरपोर्ट जाने में काफी समय बचेगा। फरीदाबाद, बदरपुर, पूर्वी दिल्ली और दक्षिण दिल्ली के लोगों को नोएडा शहर में घुसे बिना सीधा एयरपोर्ट पहुंचने का रास्ता मिलेगा। आगरा, मथुरा, कानपुर, लखनऊ, ग्वालियर, झांसी जाने वाले वाहन चालक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के जाम से बच सकेंगे। एलिवेटेड रोड पर ब्रेक लगाए बिना सीधा यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंच जाएंगे। नोएडा के ओखला बैराज से ग्रेटर नोएडा के घरबरा तक यमुना तटबंध पर ही सीधी सड़क बनाने की योजना थी। घरबरा से एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी जोड़नी थी, लेकिन सिंचाई विभाग की अनुमति न मिलने से योजना अटक गई थी। अब एलिवेटेड स्ट्रक्चर के साथ समस्या का समाधान हो गया है।

पहले ही इस रूट की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करा चुका है। परियोजना के पूरा होने के बाद दिल्ली-एनसीआर से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी काफी मजबूत हो जाएगी। यह एलिवेटेड एक्सप्रेसवे न सिर्फ यात्रा समय घटाएगा बल्कि क्षेत्रीय ट्रैफिक को भी व्यवस्थित करेगा।

पेड़ उखड़े, बिजली के खंभे टूटे, घरों को पहुंचा नुकसान... तमिलनाडु में बवंडर जैसे तूफान ने मचाई तबाही

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के तूतुकुड़ी जिले में शाम को अचानक आए एक भयानक और विनाशकारी तूफान ने भारी तबाही मचाई है। इस तूफान के कारण कई घर, बिजली के खंभे, एक टोल प्लाजा और एक प्राइवेट थीम पार्क पूरी तरह बर्बाद हो गए। सोशल मीडिया पर इस घटना के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें धूल और मलबे का एक बहुत बड़ा घूमता हुआ खंभा आसमान की तरफ उठता हुआ दिखाई दे रहा है। इसे देखकर लोग इसे 'बवंडर' कह रहे हैं, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों ने साफा किया है कि यह बवंडर नहीं, बल्कि बादलों की एक खास स्थिति के कारण उठी तेज हवाएं थीं।



कहां और कितना हुआ नुकसान?: बता दें कि यह तूफान तूतुकुड़ी शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर, तूतुकुड़ी-तिरुनेलवेली हाईवे पर स्थित वागाईकुलम और मुडिवैथनेन्दल गांवों में आया, जिसके चलते गांव में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगभग 200 घरों की छतें उड़ गईं, पेड़ जड़ से उखड़ गए और बिजली के खंभे टूट गए। लोगों के घरों का सामान हवा में उड़कर दूर जा गिरा।

थीम पार्क और टोल प्लाजा तबाह: इतना ही नहीं इस तूफान के चलते हाईवे पर स्थित एक प्राइवेट थीम पार्क के झूले और अन्य मशीनें टूट गईं। पास के टोल प्लाजा के कांच, कंप्यूटर और अन्य कीमती उपकरण भी बर्बाद हो गए। नुकसान की वजह से कुछ देर के लिए टोल टैक्स की वसूली रोकनी पड़ी और गाड़ियों को मुफ्त में निकाला गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस तूफान से कुल 5 से 6 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि इतनी भीषण तबाही के बाद भी राहत की बात यह रही कि किसी की जान नहीं गई। सिर्फ दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इसके अलावा गांव वालों ने यह भी बताया कि जब यह तूफान आया, तब मैदान में 9 बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। हवा इतनी तेज थी कि बच्चे जमीन से ऊपर उठने लगे। खुद को बचाने के लिए सभी बच्चों ने एक-दूसरे को कसकर पकड़ लिया और जमीन पर बैठ गए, जिससे उनकी जान बची।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

भूख की छाया में दुनिया, युद्ध, सूखा और घटती मदद से गहराया वैश्विक संकट

खाद्य एजेंसियों की चेतावनियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया के किसी हिस्से में कोई व्यक्ति भूखा सो जाता है, तो इसके लिए वे देश भी जिम्मेदार हैं जो मदद करने से हाथ खींच रहे हैं।युद्ध और संघर्ष से दुनिया के कई हिस्सों में भुखमरी का संकट गहराने लगा है। इस स्याह परिदृश्य के बीच संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसियों की चेतावनी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने आगाह किया है कि आने वाले महीनों में दुनिया के तेरह संकटग्रस्त क्षेत्रों में भीषण भुखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। करीब छब्बीस करोड़ से अधिक लोग पहले ही खाद्य संबंधी गंभीर असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।गौरतलब है कि खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने बीते बुधवार को अपनी साझा रिपोर्ट में कहा है कि जून से नवंबर 2026 के बीच स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। इससे समझा जा सकता है कि विश्व के सामने इस समय कितनी बड़ी चुनौती है। हालांकि विकास का दावा करने वाले देशों में भी स्थिति कोई अच्छी नहीं है। ऐसे में पिछड़े और युद्ध प्रभावित देशों में हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है।खाद्य एजेंसियों की रिपोर्ट के मुताबिक सूडान, दक्षिणी सूडान, गाजा पट्टी और यमन सबसे अधिक संकट वाले क्षेत्र बने हुए हैं। इसी श्रेणी में सोमालिया और नाइजीरिया को भी शामिल किया गया है। वहीं अल-नीनो के प्रभाव के कारण कई क्षेत्रों में सूखे एवं बाढ़ से स्थिति और खराब हो सकती है।खाद्य एजेंसियों की चेतावनियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दुनिया के किसी हिस्से में कोई व्यक्ति भूखा सो जाता है, तो इसके लिए वे देश भी जिम्मेदार हैं जो मदद करने से हाथ खींच रहे हैं। मानवीय सहायता के लिए धन में कटौती किए जाने का इशारा खाद्य एजेंसियों ने भी किया है। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक जरूरतों में भारी वृद्धि के बावजूद खाद्य सहायता और इससे जुड़े कार्यक्रमों के लिए धनराशि वर्ष 2022 के बाद से करीब उनसठ फीसद घट गई है।ऐसे में सवाल है कि बड़े देश सहायता से पीछे हटकर दुनिया की कैसी तस्वीर देखना चाहते हैं? यह दुखद है कि कई देशों में बदहाली को खत्म करने में विश्व असहाय है। हालांकि इस नाउम्मीदी के बीच अमेरिका ने अस्सी करोड़ डॉलर देने का संकल्प जता कर उम्मीद जगाई है। मगर भुखमरी के खिलाफ लड़ाई कब तक चलेगी, कोई नहीं जानता।

सुरक्षित नहीं बचपन, अस्पतालों तक पहुंचा बाल तस्करी का संगठित कारोबार

सवाल है कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कानून के बावजूद इससे जुड़े गिरोह आसानी से बच्चों का अपहरण कर उनकी खरीद-फरोख्त कैसे करते हैं? इसमें दोराय नहीं कि यह पुलिस व्यवस्था और निगरानी तंत्र की लापरवाही और कर्तव्य में कोताही का ही नतीजा है।सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में बाल तस्करी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इसका जाल देश के भीतर ही नहीं, बल्कि सीमा पार तक फैला हुआ है। विभिन्न राज्यों में सक्रिय गिरोह छोटे बच्चों से लेकर नवजात शिशुओं का अपहरण करते हैं और बाद में उनकी खरीद-फरोख्त की जाती है। हैरत इस बात की है कि इन आपराधिक गतिविधियों में ऐसे लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जो लोगों का जीवन बचाने के पेशे से जुड़े हुए हैं।दिल्ली में गुरुवार को बाल तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश होना बड़ी सांठगांठ की ओर इशारा करता है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह में एक चिकित्सक एवं अस्पताल का मालिक भी शामिल है, जो निःसंतान दंपतियों में से संभावित खरीदारों की पहचान करता था। अगर देश की राजधानी के किसी अस्पताल में ही इस तरह की आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है, तो दूसरे शहरों में कानून-व्यवस्था की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।सवाल है कि मानव तस्करी के खिलाफ सख्त कानून के बावजूद इससे जुड़े गिरोह आसानी से बच्चों का अपहरण कर उनकी खरीद-फरोख्त कैसे करते हैं? इसमें दोराय नहीं कि यह पुलिस व्यवस्था और निगरानी तंत्र की लापरवाही और कर्तव्य में कोताही का ही नतीजा है। दिल्ली पुलिस ने बाल तस्करी में जिन तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वे काफी समय से विभिन्न राज्यों में सक्रिय थे। वे बच्चों का अपहरण कर उन्हें दिल्ली लाते थे और यहां एक निजी अस्पताल में उन्हें रखा जाता था। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पिछले डेढ़ साल में तीस से अधिक बच्चों को बेच चुका है।

विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, कार्यालयों, उद्योगों और सामाजिक संस्थाओं में योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने की पहल हो। परिवारों में योग, ध्यान और सकारात्मक संवाद की संस्कृति विकसित हो। यदि व्यक्ति स्वस्थ होगा तो परिवार स्वस्थ होगा, परिवार स्वस्थ होगा तो समाज स्वस्थ होगा और समाज स्वस्थ होगा तो राष्ट्र एवं विश्व भी स्वस्थ और शांतिपूर्ण बन सकेगा।

योग है दुनिया के लिए भारत का शाश्वत अवदान

(ललित गर्ग)

योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल रोगों से मुक्ति नहीं देता, बल्कि जीवन को दिशा देता है। पातंजलि ने योग को चित्तवृत्ति निरोध कहा है। अर्थात् मन की चंचलता और विकारों पर नियंत्रण। जब मन नियंत्रित होता है, तब व्यक्ति में निर्णय क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास होता है। आज जब पूरी दुनिया युद्धों, आतंकवाद, हिंसा, मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और नई-नई बीमारियों की चुनौतियों से घिरी हुई है, तब मानवता एक ऐसे मार्ग की तलाश में है जो केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को भी संतुलित कर सके। ऐसे संक्रमणकाल में योग केवल एक व्यायाम पद्धति या स्वास्थ्य विज्ञान नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा का प्रकाश-स्तंभ बनकर उभरा है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज केवल भारत का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का उत्सव बन गया है। भारत अनादिकाल से योग की भूमि रहा है। इस भूमि के कण-कण में ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और योगियों की साधना की सुगंध समाई हुई है। वैदिक ऋषियों से लेकर भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, श्री अरविन्द, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ तक, सभी ने योग को जीवन के उत्कर्ष और मानव कल्याण का आधार माना। योग ने भारत की आध्यात्मिक चेतना को ही नहीं गढ़ा, बल्कि विश्व को यह संदेश भी दिया कि मनुष्य का वास्तविक विकास भीतर से प्रारंभ होता है। आज विश्व जिस दिशा में बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, आतंकवाद की घटनाएं, साम्प्रदायिक तनाव और हथियारों की बढ़ती होड़ मानव सभ्यता को भय और असुरक्षा की ओर धकेल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं, लेकिन इनके साथ विनाश की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे समय में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। योग मनुष्य को भीतर से शांत, संतुलित और संवेदनशील बनाता है। जब व्यक्ति के भीतर शांति होगी, तभी समाज और राष्ट्र में शांति का वातावरण निर्मित होगा। योग का मूल अर्थ ही है-जोड़ना। यह मनुष्य को मनुष्य से, आत्मा को परमात्मा से, व्यक्ति को समाज से और मानवता को सम्पूर्ण सृष्टि से जोड़ता है। योग विभाजन नहीं, एकता का दर्शन है। इसलिए वह हिंसा, घृणा, आतंक और संघर्ष का स्वाभाविक प्रतिरोधक है। जो व्यक्ति योग के माध्यम से अपने भीतर करुणा, प्रेम और अहिंसा का विकास करता है, वह किसी के प्रति द्वेष नहीं रख सकता। यही कारण है कि महात्मा गांधी की अहिंसा और भगवान महावीर का जीव-दया का संदेश भी योग की व्यापक चेतना से जुड़ा हुआ दिखाई देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे दौड़ रहा है, लेकिन भीतर से खाली और अशांत होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में योग एक समग्र चिकित्सा-पद्धति के रूप में सामने आया है। योग शरीर, मन और भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित आसन, प्राणायाम और ध्यान व्यक्ति की प्रतिरक्षा शक्ति को बढ़ाते हैं, तनाव को कम करते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी दुनिया ने अनुभव किया कि स्वस्थ जीवनशैली और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्वपूर्ण है। उस समय योग, प्राणायाम और ध्यान ने करोड़ों लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं कि योग अनेक बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सहायक माध्यम है। यह दवाओं का विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल रोगों से मुक्ति नहीं देता, बल्कि जीवन को दिशा देता है। पातंजलि ने योग को चित्तवृत्ति निरोध कहा है। अर्थात् मन की चंचलता और विकारों पर नियंत्रण। जब मन नियंत्रित होता है, तब व्यक्ति में निर्णय क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास होता है। आज की पीढ़ी, जो तनाव, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल व्यसनों के बीच जी रही है, उसके लिए योग मानसिक संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। योग का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसका नैतिक और मानवीय आयाम भी है। यम और नियम जैसे सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, संयम और संतोष की शिक्षा देते हैं। यदि इन मूल्यों को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में अपनाया जाए, तो हिंसा, भ्रष्टाचार, अपराध और सामाजिक विद्वेष जैसी समस्याओं में स्वाभाविक कमी आ सकती है। इसलिए योग केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक पुनर्निर्माण का भी अभियान है। भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक शक्ति और विश्वसनीयता का बड़ा प्रमाण है। आज दुनिया के लगभग सभी देशों में योग का अभ्यास किया जा रहा है। यह केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक विजय है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग के साथ-साथ भारतीय अहिंसा, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, मिलेट्स आधारित भारतीय खानपान और वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को भी विश्व मंच पर स्थापित करने का प्रयास किया है। यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत केवल आर्थिक या सैन्य शक्ति बनने का सपना नहीं देखता, बल्कि मानवता को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाने की क्षमता भी रखता है। यही विश्वगुरु भारत की अवधारणा का मूल है।

भारतीय आयुर्वेद और योग का संबंध भी अत्यंत गहरा है। आयुर्वेद शरीर की चिकित्सा करता है, जबकि योग मन और चेतना को संतुलित करता है। दोनों मिलकर स्वस्थ जीवन की संपूर्ण व्यवस्था प्रस्तुत करते हैं। आज जब दुनिया रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों और जीवनशैली जनित रोगों से चिंतित है, तब योग और आयुर्वेद एक वैकल्पिक नहीं, बल्कि पूरक एवं स्थायी समाधान के रूप में उभर रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि योग ने हर युग में एक मौन क्रांति को जन्म दिया है। इसने राजाओं को ऋषि बनाया, योद्धाओं को संत बनाया और सामान्य मनुष्यों को असाधारण व्यक्तित्व प्रदान किए। स्वामी विवेकानन्द ने योग के माध्यम से भारतीय अध्यात्म को विश्व के सामने रखा। महात्मा गांधी ने कर्मयोग और अहिंसा के बल पर एक साम्राज्य को चुनौती दी। श्री अरविन्द ने योग को मानव चेतना के विकास का साधन बनाया। यह सब योग की परिवर्तनकारी शक्ति के उदाहरण हैं।

हर तीसरा बच्चा विकास से पीछे, कुपोषण का कुचक्र तोड़ने की सबसे बड़ी चुनौती

(सुनिधि मिश्रा)

भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर चल रहा है, लेकिन जिस देश में दुनिया की सबसे बड़ी कुपोषित आबादी बसती हो, वहां यह संकल्प किस आधार पर खड़ा होगा? केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-छह के आंकड़े देश में बाल-पोषण की जो तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, वह एक साथ कुछ उत्साह और अधिक चिंता का विषय है। यह सर्वेक्षण देश के सैकड़ों जिलों में लाखों परिवारों के बीच कराया गया। इसके निष्कर्ष बताते हैं कि जिन मोर्चों पर सरकारी योजनाओं ने प्रगति दिखाई है, उन्हीं के समांतर पोषण-सूचकांकों की एक परेशान करने वाली तस्वीर भी सामने है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में अवरुद्ध विकास अर्थात कद छोटा रहने की दर में पिछले सर्वेक्षण की तुलना में कुछ गिरावट अवश्य आई है, लेकिन इसका सीधा अर्थ यह है कि देश का हर तीसरा बच्चा अपनी उम्र के अनुसार समुचित ऊंचाई नहीं पा सका है। तीव्र कुपोषण अर्थात कद के अनुपात में कम वजन की स्थिति और भी विकट है। राष्ट्रीय स्तर पर पांच में से एक बच्चा इस अवस्था से पीड़ित है और कुछ राज्यों में तो यह हर चौथे बच्चे तक पहुंच गया है। कम वजन वाले बच्चों की संख्या में भी वास्तविक सुधार नहीं हुआ है। राष्ट्रीय औसत लगभग वहीं ठहरा हुआ है, जहां पिछले सर्वेक्षण में था। तीव्र कुपोषण की यह अवस्था बच्चे की तात्कालिक दुर्दशा का संकेत है, यानी वह इस समय भूखा है, बीमार है और उसके शरीर की मांग के अनुसार उसे भोजन नहीं मिल रहा। एक पहलू जो विशेष रूप से सोचने को विवश करता है, वह है एनीमिया से संबंधित आंकड़ों की अनुपस्थिति। पिछले सर्वेक्षण ने जब बताया था कि पांच वर्ष से कम आयु के दो-तिहाई से अधिक बच्चे और आधी से अधिक महिलाएं रक्ताल्पता की शिकार हैं, तो वे आंकड़े न केवल चौंकाने वाले थे, बल्कि 'एनीमिया मुक्त भारत अभियान' जैसी महत्त्वाकांक्षी सरकारी योजना की जमीनी विफलता को भी उजागर करते थे। सर्वेक्षण में इन संकेतकों को सूची से ही बाहर कर दिया गया है। किसी भी लोकतंत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य के आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं। जब वे आंकड़े ही गायब हो जाएं, तो नीति किस आधार पर बनेगी और जनता किस आधार पर जवाब मांगेगी? यह प्रश्न अनुत्तरित नहीं रहना चाहिए। शिशु पोषण के क्षेत्र में स्तनपान और पूरक आहार की स्थिति भी गंभीर चिंता पैदा करती है। कुछ ही वर्षों में छह माह तक स्तनपान की दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जो माताएं पहले अपने शिशुओं को पर्याप्त समय तक स्तनपान कराती थीं, उनकी संख्या तेजी से घट रही है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि छह से तेईस माह के केवल बारह फीसद बच्चों को ही न्यूनतम स्वीकार्य आहार मिल पा रहा है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 6130

2	3				7			1
1	8		5	3		4		
	4	6						
	5				8			2
	6			2			9	
9			3					
						8	2	
		3		5	9		4	7
5			7				3	9

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 6129

6	4	7	1	9	3	2	8	5
9	5	2	6	8	7	1	4	3
3	1	8	2	4	5	9	6	7
4	3	6	5	2	9	7	1	8
5	8	9	7	1	6	3	2	4
2	7	1	4	3	8	5	9	6
8	2	5	3	6	1	4	7	9
7	9	4	8	5	2	6	3	1
1	6	3	9	7	4	8	5	2

आज का राशिफल

मेष

आज भाग्य का मिलेगा पूरा साथ। इस समय आपका दैनिक धन प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण हो जाएगा। आपके खर्चों में किए गए छोटे-छोटे सुधार आगे चलकर आपकी आर्थिक स्थिति को स्थिरता प्रदान करेंगे। अपनी रोजमर्रा की वित्तीय जिम्मेदारियों को नजरअंदाज करने से बचें। कार्यक्षेत्र में आज काम का बोझ थोड़ा बढ़ सकता है।

वृष

आज धन लाभ के योग बन रहे । आपकी बचत, संपत्ति और वित्तीय योजनाओं की ओर आपका ध्यान खींचेगा। आप अपनी आर्थिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए प्रेरित महसूस कर सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ने के बाद भी आपको जल्दबाजी में धन खर्च करने से बचना चाहिए। आपको बजट बनाने और अपने खर्चों की बारीकी से समीक्षा करने में मदद मिलेगी।

मिथुन

आज पद-प्रतिष्ठा में होगी वृद्धि। आर्थिक मामले आज महत्वपूर्ण हो सकते हैं। संयुक्त संसाधनों को लेकर की गई चर्चाएं सकारात्मक परिणाम दे सकती हैं। धन के लेन-देन में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें। आपके साझेदारियों वाले क्षेत्र सक्रिय हो जाएंगे।

तुला

आज आपके कुछ छिपे हुए खर्चे सामने आ सकते हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी होगा। यह समय अपने पुराने वित्तीय वादों की समीक्षा करने के लिए बहुत अच्छा है। आपको किसी भी तरह के जोखिम भरे निर्णयों से पूरी तरह दूर रहना चाहिए। आपको उन अवसरों को पहचानने में मदद करेंगे जो दूसरों की नजरों से चूक जाते हैं।

वृश्चिक

आज कार्यों में सावधानी बरतनी होगी ष आप अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं को लेकर अधिक सतर्क हो जाएंगे। अपने निवेश का मूल्यांकन करने के लिए यह एक बहुत ही अनुकूल समय है। आज आपको अपनी खर्च करने की आदतों में थोड़ा सुधार करना चाहिए। आपके द्वारा लिए गए व्यावहारिक निर्णय आपको भविष्य में लंबे समय तक लाभ पहुंचा सकते हैं।

धनु

आज आर्थिक स्थिति में होगा सुधार। आपके आर्थिक विकास को लगातार सहयोग दे रहे हैं। आपको अपने मित्रों और पेशेवर नेटवर्क के माध्यम से कुछ अच्छे लाभ मिल सकते हैं। अपने दूर के लक्ष्यों पर चर्चा करने के लिए आज का दिन बहुत अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में टीम के साथ मिलकर काम करना आज आपकी सफलता का मुख्य आधार बनेगा।

कर्क

आज सोच-समझकर लें आर्थिक निर्णय।आपके रचनात्मक कार्यों या कुछ नए अवसरों की ओर आपका ध्यान जा सकता है, लेकिन इस समय सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। आपको केवल अपनी अच्छी तरह से जांची गई योजनाओं पर ही धन लगाना चाहिए। आपकी पुरानी योजनाएं अभी भी आपके पक्ष में काम कर रही हैं।

सिंह

साझेदारी के कार्यों में रखें पारदर्शिता।परिवार से जुड़े कुछ खर्चे आपके सामने आ सकते हैं। संपत्ति या घर से जुड़े आर्थिक मामलों पर विचार करना फायदेमंद रहेगा, बशर्ते आप पूरी समझदारी से आगे बढ़ें। किसी भी बड़े फैसले में जल्दबाजी करने से बचें। कार्यक्षेत्र और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने के लिए आज आपको थोड़े अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता हो सकती है।

कन्या

आज मेहनत से प्राप्त होगी सफलता। आपकी आर्थिक चर्चाएं, बातचीत और समझौते आपकी अच्छी संवाद शैली के कारण सफल हो सकते हैं। किसी भी जगह धन लगाने या कोई वादा करने से पहले पूरी जानकारी जुटाना आपके हित में रहेगा।

मकर

आज मित्रों के सहयोग से होगा लाभ। आपके संयुक्त धन, टैक्स या साझे निवेश से जुड़े मामलों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भावनाओं में बहकर कोई भी आर्थिक निर्णय लेने से बचें। सभी दस्तावेजों और विवरणों की बारीकी से जांच करना आपको भविष्य की दिक्कतों से बचा सकता है। आपके पेशेवर मामले थोड़े धीमे लेकिन निरंतर रूप से आगे बढ़ेंगे।

कुंभ

आज करियर में मिलेगी सफलता।आपके आर्थिक मामलों पर बेहतर नियंत्रण प्रदान कर सकता है। आपको आय के नए अवसरों को तलाशने की प्रेरणा मिल सकती है। हालांकि, आपको किसी भी तरह के अनावश्यक जोखिम उठाने से बचना चाहिए। इस समय छोटे लाभ के बजाय लंबी अवधि के निवेश पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपका दृढ़ संकल्प काफी बढ़ जाएगा।

मीन

आज मान-प्रतिष्ठा की बढ़ेगी चाह। आज आपके आर्थिक मामले सीधे तौर पर आपके करियर से जुड़े रहेंगे और समाज में आपकी प्रतिष्ठा धीरे-धीरे बेहतर होगी। बड़े खर्चों को करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। आपकी सही योजनाएं आपके आर्थिक संतुलन को बनाए रखने में मददगार साबित होंगी।

वर्ग पहेली 6130

1	2		■	3	4		5
6		■	7			■	
8				■	9	10	■
11		■	12	13			14
■	■	15			■	16	
17			■	■	18		■
	■	19		■		■	20
21			■	22			

संकेत: बाएं से दाएं

1. चौथे ओलंपिक खेलों को 31 अक्टूबर को यहां समापन हुआ (3)
3. इस देश के प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद का 31 अक्टूबर 2003 को 22 वर्ष लंबे शासन का अंत हुआ (4)
6. बात, वचन, शब्द (2)
7. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
8. डांटना, घुडकना (4)
9. ईश्वर, देवता, भगवान, प्रभु (2)
11. दक्ष प्रजापति की पुत्री जो कामदेव का ब्याही थी (2)
12. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला, बहिरभिमुखी (5)
15. कस्तूरी, पाशबंधन, कस्तूरिका (2)
17. मध्यप्रदेश का एक अंचल (2)
18. स्वतंत्र, आजाद, बरी (2)
19. धूल, धूलिपुंज, गुबार, वातकेतु (2)
21. नालायक बेटा, असत्पुत्र, कुपुत्र (3)
22. अंदाजन, अंदाज से, अनकरीब (4)

ऊपर से नीचे

1. यह श्रीगणेश का एक नाम है, विनायक (4)
2. गिरोह का मुखिया, दलनायक (4)
3. आनंद, भोगलिप्सा, मनोरंजन (2)
4. आदान प्रदान, परस्परता, महाजनी (4)
5. एक पात्रीय भूमिका वाली विश्व की एकमात्र भारतीय फिल्म (1964)(2)
7. अंगूठे से तीसरी उंगली उपकनिष्ठिका (4)
10. वसाहीन, रूखा, शुष्क (4)
13. अधर, रदपट, ओंठ, होंठ (2)
14. किसी को हानि पहुचाऐं बिना उस जैसा बनने की भावा (उर्दू)(2)
15. नया आया हुआ, आंगतुक, नई भर्ती (4)
17. प्रेमपात्र, प्रियतक, प्रिय (3)
18. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य-अभिनेता (निधन 4 सितंबर 2000) (3)
20. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)

वर्ग पहेली 6129 का हल

द्वि	टे	न	■	भा	र	त	■
गे	सू	■	रा	ई	■	त	■
ड	■	ह	ज	म	■	वा	दा
■	द	मा	■	हा	थ	र	स
■	■	म	हा	वी	र	■	कै
अ	सि	■	द	र	■	क	पि
■	फ	र	सा	■	आ	ह	ट
सू	र	त	■	■	■	ना	ल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

बड़े मंच का बड़ा खिलाड़ी ! दबाव बढ़ते ही और खतरनाक हो जाते हैं 'बेबी बॉस'

दांबुला, एजेंसी। क्रिकेट में प्रतिभाएं आती-जाती रहती हैं, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो बहुत कम उम्र में ही यह संकेत दे देते हैं कि वे साधारण नहीं हैं। भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी भी अब उसी श्रेणी में आते दिखाई दे रहे हैं। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने बार-बार साबित किया है कि बड़े मुकाबलों का दबाव उन्हें डराता नहीं, बल्कि और अधिक खतरनाक बना देता है।

वैभव ने फाइनल में दिखाया दम

हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के दौरान वैभव पहली बार अपने खेल से ज्यादा खराब प्रदर्शन और एक विवाद की वजह से चर्चा में आए। फाइनल से पहले तक उनका बल्ला नहीं बोला था। वह 30-40 के स्कोर पर आउट हो रहे थे। इसके बाद मैदान पर श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ हुई कहासुनी ने उनकी मानसिकता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए। कुछ लोगों ने इसे उनकी अपरिपक्वता बताया तो कुछ ने अंदाजा लगाया कि इसका असर उनके प्रदर्शन पर पड़ सकता है, लेकिन वैभव ने जवाब शब्दों से नहीं, बल्ले से दिया।

फाइनल में बल्ले से दिया जवाब

त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में वैभव ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। पहले ही ओवर में मोहम्मद शिराज की गेंद पर शानदार चौका लगाकर उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए। इसके बाद जो हुआ, वह किसी तूफान से कम नहीं था। वैभव ने सिर्फ 29 गेंदों में 94 रन ठोक डाले। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और मैदान के हर कोने में शॉट लगाए। उनकी स्ट्राइक रेट 324.14 रही, जो किसी भी स्तर के क्रिकेट में असाधारण मानी जाती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि उन्होंने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर लिया। यह ऐसी पारी थी जिसने मैच का रुख बदल दिया और फाइनल को लगभग एकतरफा बना दिया। वैभव जब बल्लेबाजी कर रहे थे, तब एक वक्त तो भारत का प्रोजेक्टेड स्कोर 950 तक पहुंच गया था।

बड़े मैचों में अलग रूप दिखाते हैं

इस पारी को सिर्फ एक विस्फोटक पारी कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि वैभव के पिछले एक साल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो एक पैटर्न साफ दिखाई देता है, जब मुकाबला बड़ा होता है, तब उनका बल्ला और ज्यादा खतरनाक हो जाता है। अंडर-19 विश्व कप में उनका अभियान बहुत शानदार नहीं रहा था, लेकिन फाइनल में उन्होंने 80 गेंदों पर 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर भारत को खिताब दिलाया। यह प्रदर्शन बताता है कि दबाव की घड़ी में उनका आत्मविश्वास कम नहीं होता, बल्कि बढ़ जाता है।

आईपीएल में भी छोड़ी अमिट छाप

इसके बाद आईपीएल 2026 आया और वैभव ने दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा का एक और नमूना पेश किया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर में उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन बनाकर राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाई। फिर क्वालिफायर-2 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 47 गेंदों पर 96 रन बनाए। हालांकि राजस्थान वह मुकाबला हार गई, लेकिन वैभव की पारी लंबे समय तक चर्चा का विषय बनी रही। इन दोनों पारियों ने दिखा दिया कि वह सिर्फ युवा प्रतिभा नहीं, बल्कि मैच का रुख बदलने वाले खिलाड़ी हैं।

प्रेशर इज अ प्रिविलेज' को जी रहे हैं

आईपीएल 2026 के दौरान विराट कोहली ने कहा था, 'प्रेशर इज अ प्रिविलेज' यानी दबाव एक विशेषाधिकार है। इसका मतलब यह है कि दबाव उन्हीं खिलाड़ियों पर होता है जिनसे लोगों को उम्मीदें होती हैं। 15 साल की उम्र में वैभव सूर्यवंशी पर भी करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की नजरें हैं। हर बार जब वह बल्लेबाजी करने उतरते हैं तो उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की जाती है। इतनी कम उम्र में यह अपेक्षाएं किसी भी खिलाड़ी पर भारी पड़ सकती हैं, लेकिन वैभव अब तक इन उम्मीदों के बोझ तले दबे नहीं हैं। बल्कि उनके प्रदर्शन बताते हैं कि वह इस दबाव का आनंद लेते हैं और बड़े मंच पर खुद को साबित करने का अवसर मानते हैं।

भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सितारा

वैभव सूर्यवंशी अभी अपने करियर की शुरुआती सीढ़ियां ही चढ़ रहे हैं। उन्हें तकनीक, स्वभाव और निरंतरता के मामले में अभी बहुत कुछ सीखना है। लेकिन एक गुण जो उनमें अभी से दिखाई देता है, वह है बड़े मौकों पर निडर होकर खेलने की क्षमता।शायद यही वजह है कि क्रिकेट विशेषज्ञ उन्हें भारतीय क्रिकेट का अगला बड़ा सुपरस्टार मानने लगे हैं। अगर उनका यह रवैया और प्रदर्शन जारी रहा तो आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट को एक ऐसा खिलाड़ी मिल सकता है, जो दबाव में टूटता नहीं, बल्कि और चमकता है।

बेन स्टोक्स 95 रन बनाने के बाद मैच से हो गए बाहर

क्या इंग्लैंड की टीम में होगी वापसी?

नई दिल्ली। बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन को रविवार (21 जून) को काउंटी चैंपियनशिप के मैचों से बाहर करा दिया गया। ऐसा इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के निर्देश पर किया गया। इससे संकेत मिलते हैं कि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड के लिए खेलने के लिए दोनों उपलब्ध रहेंगे। खासकर तब जब न्यूजीलैंड ने ओवल टेस्ट 253 रनों से नाम करके 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को नाइट कर्फ्यू तोड़ने और लंदन के एक नाइट क्लब में हुई लड़ाई की जांच के लिए दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन दोनों को घरेलू क्रिकेट खेलने की इजाजत दी गई थी। इसमें स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हुए मैचों के पहले दो दिन डरहम के लिए और एटकिंसन सरे के लिए खेले।

नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ 95 रन- 35 साल के स्टोक्स ने शनिवार को नॉर्थम्पटनशायर के खिलाफ 95 रन बनाए, जो पिछले जुलाई में भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक के बाद किसी भी क्रिकेट में उनका सबसे बड़ा स्कोर था। एटकिंसन ने ग्लेमोर्गन में सरे के लिए पहली पारी में चार विकेट लिए। दोनों खिलाड़ियों को तीसरे दिन से पहले प्लेइंग 11 से बाहर कर दिया गया। तीसरा टेस्ट गुरुवार (25 जून) से ट्रेंटब्रिज में होगा।

वैभव-तिलक का बल्ले से कमाल

यश-विप्रज का गेंदबाजी में जलवा, इंडिया ए ने जीती वनडे ट्राई सीरीज

नई दिल्ली। श्रीलंका में इंडिया ए, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए के बीच खेली गई वनडे ट्राई सीरीज का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। 378 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ए की टीम 47.1 ओवर में 311 रन बनाकर सिमट गई। भारतीय टीम ने 66 रन से फाइनल मुकाबला जीता और ट्राई सीरीज पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने श्रीलंका ए को हराकर खिताब जीता। फाइनल मैच में भारत के लिए बल्ले से वैभव सूर्यवंशी ने 29 गेंद पर 94 और कप्तान तिलक वर्मा ने 66 रनों की पारियां खेलीं। उसके बाद गेंदबाजी में यश ठाकुर और विप्रज निगम ने कमाल किया। इस मुकाबले में श्रीलंका ए ने टॉस जीता और इंडिया ए को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

अनुकूल रॉय की आतिशी बल्लेबाजी

कप्तान तिलक वर्मा ने इस सीरीज के पांचवें मैच में अपना चौथा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया और टीम का स्कोर 50 ओवर में 9 विकेट पर 377 तक पहुंचाने की नींव रखी।

भारत की हार से निराश हैं कप्तान हरमनप्रीत, बोलीं-

दुर्भाग्य से हम कुछ मौके नहीं भुना सके

मैनचेस्टर, एजेंसी। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 18वें मैच में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस हार के बाद फील्डिंग में चूके मौकों पर अफसोस जताया है। हालांकि, अभी भारत के पास लीग स्टेज में दो मैच शेष हैं। ऐसे में कप्तान ने सकारात्मक बने रहने पर जोर दिया है।

भारत की फिल्डिंग नहीं रही अच्छी

158/7 के स्कोर का बचाव करते हुए भारत की फील्डिंग अच्छी नहीं रही। ताजमिन ब्रिट्ज का कैच 18 रन पर छूटा, जबकि मारिजाने को सब्स्टिट्यूट फील्डर राधा यादव ने 25 और 65 रन पर दो बार जीवनदान दिया। इन दोनों खिलाड़ियों ने भारत की फील्ड प्लेसमेंट का बखूबी फायदा उठाया और आसानी से बाउंड्री लगाईं। मारिजाने ने 81 रन पर नाबाद रहते हुए साउथ अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई।

मौके नहीं भुना सके

मैच गंवाने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें बीच में कुछ मौके मिले, लेकिन दुर्भाग्य से हम उन्हें भुना नहीं सके। हालांकि, मुझे अभी भी लगता है कि हमारे दो मैच शेष हैं, और यही समय है सकारात्मक रहने और उन मुकाबलों के बारे में सोचने का। हम हमेशा बात करते हैं कि इस स्तर पर मौकों को भुनाना कितना जरूरी है, लेकिन दुर्भाग्य से किस्मत हमारे साथ नहीं थी।'

भारत के दो मैच बाकी

भारतीय टीम 25 जून को बांग्लादेश को चुनौती देगी, जिसके बाद 28 जून को उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय कप्तान ने कहा, 'अभी भी हमारे दो मैच शेष हैं। अब उन मुकाबलों के बारे में सोचने का समय है। अगले मैच के लिए हमारे पास अभी भी दो-तीन दिन हैं। हम बैठकर सोचेंगे कि क्या करना है और उसी हिसाब से अपनी प्लेइंग इलेवन चुनेंगे।'

श्री चरणी-शेफाली की तारीफ

इस मैच में श्री चरणी ने चार ओवरों में 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जबकि शेफाली वर्मा ने चार ओवरों में 22 रन देकर एक विकेट निकाला। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दोनों खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि श्री चरणी और शेफाली ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। वे चुनौतियां पैदा कर रही थीं, लेकिन दुर्भाग्य से बाकी गेंदबाजों ने उनका साथ नहीं दिया।'

मारिजाने की मैच जिताऊ पारी

हरमनप्रीत ने मारिजाने की मैच जिताऊ नाबाद 81 रन की पारी की अहमियत को मानते हुए कहा, 'वह शानदार खेलीं। उन्होंने हमसे मैच छीन लिया, लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दो अहम मौके भी दिए, जिनका हम फायदा नहीं उठा सके। मुझे लगता है कि इस स्तर पर जब आप ऐसे मौके गंवाते हैं, तो कोई भी आपको आसानी से कुछ नहीं देता।

स्पिनर्स को लेकर बोलीं कप्तान

स्पिनर्स के ज्यादा इस्तेमाल पर हरमनप्रीत ने कहा, 'जब हम गेंदबाजी कर रहे थे, तो गेंद थोड़ी टर्न हो रही थी। अगर आप अपने फिंगर स्पिनर्स का सही इस्तेमाल करते हैं, तो मुझे लगता है कि शेफाली और श्री चरणी ने बहुत अच्छा काम किया। दूसरे स्पिनर्स को भी सोचना होगा कि हमें कैसे गेंदबाजी करनी है, खासकर ऐसी पिचों पर।'

रेड कार्ड के बावजूद बेल्जियम ने बचाया एक अंक, ईरान से खेला ड्रॉ

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी में बेल्जियम और ईरान के बीच खेला गया मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ। लॉस एंजिलिस स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन कोई भी गोल नहीं कर सकी। बेल्जियम को 66वें मिनट में बड़ा झटका लगा, जब नाथन नगोय को रेड कार्ड दिखाया गया और टीम को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इसके बावजूद ईरान भी बढ़त हासिल नहीं कर सका और दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा।

बेल्जियम का दबदबा, लेकिन गोल नहीं

मैच में बेल्जियम ने अधिक समय तक गेंद अपने कब्जे में रखी और लगातार ईरानी गोल पर हमला बोला। लंबे समय बाद शुरुआती एकादश में लौटे रोमेलू लुकाकू से टीम को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बेल्जियम की तमाम कोशिशें ईरान के गोलकीपर अलीरेजा बेइरानवंद के सामने बेअसर साबित हुईं।

ईरान ने भी बनाए मौके

रक्षात्मक रणनीति के साथ उतरी ईरानी टीम ने जवाबी हमलों में बेल्जियम को परेशान किया। पहले हाफ में मेहदी तारेमी ने शानदार मूव पर गेंद को गोल में पहुंचा दिया था, लेकिन ऑफसाइड होने के कारण गोल रद्द कर दिया गया। कप्तान तारेमी और हुसैन कनानी ने भी बेल्जियम की रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया।

रेड कार्ड ने बदला मैच का रुख

मुकाबले का सबसे बड़ा मोड़ 66वें मिनट में आया, जब बेल्जियम के डिफेंडर नाथन नगोय को सीधे रेड कार्ड दिखाया गया। तारेमी को गोल की ओर बढ़ने से रोकने के प्रयास में किए गए फाउल के कारण रेफरी ने उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। इसके बाद बेल्जियम को शेष मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

अतिरिक्त खिलाड़ी का फायदा नहीं उठा सका ईरान

एक खिलाड़ी अधिक होने के बावजूद ईरान निर्णायक गोल करने में नाकाम रहा। वहीं बेल्जियम ने भी शानदार संघर्ष दिखाते हुए मैच को बराबरी पर खत्म किया। दोनों गोलकीपरों ने कई महत्वपूर्ण बचाव कर अपनी-अपनी टीमों को हार से बचाया।

ग्रुप-जी में बढ़ा रोमांच

दो मैचों के बाद ईरान और बेल्जियम दोनों के दो-दो अंक हैं। बेहतर टाईब्रेक के आधार पर ईरान शीर्ष स्थान पर है, जबकि बेल्जियम दूसरे नंबर पर बना हुआ है। न्यूजीलैंड और मिस्र के पास भी नॉकआउट में पहुंचने का मौका बरकरार है, जिससे ग्रुप-जी की तस्वीर बेहद रोचक हो गई है।

लक्ष्य करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई, महिलाओं में तन्वी संभालेंगी जिम्मेदारी

फुलरटन, एजेंसी। अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरती हुई स्टार तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। इस प्रतियोगिता के एकल में कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी अपना भाग्य आजमाएंगे जिनमें पुरुष वर्ग में किदाम्बी श्रीकांत भी शामिल हैं। महिला वर्ग में कुल सात भारतीय खिलाड़ी एकल में चुनौती पेश करेंगे।

सेन को दी गई दूसरी वरीयता

विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सेन को दूसरी वरीयता दी गई है और पहले दौर में उनका मुकाबला बेल्जियम के जूलियन कैरागी से होगा। इस महीने की शुरुआत में इंडोनेशिया ओपन में पहले दौर में बाहर होने के बाद लक्ष्य वापसी करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। श्रीकांत पुरुष एकल में अपना पहला मैच चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू के खिलाफ खेलेंगे।भारत के एक अन्य खिलाड़ी सानीथ दयानंद जापान के चौथी वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन ने भी मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है और उनका मुकाबला क्वालिफायर से होगा। महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा और छठी वरीयता प्राप्त देविका सिहाग अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। वे विश्व रैंकिंग में क्रमशः 32वें और 34वें स्थान पर हैं। 17 वर्षीय तन्वी जर्मनी की यवोन ली के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगी, जबकि देविका का सामना पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो सालाजार से होगा।विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर काबिज अनमोल खरब पहले दौर में बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। रक्षिता श्री एस का सामना पहले दौर में क्वालिफायर से होगा। अगर वह आगे बढ़ती हैं, तो अगले दौर में उन्हें कनाडा की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिशेल ली का सामना करना पड़ सकता है।

वैभव सूर्यवंशी का आलोचकों पर पलटवार, फाइनल के बाद कही यह बात

'मैं 50 ओवर बहुत खेल चुका हूं, लोगों को नहीं मालूम'

नई दिल्ली। इंडिया ए ने श्रीलंका ए को फाइनल में हराकर वनडे ट्राई नेशन ए सीरीज का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में 29 गेंद पर 94 रन की पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच बने वैभव सूर्यवंशी ने मैच के बाद अपने आलोचकों पर निशाना साधा है। आईपीएल 2026 में 776 रन बनाने के बाद वनडे फॉर्मेट में वैभव की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। पहले चार मैच में उन्होंने सिर्फ 117 रन बनाए थे और वह आलोचनाओं का शिकार हो रहे थे।

क्या बोले वैभव सूर्यवंशी?

प्रेजेंटेशन सेरेमनी में जब वैभव सूर्यवंशी से पूछा गया कि उन्होंने टी20 ज्यादा खेला है और बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन 50 ओवर फॉर्मेट कम खेला है, तो यहां इस सीरीज से क्या सीखा? इस पर वैभव ने हंसते हुए कहा, 'सीखने को काफी कुछ मिला लेकिन मैं 50 ओवर काफी खेल चुका हूं, पता नहीं लोगों को नहीं मालूम लगता, लेकिन हां अलग कंडीशन थीं, अलग पिच थीं अच्छा लगा खेलने में मजा आया, अच्छी रही सीरीज।'

कई लोगों ने यह कहना शुरू कर दिया था कि वैभव अभी भी टी20 मोड से बाहर नहीं आए हैं। फिर फाइनल मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने अपने टी20 अंदाज से ही वनडे मुकाबले में श्रीलंका ए को बैकफुट पर ला दिया। फाइनल मुकाबले में वैभव की पारी के दम पर भारतीय टीम ने 377 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसकी नींव पहले 10 ओवर में ही रखी जा चुकी थी।

5 मैच, 218 गेंद, 530 रन

वैभव सूर्यवंशी बने नॉकआउट मुकाबलों के बादशाह, 2026 में अब तक जमकर मचाया तूफान

नई दिल्ली। वैभव सूर्यवंशी ने जब से आईपीएल 2025 में कदम रखा था, उसके बाद से हर समय क्रिकेट फील्ड पर चर्चा सिर्फ इस युवा बल्लेबाज की ही है। साल 2025 में सबसे ज्यादा गूगल सर्च किए जाने वाला यह भारतीय क्रिकेटर साल 2026 में और ज्यादा बुलंदियों पर चढ़ता नजर आ रहा है। अब वह दिन भी नजदीक है जब वैभव को भारतीय क्रिकेट टीम में देखा जाएगा। मगर साल 2026 के रिकैप की बात करें तो वैभव ने हर बड़े मौके पर अपने बल्ले का लोहा मनवाया है। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 776 रन बनाकर तो सुर्खियां बटोरी ही हैं, लेकिन साल की शुरुआत में अंडर 19 वर्ल्ड कप 2026 में भी यह खिलाड़ी अव्वल था। सेमीफाइनल में अर्धशतकीय पारी और फिर फाइनल में 175 रन बनाकर वैभव ने कमाल कर दिया था। उसके बाद आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर और क्वालिफायर 2 में भी वैभव ने 90-90 रन से ज्यादा की पारियां खेली थीं। अब इंडिया ए के लिए वनडे ट्राई सीरीज के फाइनल में वैभव का बल्ला बोला है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

25 जून तक विद्यालय रहेंगे बंद

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। जिला दंडाधिकारी एवं समाहर्ता अभिलाषा शर्मा ने औरंगाबाद जिला में भीषण गर्मी एवं लू को देखते हुए एवं बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुये जिले के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों को 22 से 25 जून तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि औरंगाबाद जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है एवं भीषण लू बह रही है जिससे बच्चों के जीवन एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला दंडाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत औरंगाबाद जिले के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों (प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों, कोचिंग संस्थानों सहित)में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक पूर्वाह्न 11 बजे के बाद सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

49 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटेंगे राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। आगामी 30 जून को राँची में आयोजित होनेवाले लोक समिति के 49 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के प्रख्यात चिंतकों एवं विचारकों के जुटने की संभावना है जिसमें अपने जिला औरंगाबाद से भी दर्जनों चिंतक एवं विचारक जायेंगे जो अपनी उपस्थिति से सम्मेलन की गरिमा बढ़ायेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुये जेपी सेनानी एवं औरंगाबाद जिला लोक समिति के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव एवं लोक समिति के संयोजक सह लोक अभियोजक अजेय कुमार संतोष ने बताया कि लोक समिति जैसी संस्थाओं के कार्यक्रमों एवं सम्मेलन में जाना एवं चिंतकों एवं विचारकों को सुनना काफी आनंददायक होता है।

सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का उद्घाटन आज

औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ एवं तीर्थ स्थल सत्यचंडी धाम रायपुरा के प्रांगण में सत्यचंडी धाम आद्रा मेला का शुभारंभ आज शुभ मुहूर्त में भव्यता एवं दिव्यता के साथ भक्तिमय वातावरण में किया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष अमरेश सिंह एवं मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्यचंडी धाम रायपुरा में आद्रा मेला का शुभारंभ प्रांतीय स्तर के अतिथियों के सान्निध्य में किया जाएगा। सुबह सवेरे माता सत्यचंडी एवं अन्य देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना होगी तत्पश्चात उद्घाटन सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।विदित हो कि बटाने के पावन संगम तट पर अवस्थित आद्रा मेला में औरंगाबाद जिला ही नहीं बिहार प्रांत के बाहर के लोग भी दर्शन पूजा करने आते हैं। प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित सत्यचंडी धाम मेला में बच्चों, महिलाओं एवं श्रद्धालु भक्तों के लिए सभी तरह की सुविधा एवं मनोरंजन के साधन उपलब्ध होते हैं।

मुहर्रम जुलूस : सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

डीजे और हथियारों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष मुहर्रम पर्व 26 जून 2026 को मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर परंपरागत रूप से ताजिया एवं जुलूस निकाले जाएंगे, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिले में शांति, कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा वीडियोग्राफी, बैरिकेडिंग और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि ताजिया एवं मुहर्रम जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही निकाले जाएंगे। बिना प्रशासनिक अनुमति किसी भी प्रकार का मार्ग परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आयोजकों को जुलूस का मार्ग, ताजिया की ऊंचाई एवं समय की जानकारी पूर्व में संबंधित थाना को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि मुहर्रम जुलूस में डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित हथियारों का प्रदर्शन, भड़काऊ नारे, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले गीत तथा आपत्तिजनक गतिविधियों पर पूरी तरह रोक रहेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही किया जा सकेगा तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया, फेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य इंटरनेट माध्यमों पर अफवाह फैलाने अथवा सांप्रदायिक विद्वेष उत्पन्न करने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे असामाजिक तत्वों की लगातार निगरानी की जाएगी और उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जिला पुलिस, एसटीएफ एवं सीएपीएफ द्वारा विशेष क्षेत्र प्रभुत्व अभियान चलाया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम, एंबुलेंस और जीवनरक्षक दवाओं की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजकों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ मुहर्रम पर्व संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से ओबरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मोहर्रम के जुलूस एवं अन्य आयोजनों में डीजे बजाने तथा किसी भी प्रकार के हथियारों का प्रदर्शन या लहराना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी परिस्थिति में कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने प्रशासन को शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।

मुहर्रम को लेकर मुख्य सचिव सख्त, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मुहर्रम पर्व-2026 को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं प्रशासनिक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि मुहर्रम के दौरान शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। जुलूसों का संचालन पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही कराया जाए तथा किसी भी प्रकार का मार्ग परिवर्तन बिना प्रशासनिक अनुमति के नहीं होने दिया जाए। बैठक में संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने, जुलूस मार्गों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकतानुसार वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, फेसबुक एवं अन्य डिजिटल माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों और भड़काऊ सामग्री पर कड़ी निगरानी रखने तथा दोषियों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया।

इसके अलावा स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस, नियंत्रण कक्ष तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्व के दौरान आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने, आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने का निर्देश दिया।

डीएम ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सात निश्चय–3 के तहत 'सबका सम्मान–जीवन आसान' पहल के अंतर्गत सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें डीएम के समक्ष रखीं। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स, मानदेय भुगतान, अनुग्रह अनुदान समेत जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों के आवेदन प्राप्त हुए।

जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल अग्रसारित किया और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से मामलों की नियमित समीक्षा कर आम नागरिकों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की शिकायत को गंभीरता से सुनना और उसका समय पर समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिल सके।

शादी के एक माह बाद दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर थाना क्षेत्र के मखरा (डीह) गांव में दहेज प्रताड़ना से तंग आकर एक नवविवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया है। मृतका की पहचान रूबी कुमारी (23 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मखरा (डीह) निवासी विकास कुमार की पत्नी थीं। उनकी शादी करीब एक माह पूर्व हसपुरा थाना क्षेत्र के बुधन बिगहा गांव से हुई थी। अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर रूबी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका कहना है कि इसी मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि मामले में परिजनों की ओर से लिखित आवेदन का इंतजार किया जा रहा है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आरोपों की जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

लापता अधेड़ का सोनतटीय इलाके में मिला शव

दाउदनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। पिछले तीन - चार दिनों से लापता एक 56 वर्षीय व्यक्ति का शव दाउदनगर के सोनतटीय इलाके के काली घाट के पास से बरामद किया गया है। मृतक की पहचान शहर के वार्ड संख्या एक के अमृत बिगहा निवासी 56 वर्षीय डोमा सिंह के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि पुलिस को रात्रि में सूचना मिली कि काली घाट सूर्य मंदिर से उत्तर-पश्चिम एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर सुदीश कुमार एवं अभिषेक कुमार दलबल के साथ पहुँच गये। मृतक की पहचान हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है।

श्रद्धांजलि सभा : सामाजिक समरसता के प्रतीक थे पूर्व मंत्री रामविलास सिंह, शिक्षा के क्षेत्र में संत पदारथ सिंह का योगदान अविस्मरणीय

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

विरासत बचाओ संघर्ष परिषद के तत्वावधान में शहर के हसौली स्थित संगम रिसॉर्ट में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता रामविलास सिंह यादव तथा ओबरा के पूर्व विधायक संत पदारथ सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने की, जबकि संचालन राधे प्रसाद ने किया। सभा की शुरुआत दोनों दिवंगत नेताओं के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर जिला पार्षद शंकर यादव, अनिल यादव, पूर्व जिला पार्षद मनोरमा पासवान, हसौली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, राजद के वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश यादव, उदय उज्जवल, संजय यादव, युवा नेता संतोष यादव, संजीत यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व जिला पार्षद मनोरमा पासवान ने कहा कि पूर्व मंत्री रामविलास सिंह यादव ने अपने कार्यकाल में विकास को नई दिशा दी और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य किया। वहीं पूर्व विधायक संत पदारथ सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देते हुए ओबरा विधानसभा समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना कराई, जिससे गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अवसर मिला। उन्होंने जिला परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री रामविलास सिंह यादव की प्रतिमा दानी बिगहा स्थित व्यवसायिक सह बस स्टैंड परिसर में स्थापित की जानी चाहिए और इस विषय पर किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। राजद के वरिष्ठ नेता डॉ. रमेश यादव ने कहा कि रामविलास सिंह यादव ने शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और भूमि सुधार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। परिषद के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि वे जीवनभर समाजवादी विचारधारा के प्रति समर्पित रहे। जिला पार्षद शंकर यादव ने औरंगाबाद जिला एवं दाउदनगर अनुमंडल की स्थापना में पूर्व मंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। जिला पार्षद अनिल यादव ने कहा कि उन्होंने वंचित समाज में राजनीतिक चेतना जगाने का कार्य किया। मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव ने कहा कि रामविलास बाबू के बिना बिहार की राजनीति की कल्पना अधूरी थी तथा उनकी प्रतिमा का अब तक स्थापित नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए विधिक सेवा प्राधिकार सदैव तत्पर : तान्या

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की 'जागृति योजना-2025' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, संरक्षण एवं कल्याण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण के प्रति जागरूकता फैलाना, उनकी गरिमा की रक्षा करना तथा उन्हें उनके कानूनी अधिकारों और न्याय तक पहुंच संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था।

इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार सिंह, उपमुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनंदन कुमार तथा सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रतिनिधियों ने वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न कानूनी एवं सामाजिक अधिकारों की जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत संतान के लिए अपने माता-पिता की देखभाल करना कानूनी दायित्व है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को कर में छूट, यात्रा में रियायत, स्वास्थ्य बीमा सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्राप्त है। वरिष्ठ अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों के संवाहक हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से परिवार एवं समाज को सही दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, आर्थिक असुरक्षा और भावनात्मक अकेलेपन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनके समाधान के लिए समाज और परिवार दोनों की जिम्मेदारी है।

उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना ने पकड़ी रफ्तार

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। वर्षों से लंबित उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना अब तेजी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व, सतत समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के कारण परियोजना ने वर्तमान कार्य सत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इससे क्षेत्र के किसानों में परियोजना के शीघ्र पूरा होने की उम्मीद भी बढ़ी है। सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा में बताया गया कि पिछले छह माह के दौरान नहर की कंक्रीट लाइनिंग का लगभग 73 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में जहां केवल 22.5 किलोमीटर नहर की लाइनिंग हो सकी थी, वहीं वर्तमान कार्य सत्र में ही लगभग 57 किलोमीटर लाइनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। कुल 77.7 किलोमीटर के निर्धारित लक्ष्य में अब केवल सीमित कार्य शेष बचा है। इसके अलावा प्रस्तावित 163 संरचनाओं में से 70 संरचनाओं का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

भीषण गर्मी से राहत के लिए सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए प्याऊ, लोगों को मिलेगा शीतल पेयजल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू (हीट वेव) को देखते हुए आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सभी नगर निकायों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर प्याऊ (पेयजल केंद्र) की व्यवस्था की गई है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर नगर परिषद एवं नगर पंचायतों ने बस स्टैंड, बाजार, प्रमुख चौक-चौराहों, सरकारी कार्यालयों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इन प्याऊ केंद्रों के माध्यम से राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों तथा अन्य नागरिकों को गर्मी से राहत मिल रही है।

जिला प्रशासन ने कहा कि भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना अत्यंत आवश्यक है। प्याऊ केंद्रों की यह व्यवस्था लोगों को निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) एवं लू के दुष्प्रभाव से बचाने में सहायक होगी। नगर निकायों को निर्देश दिया गया है कि सभी प्याऊ केंद्रों पर नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा उनकी लगातार निगरानी भी करते रहें, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें, हल्के एवं सूती वस्त्र पहनें तथा लू के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लें। प्रशासन ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जिससे लोगों को सुरक्षित वातावरण में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

खरांटी प्रीमियर लीग : रोमांचक मुकाबले में अमरपुरा बनी चैंपियन, मनोरा उपविजेता

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा प्रखंड के खरांटी खेल मैदान में खरांटी प्रीमियर लीग के तत्वावधान में आयोजित रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को रोमांचक माहौल में खेला गया। फाइनल में अमरपुरा की टीम ने मनोरा को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन बभंडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया सुदर्शन सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी सहजानंद कुमार 'डिक्कू' एवं वार्ड प्रतिनिधि धनंजय उर्फ चुसन पांडेय ने किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आपसी भाईचारे की भावना विकसित करता है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर मंच उपलब्ध कराते हैं और समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहनी चाहिए। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मनोरा की टीम ने निर्धारित चार ओवर में 62 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमरपुरा की टीम ने तीन विकेट खोकर 3.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और टूर्नामेंट की विजेता बन गई। वहीं मनोरा की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में आयोजन समिति की ओर से विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला न्यायाधीश ने इन्टर्नशिप के छात्रों के बीच बांटे प्रमाणपत्र, कहा

लॉ के छात्र जितना पढ़ेंगे, उतना आगे बढ़ेंगे

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजीव रंजन कुमार ने सोमवार को विभिन्न विधि महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप पूर्ण होने पर प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विधि के क्षेत्र में सफलता का सबसे बड़ा आधार निरंतर अध्ययन है। उन्होंने कहा कि लॉ के छात्र-छात्राएँ जितना पढ़ेंगे, उतना आगे बढ़ेंगे। पढ़ाई ही इस क्षेत्र का सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने कहा कि गहन अध्ययन और मेहनत के बल पर विद्यार्थी न्यायिक पदाधिकारी, सफल अधिवक्ता अथवा विभिन्न कंपनियों में विधि सलाहकार के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने बताया कि प्राधिकार की ओर से समय-समय पर विधि के छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप का अवसर उपलब्ध कराया जाता है। इसके तहत उन्हें अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में न्यायालय की कार्यप्रणाली, मध्यस्थता प्रक्रिया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित विभिन्न विधिक सेवाओं एवं गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी दी जाती है, ताकि भविष्य में उन्हें इसका लाभ मिल सके। इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद जिन छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, उनमें अंजली कुमारी, अदिति योजना, आस्था सिंह, पीयूष रंजन एवं कार्तिक राज शामिल थे।

भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि, वक्ताओं ने उनके साहस और बलिदान को किया नमन

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, दाउदनगर के तत्वावधान में सोमवार को नगर परिषद रोड स्थित डॉ. बी.के. प्रसाद मेमोरियल कॉम्प्लेक्स में युवा शहीद भरत भूषण तिवारी के सम्मान में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष रवि पांडेय ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट का मौन रखकर शहीद भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी 20 वर्षीय भरत भूषण तिवारी ने अपने साहस, राष्ट्रप्रेम और बलिदान से समाज एवं देश के युवाओं के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका शौर्य और देशभक्ति सदैव युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। सभा में वक्ताओं ने शहीद के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और समाज उनके योगदान को कभी नहीं भूलेगा। इस अवसर पर मुन्ना दुबे, डॉ. पंकज मिश्रा, श्याम पाठक, धीरज पाठक, युवराज पांडेय, सोनू पाठक, उपेंद्र तिवारी, प्रेम पाठक, अधिवक्ता संतोष पाठक, चंदन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।